हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**ऑपरेशन सिंदूर : पहलगाम में 26 सुहागनों का सिंदूर पौंछने वाले आतंकियों का भारतीय सेना ने नामो-निशान धरती से मिटा दिया**

पहलगाम आतंकी हमले का बदला पूरा.....देश ने 'जो चाहा'...पीएम मोदी ने 'वैसा ही' कर दिखाया

*बहावलपुर में धमाके*

**मंगलवार रात 1.05 मिनट से 1.30 बजे तक... वे 25 मिनट**

1 लश्कर-जैश के आतंकियों के 9 ठिकाने तबाह, 4 ड्रोन, हैमर बमों व 24 स्कैल्प मिसाइलों का इस्तेमाल

2 1971 के युद्ध के बाद भारतीन सेना पाक में करीब 100 किमी भीतर तक घुसी

3 इन नौ ठिकानों में से 5 पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे

4 एनएसए डोभाल ने इस ऑपरेशन को लीड किया

# अब 'प्रहार'...होगा 'लगातार'

**सेना ने कहा-** आतंकी ठिकानों पर हमले होते रहेंगे। पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे ने कहा- पिक्चर अभी बाकी है यानी हमलों की यह श्रंखला चलने वाली है। 21 ठिकाने और नष्ट किए जाएंगे



मुरीदके आतंकी ठिकाने तबाह

### 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम के पीछे मकसद क्या?

- यह नाम पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया
- यह नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनको आतंकियों ने गहरा जख्म दिया
- ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग भी दो महिला सैन्य अफसरों से कराई। यह कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह हैं
- इससे दुनिया को यह संदेश दिया कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। आतंक सिर्फ आतंक होता है

**विदेश सचिव** विक्रम मिसरी ने कहा- हमने पाक पर हमला नहीं किया, हमने आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया। पाक ने जब इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो हम इनको न्याय के कठघरे में लाए

**आतंकियों ने** पहलगाम हमला सिर्फ दो मकसद से किया। पहला- जम्मू-कश्मीर की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को ठप करना। दूसरा- हिंदू-मुसलमानों को आपस में लड़ाना। लेकिन, भारत की एकता अटूट है




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीएम मोदी ने कहा-देश के लिए यह गर्व का पल



सीसीएस के अलावा पीएम मोदी ने कैबिनेट की बैठक भी की। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना भी की। मोदी ने कहा कि ये पूरे देश के लिए गर्व के पल हैं। कैबिनेट बैठक में पीएम ने तीनों सेनाओं के पराक्रम के प्रति अपना गहरा सम्मान प्रकट किया।

▶▶ पढ़ें पेज 07 व 08 भी

### राजनाथ सिंह ने किया हनुमान जी के सिद्धांत का जिक्र

**हमने सिर्फ उन्हें मारा, जिन्होंने मासूमों को मारा**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि हमारी सेना ने हनुमान जी के सिद्धांतों का पालन करते हुए सिर्फ उन्हें टारगेट किया, जिन्होंने भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया था। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें ठीक समय पर तय योजना के अनुसार, सटीकता से ध्वस्त किए। किसी भी नागरिक ठिकाने, सिविलियन पॉपुलेशन को जरा भी प्रभावित न होने देने की संवेदनशीलता भी हमारी सेना ने दिखाई है।

## भारत की बेटी से कहा था...जाओ मोदी को बता देना....कहने वाले आतंकियों की बर्बादी की दास्तां भी बेटियों ने ही सुनाई

**नई दिल्ली।** बीते 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी और जब एक बेटी ने कहा कि मुझे भी मार दो तो उसे जवाब दिया जाओ मोदी को बता देना। इसके जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। इसकी पूरी कहानी भारत की दो बेटियों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मीडिया को बताई। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयरस्ट्राइक की जानकारी दी।



सोफिया कुरैशी



व्योमिका सिंह

## आतंकियों ये 9 ठिकाने तबाह

### मरकज़ सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर



अंतरराष्ट्रीय सीमा से 100 किमी दूर है। ये जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था। यहां पर रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग और इनडॉक्ट्रिनेशन सेंटर भी था। शीर्ष आतंकी अक्सर यहां आते थे।

### मरकज़ तैयबा मुरीदके, पाकिस्तान



ये अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी की दूरी पर है। 2008 के मुंबई हमले के आतंकी भी यहीं से प्रशिक्षित हुए थे। अजमल कसाब और डेविड हेडली भी यहां ट्रेंड हुए थे।

### महमूना जाया कैंप, सियालकोट



अंतरराष्ट्रीय सीम से 12-18 किमी दूर था। ये हिज्ब-उल-मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था। ये कठुआ जम्मू क्षेत्र में आतंक फैलाने का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट एयरबेस पर किया गया हमला भी इसी कैंप से प्लान और डायरेक्ट किया गया था।

### सरजल कैंप सियालकोट



अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी की दूरी पर है। सांबा कठवा के सामने। मार्च 2025 में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 4 जवानों की जो हत्या की गई थी उन आतंकवादियों को इसी जगह पर ट्रेंड किया गया था।

### अब्बास कैंप, कोटली



लश्कर-ए-तैयबा के फिदायीन यहां तैयार होते थे। इसकी कैपेसिटी 15 टेररिस्ट को ट्रेंड करने की थी।

### बरनाला कैंप, बिंबर



ये एलओसी से 9 किलोमीटर दूर है। यहां पर हथियार, हैंडलिंग, आईईडी और जंगल सर्वाइवल का प्रशिक्षण केंद्र था।

### गुलपुर कैंप, कोटली



ये एलओसी से 30 किमी दूर था। लश्कर-ए-तैयबा का बेस था जो राजौरी, पुंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ में और 9 जून 2024 को तीर्थयात्रियों के बस हमले में यहीं से आतंकियों को ट्रेंड किया गया था।

### सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद



यह जैश-ए-मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया एलओसी से 30 किमी दूर है। ये हथियार, विस्फोटक और जंगल सरवाइवल ट्रेनिंग का कैंप भी था।

### सवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद



ये पीओजेके के लाइन ऑफ कंट्रोल से 30 किमी दूर है। ये लश्कर-ए-तैयबा का एक ट्रेनिंग सेंटर था। 20 अक्टूबर 2024 सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 2024 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम, इन हमलों के आतंकियों ने यहीं से प्रशिक्षण लिया था।

## भारतीय जल, थल व वायु सेना ने गजब का समन्वय बनाकर जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंप उड़ा दिए, पाक में छाया मातम

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया-हमला क्यों किया?**

### भारत पर और हमले की तैयारी में थे आतंकी



ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई मंगलवार देर रात करने के पीछे एक वजह यह भी था कि भारत को इस बात की ठोस खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भारत के भीतर और हमले की तैयारी में हैं। यह जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को सुबह आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। मिसरी ने कहा कि भारत ने सुबह सीमा पार हमलों का जवाब देने, उनका प्रतिरोध करने व रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। यह नपी-तुली, अनुपातिक व जिम्मेदारीपूर्ण है। यह आतंक की इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने भारत में भेजे जाने वाले संभावित आतंकवादियों को अक्षम बनाने के लिए की गई है। हमारी खुफिया निगरानी ने यह संकेत दिया है कि भारत के विरुद्ध आगे भी हमले हो सकते हैं अतः इनको और उनसे निपटना बेहद आवश्यक समझा गया है।

### क्या है स्कैल्प क्रूज मिसाइल



भारत ने इस हमले में स्कैल्प क्रूज मिसाइल, हैमर बम का इस्तेमाल किया। स्कैल्प एक लॉन्ग-रेंज क्रूज मिसाइल है, जिसे भारत सरकार ने फ्रांस से राफेल डील के तहत खरीदा है। इस मिसाइल की रेंज 500 किमी से अधिक है। वजन करीब 1,300 किग्रा है। यह जमीन के ऊपर उड़ती हुई रडार से बचकर लक्ष्य को भेदती है। टारगेट पर सर्जिकल प्रिसिशन के साथ हमला करती है, यह इन्फ्रारेड और जीपीएस नेविगेशन पर काम करती है, जिससे लक्ष्यों को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। एक मिसाइल की अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 करोड़ रुपए है।

### क्या हैं हैमर बम



हैमर बम भी फ्रांस में ही बना है। इस बम को लड़ाकू विमानों से दागा जाता है। यह जीपीएस, इनर्शियल नेविगेशन और लेजर गाइडेंस से निशाना लगाता है। यह विध्वंसक बम 60 से 70 किमी तक की रेंज में सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। यह बम भूमिगत बंकरों और सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका वजन 125 किग्रा से 1000 किग्रा तक होता है। इस बम को चलती गाड़ियों, बंकर, बिल्डिंग्स जैसे टारगेट्स को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। कीमत की बात करें तो प्रति बम लगभग 3-5 करोड़ है।

### फूट-फूटकर रोया सरगना अजहर, कहा- मैं क्यों नहीं मर गया

**हमले में पूरा परिवार साफ...**

आतंकी मसूद अजहर ने बयान जारी कर बताया है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद चीफ मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया और कहा-मैं क्यों नहीं मर गया।



### इधर, पाक सेना की गोलीबारी में पुंछ में 10 नागरिकों की मौत

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना ने रातभर दर्जनों अग्रिम गांवों पर गोलाबारी की, जिसमें एक महिला और दो बच्चों समेत दस से अधिक लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए हैं। सभी सात मौतें पुंछ में हुई हैं, गोलीबारी में सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ ही हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने पुंछ, राजौरी और उरी में गोलीबारी की है। कृष्णा घाटी सेक्टर में तैनात जवान दिनेश शर्मा भी गोलाबारी में शहीद हो गए। वह पलवल के रहने वाले हैं। गोलीबारी में घरों को भी नुकसान पहुंचा है। कई वाहन जल गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के तंगधार में नागरिकों को निशाना बनाया है।



### पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भरी मांग

**हाजीपुर।** भारतीय सेना की पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पूरे देश में जश्न है। इस ऑपरेशन से लोकतंत्र की जन्मभूमि कहे जाने वाले बिहार के वैशाली जिले की कुछ महिलाओं का भी एक अनोखा व्रत पूरा हो गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मारे गए लोगों की विधवाओं के साथ न्याय न होने तक हाजीपुर शहर की इन महिलाओं ने अपने माथे पर सिंदूर न लगाने का संकल्प लिया था। इन्होंने 15 दिनों तक अपनी मांग में सिंदूर नहीं लगाया। मंगलवार आधी रात को जब भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक हुई, तो बुधवार सुबह 10 बजे हाजीपुर के गांधी आश्रम के मंच पर इन महिलाओं ने एक-दूसरे के माथे में सिंदूर भरकर अपना व्रत पूरा किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वह होता है**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों से निपटने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, पूरा देश गौरवान्वित है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने वाले-गलत निगाह दौड़ाने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वह दृश्य अपने सामने दिखाई दे रहा है जिसमें पीएम मोदी ने कहा था कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ ▶▶ शेष पेज 4 पर



## यह भी सुरक्षा और कूटनीतिक ऐहतियात....

### 200 से अधिक उड़ानें रद्द, 18 हवाईअड्डे अस्थायी रूप से बंद

सुरक्षा के चलते श्रीनगर, जम्मू सहित 18 एयरपोर्ट बंद कर दिए गए और 200 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हो गईं।



इसमें अकेले इंडिगो ने लगभग 166 फ्लाइट कैंसिल की हैं। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट से भी कई उड़ाने रद्द कर दी गई है। बंद एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से भी 35 से ज्यादा फ्लाइट्स (23 डिपार्चर, 8 अराइवल और 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स) रद्द कर दी गई हैं। स्पाइसजेट ने कहा कि इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी कई फ्लाइट्स कैंसिल की हैं और यात्रियों को फुल रिफंड या वैकल्पिक उड़ान का विकल्प देने की बात कही है। जबकि कतर एयरवेज ने पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के कारण पाकिस्तान के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी हैं।

### एनएसए डोभाल ने 8 देशों के समकक्षों से की बात

भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और यूएई जैसे आठ बड़े देशों से बात कर भारत के हमले की जानकारी दी। डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल से बातचीत कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। डोभाल ने सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल ऐबन से भी बातचीत की। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचएच शेख तहनून से भी फोन पर बातचीत कर डोभाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने यूएई की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी से भी संपर्क किया। डोभाल ने जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो से भी बातचीत की। भारत के एनएसए ने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सेर्गेई शोइगु से भी संपर्क साधा। अजीत डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से संपर्क किया। डोभाल ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बॉन से भी बात की।



### *पीएम मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित कर दी गई है। मोदी 13 से 17 मई तक क्रोएशिया, नॉर्वे और नीदरलैंड की यात्रा करने वाले थे। प्रधानमंत्री को नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नॉर्वे जाना था। संबंधित देशों को इस निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपना रूस दौरा भी स्थगित कर दिया था। प्रधानमंत्री 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल होने वाले थे।*


नेहरू नगर पुलिस लाइन में एक रिहर्सल के दौरान आग पर काबू पाते हुए फायर फाइटर्स।


नेहरू नगर पुलिस लाइन में हादसे के दौरान डमी को सीपीआर देने का अभ्यास करते हुए।


मॉल में आग लगने से घायल को अस्पताल ले जाते हुए।

### पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, सिविल डिफेंस सिस्टम की हुई टेस्टिंग

# आपातकाल में बचावः राजधानी के एक बड़े मॉल में फायर सेफ्टी की मॉकड्रिल

# नेहरू नगर पुलिस लाइन में फायर फाइटर्स ने घर में लगी आग पर पाया काबू

**समयः शाम 4 बजे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एक बड़े मॉल में अचानक पुलिस को आगजनी की सूचना मिली। देखते ही देखते भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड एंबूलेस सहित एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंच गए। वहीं तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। वहीं दर्जन भर से अधिक घायल लोगों को वहां से निकालकर नूतन कॉलेज स्थित अस्थाई अस्पताल में ले जाया गया।

दरअसल, यह किसी भी प्रकार के अटैक या आपात स्थिति से निपटने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित हुई मॉकड्रिल का एक हिस्सा रहा। इसमें पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड सहित अन्य विभागों का अमला मौके पर पहुंचा। इस दौरान तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लोगों को बताया गया कि हमले की स्थिति में लोगों को किस तरह से अपना बचाव करना है। भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अवधेश गोस्वामी सहित अन्य अफसर मौके पर पहुंचे और मॉल के अंदर सभी जगह घूमकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस के आधा सैकड़ा से अधिक जवान और एसडीआरफ और एनडीआरएफ के जवान रेस्क्यू में शमिल रहे।

**पुलिस कमिश्नर सहित आला अफसर मौके पर पहुंचे** | **विभिन्न एजेंसियों को मिलाकर करीब 100 लोग रेस्क्यू दल में रहे शामिल**

### आपात परिस्थितियों में लोगों को जागरूक करने की ड्रिल

पुलिस कमिश्नर भोपाल ने मौके पर बताया कि आपात परिस्थितियों में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर मॉकड्रिल आयोजित की गई। इसका उद्देश्य सुरक्षित माहौल निर्मित करना है। संकट की स्थिति में अलग अलग विभागों का कैसा समन्वय रहेगा , लोगों को तत्काल मदद किस प्रकार से पहुंचाई जाएगा इसका भी एक प्रजेंटेशन दिया गया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि यह मॉकड्रिल सिविल डिफेंस सिस्टम का एक हिस्सा है।

### एनडीआरएफ ने बताया बेसमेंट में कैसे रहें सुरक्षित

जब कभी किसी मॉल या अन्य बहुमंजिला इमारत में किसी प्रकार का अटेक होता है तो खुद को बेसमेंट में कैसे सुरक्षित करना है। एनडीआरएफ ने लोगों को जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि रहवासी इलाकों में किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति का अलर्ट मिलने पर लोग एक किट बनाकर रखे, जिसमें खाने का सामान, उनके वित्तीय दस्तावेज और अन्य रोजमर्रा की जरूरत का सामान हो जो चार से पांच दिन तक चलाया जा सके।

### मॉक ड्रिल के पूर्व पुलिस लाइन में बड़ी रिहर्सल

मॉकड्रिल के पूर्व नेहरू नगर पुलिस लाइन में एक रिहर्सल भी आयोजित की गई, जिसमें एक घर में आग लगने का दृश्य तैयार किया गया। फायर फाइटर्स ने तत्काल उस आग पर काबू पाया। वहीं रेस्क्यू अमले ने घायलों को वहां से निकालने और अस्पताल शिफ्ट करने का प्रदर्शन किया।




न्यू मार्केट में घायल को कंधे पर उठाकर ले जाता जवान।

### न्यू मार्केट में फंसे लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन

न्यू मार्केट में भी पुलिस और एनडीआरएफ सहित अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू आपरेशन चलाया। यहां पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग आपातकालीन स्थिति में फंस गए है और कुछ लोग घायल है। सूचना के आधार पर तत्काल रेस्क्यू अमला पहुंचा।



रंग महल के सामने से मार्केट में अंदर घुसकर आपदा में फसे लोगों को स्टेचर में लिटाकर बाहर निकाला और फिर वाहनों में शिफ्ट किया। इसके बाद उनको पुलिस लाइन नेहरू नगर स्थित रेस्क्यू सेंटर में जाकर छोड़ दिया।

# भेल परिसर में पिपलानी थाने के पीछे मिसाइल अटैक से एक बिल्डिंग में लगी आग, कई लोग हुए घायल

## भोपाल के भेल परिसर में पिपलानी थाने के पीछे की मॉकड्रिल

**समयः दोपहर 3:45**

बुधवार समय करीब दोपहर के करीब 3:45 बजे थे,भेल पिपलानी थाने के पीछे एक मिसाइल अटैक हुआ। इस हादसे में बिल्डिंग के कई लोग घायल हो गए और एक बिल्डिंग में आग लग गई। इसके बाद क्षेत्र में अचानक इमरजेंसी सायरन बचने लगा। हादसे के बाद इमरजेंसी सायरन बचने से अधिकारियों में हड़कंप मचा गया। प्रशासन को कंट्रोल रूम से अटैक से बिल्डिंग में आग लगने से कई लोग घायल होने की सूचना मिली थी। लोगों की मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सबसे पहले पुलिस और 108 एंबुलेश मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस नियंत्रण कक्ष से सूचना पहले पर प्रशासनिक अधिकारियों में गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव सहित संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही चिकित्सा विभाग मय एंबुलेंस, नगर निगम अग्निशमन, क्रेन, ट्रैफिक पुलिस, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा मित्र टीम के कर्मचारी भी तुरंत मौके पर पहुंच गए।

इधर अटैक से एक बिल्डिंग में आग लगने व कुछ लोगों के घायल होने को लेकर मॉकड्रिल में सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, आपदा मित्र टीम के जवानों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। घायल पड़े लोगों को एंबुलेंस की मदद से घायलों को बिल्डिंग से रेस्क्यू किया गया। इसके बाद उन्हें पिपलानी संजीवनी क्लिनिक, कस्तूरबा हॉस्पिटल, हताईखेड़ा अस्पताल पहुंचाया। फंसे लोगों को बाहर निकालकर जान बचाई गई। एंबुलेंस व फायर बिग्रेड की टीम ने तत्काल आग बुझाई। दरअसल भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच भेल के पिपलानी थाने के पीछे युद्ध से बचाव के लिए सिविल डिफेंस ने मॉक ड्रिल किया गया। यह मॉक ड्रिल करीब दो घंटे चला।



**मॉक ड्रिल केस 1**

### भीड़ हटाने के दो मिनट बाद हुआ मिसाइल अटैक, बची दो दर्जन लोगों की जान

भेल परिसर पिपलानी के पास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ थी। इस दौरान आपदा मित्र टीम में शामिल दिव्या अग्रवाल ने जागरूकता का परिचय देते हुए तत्काल भीड़ को वहां से हटाया। सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा। इसके दो मिनट बाद ही यहां पर एक मिसाइल अटैक हो गया। अगर दिव्या अग्रवाल ने जागरूकता का परिचय नहीं दिया होता, तो दर्जन लोगों की इस हादसे में मौत हो सकती थी या घायल हो सकते थे।



**मॉक ड्रिल केस 2**

### एक दर्जन घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहुंचाया अस्पताल

भोपाल के भेल परिसर में पिपलानी थाने के पीछे एक बिल्डिंग में मिसाइल अटैक से कई लोग घायल हो गए थे। यह लोग यहीं फंस गए थे। राज्य आपदा मित्र टीम में शामिल नवीन नामदेव को इस बात की सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने तत्काल 108 एंबुलेंस कंट्रोल को सूचना देने के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी व आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी को सूचना दी। इस दौरान 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।





### ट्रैफिक क्लीयर करवाकर एंबुलेंस को दिया रास्ता

मॉक ड्रिल में शामिल ट्रैफिक एएसआई नरेन्द्र चौधरी ने मिसाइल अटैक में घायल लोगों को इलाज के लिए रास्ता क्लीयर कराकर 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। साथ ही एक बिल्डिंग में लगी आग बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड को जाने के लिए रास्ता क्लियर कराया।



# स्वास्थ्य सेवाओं की मॉकड्रिलः दो घंटे में मरीजों के इलाज के लिए बनाया अस्पताल, घायलों का किया उपचार

**समयः शाम 4 बजे**

आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन में आकस्मिक चिकित्सा स्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की मॉकड्रिल की गई। सरोजिनी नायडू गर्ल्स कॉलेज में आयोजित मॉकड्रिल में 59 चिकित्सक, पांच से अधिक पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ शामिल हुए। पहली मॉकड्रिल शाम चार बजे की गई। व्यवस्थाओं की पुख्ता तैयारियों के मद्देनजर शाम सात बजे यहां पुनः मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान काल्पनिक एयर स्ट्राइक की स्थिति में घायल हुए मरीजों को यहां पर उपचार के लिए लाया गया। ब्लैकआउट के दौरान मरीजों को उपचार देने का अभ्यास भी किया। मॉकड्रिक के दौरान सिर्फ दो घंटे में मरीजों के इलाज के लिए अस्थाई अस्पताल बनाया गया। कॉलेज परिसर में बनाए गए अस्थाई अस्पताल में आकस्मिक चिकित्सा इकाई, इनडोर पेशेंट इकाई, आकस्मिक चिकित्सा उपकरण, क्रैश कार्ट, ऑक्सीजन सिलेंडर, इमरजेंसी मेडिसिन, ट्रायएज, लेबोरेट्री जांच की व्यवस्था की गई। मॉकड्रिल के दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी अर्चना शर्मा, एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस चंद्रकांत पांडेय सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नूतन कॉलेज में बनाए अस्पताल में ग्रीन, येलो, रेड और ब्लैक ट्रायएज बनाए



नूतन कॉलेज में बनाए गए अस्थाई अस्पताल में जिले के विभिन्न स्थानों पर हुई मॉकड्रिल के डमी मरीज रेफर होकर उपचार के लिए पहुंचे। कॉलेज परिसर में स्थापित अस्पताल में ग्रीन, येलो, रेड और ब्लैक ट्रायएज बनाए गए। ग्रीन ट्रायएज सामान्य आघात, येलो ट्रायएज में मध्यम गंभीर और रेड ट्रायएज में अति गंभीर मरीजों को शिफ्ट कर उपचार दिया गया।

### 10 एंबुलेंस ने संभाला मोर्चा

पांच स्थाना पर हुई मॉकड्रिल के दौरान 10 एंबुलेंस लगाई गई थी, जिसमें से पांच एमपी नगर स्थित मॉल, तीन कोकता बायपास और दो ईंट खेड़ी में तैनात की गई थी।

### तीन कैटेगरी में हुई मॉकड्रिल

राजधानी में पांच स्थानों पर हुई मॉकड्रिल को तीन कैटेगरी के आधार पर बांटा गया है, जिसमें कैटेगरी -1 में सबसे संवेदनशील जगहें शामिल है, कैटेगरी -2 में संवेदनशील जगहें है और कैटेगरी -3 में कम संवेदनशील जगहों को रखा गया है।

**मॉक ड्रिल में क्या-क्या शामिल**

- हमले का सायरन
- नागरिकों को ट्रेनिंग
- ब्लैक आउट एक्शन प्लान
- छिपने और जोखिम भरे क्षेत्र

### तैयारियों का किया मूल्यांकन

मॉकड्रिल में आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन किया गया। जिसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी को मिनिमम रिस्पांस टाइम में सुनिश्चित किया गया है। एंबुलेंस, ऑक्सीजन की आपूर्ति, मानव संसाधन लॉजिस्टिक, उपकरणों की क्रियाशीलता की परख की गई। विभाग 24 घंटे अलर्ट मोड पर है। आपातकालीन स्थिति होने पर जिले के अन्य स्थानों पर न्यूनतम समय में अस्थाई अस्पताल बनाए जा सकेंगे।

डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ

## मॉक ड्रिल में शामिल लोगों से की बातचीत

### रिहर्सल बहुत जरूरी

नूतन कॉलेज में अस्थाई अस्पताल पहुंचाने की रिहर्सल की गई।



अभाविप के माध्यम से 40 से अधिक छात्राएं मॉक ड्रिल में शामिल हुईं। घायलों की मदद की गई। इस प्रकार की रिहर्सल बहुत जरूरी है। इससे आमजन को आकस्मिक स्थिति में बचाव के तरीके पता चलते हैं।

**बबली शर्मा, छात्रा**

### एक बेहतर अभ्यास

पुलिस, स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर मॉक ड्रिल की थी। युद्ध में किसी को



चोट लगती है, तो कैसे रेस्क्यू करना है, अस्पताल पहुंचाना है। इसका एक बेहतर अभ्यास यहां पर किया गया। इस प्रकार के अभ्यास बड़ी घटना के दौरान लोगों को बचाने में बहुत काम आते हैं।

**अजीत त्रिपाठी, स्टाफ**

### बेहतर अनुभव रहा

आज अलग-अलग स्थानों में की गई मॉकड्रिल से लोगों को



यह अनुभव हुआ है कि युद्ध के दौरान किस प्रकार घायलों की मदद की जाती है और किन बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। यह बहुत ही बेहतर अनुभव रहा है।

**खुशी विश्वकर्मा, छात्रा**

### लोगों की मदद करनी है

मॉकड्रिल के दौरान मॉल से मरीजों



को लेकर एंबुलेंस नूतन कॉलेज में बनाए गए अस्थाई अस्पताल पहुंची। जहां घायलों का इलाज शुरू किया गया। इस दौरान किन बातों का हमें ध्यान रखना है और कैसे लोगों की मदद करनी है यह बताया गया।

**अंकिता द्विवेदी, छात्रा**

### रिहर्सल में बताया हमें क्या करना चाहिए



अस्थाई अस्पताल में रिहर्सल के दौरान बच्चों और छात्राओं को बताया गया है कि इमरजेंसी के समय कैंसे नागरिकों की सुरक्षा करें। अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को किस प्रकार जरूरत होती है और हमें क्या करना चाहिए।

**निशि शर्मा, प्रोफेसर, एनसीसी**

### बहुत ही अलग अनुभव

इस प्रकार की रिहर्सल से लोगों को आकस्मिक स्थिति का अनुभव मिलता है। मॉकड्रिल में घायलों की मदद, बचाव के तरीके सहित अन्य बातें देखने और सीखने को मिली। यह बहुत ही अलग अनुभव रहा है। इस प्रकार के आयोजन होना चाहिए।

**सुष्टि तिवारी, छात्रा**

### सभी को जागरूक किया

मॉकड्रिल के संबंध में ज़िला प्रशासन की आवश्यक सूचनाओं को न्यू मार्केट के प्रमुख व्यापारी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित कर सभी को जागरूक किया। नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं संस्थानों की सभी रोशनी बंद करें। सड़क पर चल रहे वाहन चालक भी वाहन रोककर हेडलाइट और बैकलाइट बंद रखें। नागरिकों से आग्रह किया कि मॉकड्रिल एक सामान्य पूर्वाभ्यास है। ताकि आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। इससे घबराने या किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**अजय देवनानी**, न्यूमार्केट व्यापार संरक्षण समिति (रजि)

### सीपी ने एडीसीपी और एसीपी को सौंपा था मॉक ड्रिल का जिम्मा

*पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी ने मॉकड्रिल को लेकर बुधवार सुबह डीसीपी सहित एडीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों की मीटिंग ली। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के आधार पर मॉनिटरिंग का जिम्मा अलग-अलग एसीपी को सौंपा। सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रशेखर पांडेय को नूतन कॉलेज में बनाए गए अस्थाई अस्पताल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनके साथ थाना प्रभारी अशोकागार्डन हेमंत श्रीवास्तव सहित पुलिस बल को लगाया गया।*

### आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल में क्रेडाई भोपाल की रही सक्रिय भागीदारी

राजधानी में आयोजित आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल में क्रेडाई भोपाल ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। मॉक ड्रिल के विभिन्न स्थलों पर चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशनों को ऑनलाइन लाइव देखा गया और संगठन के कार्यालयों व परियोजना स्थलों पर कार्यरत टीमों ने ब्लैकआउट अभ्यास में पूर्ण अनुशासन के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्रेडाई अध्यक्ष शेखर पटेल द्वारा दिए गए राष्ट्र सेवा के संकल्प और त्वरित निर्माण के लिए प्रस्तावित योजना का क्रेडाई भोपाल ने पूर्ण समर्थन किया है। हम इस राष्ट्रीय पहल में सहभागी बनते हुए यह आश्वस्त करते हैं कि आपातकालीन अवस्थाओं में देश की सहायता के लिए कमाल का भोपाल अपनी विशेषज्ञता, संसाधनों व कौशल बल के साथ तैयार हैं। भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि हमें गर्व है कि क्रेडाई जैसे संगठन सिर्फ निर्माण में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और संकट काल में सेवा के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।

भोपाल
गुरुवार, 8 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 12, अंक : 37
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 पंड्या और नेहरा पर लगा जुर्माना

विचार पेज
06 आतंक के आकाओं को सिखाया सबक






मलबे से लोगों को बचाने का किया अभ्यास

मप्र के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल

# ब्लैक आउट का सायरन, मॉल में आग बुझाने की एक्सरसाइज

• पुलिस, एयर फोर्स, एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ ने मिलकर रेस्क्यू सिखाया। टीम ने लोगों को बताया कि आगजनी या हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें और दूसरों की मदद भी करें।



जश्न का माहौल, ठाणे

शाम 4 बजे से शुरू हुई मॉक ड्रिल को अलग-अलग लेवल पर बांटा गया

शाम 7.30 बजे से 12 मिनट के लिए ब्लैक आउट भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल की गई। शाम 4 बजे से शुरू हुई मॉक ड्रिल को अलग-अलग लेवल पर बांटा गया।

शाम 7.30 बजे से 12 मिनट के लिए ब्लैक आउट भी हुआ। जबलपुर के एक-एक मॉल और इंदौर के डेंटल कॉलेज में आग लगने का सीन क्रिएट किया गया। पुलिस, एयर फोर्स, एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ ने मिलकर रेस्क्यू सिखाया।

टीम ने लोगों को बताया कि आगजनी या हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें और दूसरों की मदद भी करें। जबलपुर के मॉल में अचानक धुआं उठा। रेस्क्यू टीम तेजी से मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। इंदौर के मेडिकल कॉलेज में फंसे लोगों को रेस्क्यू किया गया।

### इंदौर डेंटल कॉलेज और रेसीडेंसी कोठी में बचाव कार्य

यहां पर एक बिल्डिंग में हमले की आशंका का सीन क्रिएट किया गया। लोगों को बाहर निकालकर रेसीडेंसी कोठी के बंकर में सुरक्षित पहुंचाया गया है। एक डेंटल कॉलेज में आगजनी के दौरान लोगों को रेस्क्यू करने और सुरक्षित जगहों व अस्पताल ले जाने का अभ्यास किया गया। महू में भी मॉक ड्रिल की गई। इंदौर में ब्लैक आउट से पहले पुलिस की गाड़ी अनाउंस करते हुए निकली और कई सिटी बसें आकर खड़ी हो गईं। 10 मिनट पहले ही सारी लाइट बंद हो गईं। सिर्फ गिने-चुने वाहन चलते रहे।



### जबलपुर बम गिराए



समदड़िया मॉल में प्रतीकात्मक तौर पर दो बम गिरे। मॉल की ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। मॉल के प्रथम तल पर स्मोक बम भी आ गिरा और चारों तरफ धुआं ही धुआं हो गया। सायरन बज उठे। पुलिस, एंबुलेंस, फायर फाइटर के वाहन घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया।

### ग्वालियर



#### मलबे में फंसे लोगों को रेस्क्यू करना सिखाया

सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल के दौरान प्रतीकात्मक हवाई हमले में बिल्डिंग ध्वस्त हुई। रेलवे स्टेशन पर मलबे में फंसने का सीन क्रिएट किया गया। मलबे में कई लोग दबे। जिसके बाद घायलों को सुरक्षित मलबे से बाहर निकला गया। उन्हें ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कटनी



#### सायरन बजते ही फायर ब्रिगेड पहुंची

साधु राम स्कूल में सायरन बजते ही जवान अलर्ट हो गए। स्कूल की छत पर प्रतीकात्मक बम फेंका गया। इसके बाद जवान छत पर चढ़े। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं। आग बुझाने और यहां फंसे लोगों को बाहर निकालने की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### डबरा
#### आग से बच्चों को बचाया गया

डबरा में कैंब्रिज स्कूल में मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान लगी आग से बच्चों को बचाने के लिए तत्काल स्कूल को खाली कराया गया। फायर इक्विपमेंट के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी बुलाया गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इंदौर और ग्वालियर की सभी फ्लाइट कैंसिल




ग्वालियर के राजमाता एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। इंदौर से जम्मू और जोधपुर जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई है। दोनो विमानों की टिकट बुकिंग कराने वाले यात्रियों को सुबह उड़ान निरस्त होने वाले मैसेज आए। इंदौर से दिल्ली होते हुए श्रीनगर के लिए भी उड़ान जाती है। श्रीनगर तक जाने के लिए जिन यात्रियों ने टिकट खरीदे थे। वे दिल्ली एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। यह विमान रात को दिल्ली एयरपोर्ट पर जाता है और वहां से सुबह पांच बजे श्रीनगर के लिए उड़ान भरता है। श्रीनगर, जम्मू के अलावा लेह, चंडीगढ़,बीकानेर, जोधपुर, अमृतसर भुज और जामनगर की उड़ानें भी निरस्त हुई है,क्योंकि यह शहर पाकिस्तान के सीमा के करीबी शहरों में शामिल है।



नागरिकों को हवाई हमले से बचाव के तरीके बताए

## भोपाल में पांच जगहों पर मॉक ड्रिल, रात होते ही ब्लैक आउट

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार को भोपाल में हवाई हमले को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए भोपाल के पांच स्थानों पर मॉक ड्रिल की गई, जिसमें आम लोगों को हवाई हमले के बाद बचाव के तरीके बताए गए।

वहीं, देर शाम 7.30 बजते ही पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। करीब 15 मिनट तक शहर में अंधेरा छाया रहा। 12 से 15 मिनट के बाद लोगों ने घरों, दुकानों और वाहनों की लाइट ऑन कर दी। पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन ने ड्रोन कैमरे से वीडियो भी बनाए। शाम 7.30 बजे पुलिस ने वाहनों को रोक-रोककर लाइट बंद कराई। शहर में लोगों ने घर के अंदर रहकर ही घरों की बिजली बंद कर दी। अस्पताल परिसर, होटल, मॉल की बिजली भी बंद रही। ▶▶ पढ़ें पेज 02 व 03 भी

## देशभर में कई जगहों पर युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश पर बुधवार को देशभर में मॉक ड्रिल (आपातकालीन अभ्यास) आयोजित किया गया। इस कड़ी में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल 3 पर भी एक बड़ी मॉक ड्रिल की गई। ड्रिल के दौरान सुरक्षा एजेंसियों और एयरपोर्ट स्टाफ ने मिलकर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया और



यात्रियों को दिशा-निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। दिल्ली, राजस्थान और हैदराबाद समेत देशभर में कई जगहों पर मॉक ड्रिल की गई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब — दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास



नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। टी20 फॉर्मेट से रोहित ने पहले ही संन्यास ले लिया था। अब टेस्ट क्रिकेट में भी रोहित शर्मा खेलते नहीं दिखेंगे। हालांकि, वनडे में रोहित शर्मा खेलते रहेंगे।

### भाई को बचाने कुए में कूदी बहन, 2 की मौत



शहडोल। जिले के सीधी थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम भाई-बहन की मौत हो गई। बनसुकली गांव में खेलते समय रितेश बैगा (8) कुए में गिर गया। बचाने के लिए बड़ी बहन मंजू बैगा (16) कूद गई। दोनों की डूबने से मौत हो गई।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमावर्ती राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया गया

## शाह ने सीमावर्ती 9 राज्यों के सीएम से की बैठक, अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द

*वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, साथ ही लद्दाख के उपराज्यपाल शामिल हुए।*

शाह ने कहा- पाक व आतंकियों की हर हरकत पर पैनी नजर रखें

भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान और नेपाल से सटी सीमाओं वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और डीजीपी की एक तत्काल बैठक बुलाई। यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए ▶▶ शेष पेज 4 पर




चारधाम यात्रा व राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाए

### शाह ने सख्त निगरानी के दिए निर्देश

*गृह मंत्री ने पहले ही सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे अपने उन कर्मियों को वापस बुलाएं जो छुट्टी पर हैं। शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को सतर्क रहने और सख्त निगरानी रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और इसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है और भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

### अर्धसैनिक बलों के सभी डीजीपी से बात की

भारतीय सेना का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। इसका मतलब साफ है कि भारत आगे भी पाकिस्तान पर कार्रवाई कर सकता है। वहीं, इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अर्धसैनिक बलों के सभी डीजीपी से बात की। उन्होंने तत्काल प्रभाव से अर्धसैनिक बलों के सैनिकों की छुट्टियों को निरस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही अर्धसैनिक बलों के सैनिकों को तुरंत काम पर लौटने का निर्देश दिया।

### शाह संग बैठक के बाद सीएम धामी एक्टिव

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम यात्रा, उत्तराखंड में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बांधों और ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतेजाम किये जाएं। उन्होंने शासन, प्रशासन और पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे राज्य के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए जाएं, सीमांत क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

25 मई 2023 को बने थे सीबीआई डायरेक्टर

## प्रवीण सूद बने रहेंगे सीबीआई के निदेशक, दिया सेवा विस्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था।

■ कर्नाटक के डीजीपी भी रह चुके हैं सूद

अधिकारियों ने बताया कि उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता ▶▶ शेष पेज 4 पर

### न्यूयॉर्क से भी हासिल की डिग्री

उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु और न्यूयॉर्क में सिरैक्यूज विश्वविद्यालय के मैक्सवेल स्कूल ऑफ़ गवर्नेंस से स्नातकोत्तर की डिग्री भी प्राप्त की है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

## ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के साथ होगी चर्चा, एकजुट देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सभी राजनीतिक दलों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक गुरुवार सुबह 11 बजे संसद भवन परिसर में आयोजित होगी। सरकार का उद्देश्य विपक्षी दलों को ऑपरेशन के विवरण और आगे की रणनीति से अवगत कराना है। केंद्रीय मंत्री



किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट कर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय नेताओं की यह बैठक संसद पुस्तकालय भवन के समिति कक्ष जी-074 में होगी। भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई की तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें ▶▶ शेष पेज 4 पर

अस्पताल ले जाते समय भागने का प्रयास किया

हिंदू लड़कियों को टारगेट कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए

## उज्जैन में लव जिहाद के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

भोपाल के बाद अब उज्जैन में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। शहर से 35 किलोमीटर दूर बिछड़ोद में हिंदू लड़कियों को टारगेट कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए गए। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। अब तक 4 पीड़ित लड़कियों का पता चला है।

इनमें 2 नाबालिगों में से एक को ईद के दिन जबरन गले लगाकर फोटो-वीडियो बनाए गए। फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। मामला तब उजागर हुआ, जब एक लड़की का अश्लील वीडियो गांव में वायरल हो गया।



वीडियो के आधार पर ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव के ही फरमान मंसूरी (19) सहित एक अन्य लड़के को दबोच लिया। उज्जैन लाते वक्त फरमान ने पुलिस से रायफल छीनकर भागने की कोशिश की। शॉर्ट एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, फरमान ने रात में सीने में दर्द का बहाना बनाया था। जिस पर पुलिस इलाज के लिए उसे उज्जैन ला रही थी। इसी दौरान निपानिया के पास आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पेशाब जाने के बहाने आरक्षक से राइफल छीनकर पुलिस पर दो फायर किए।

पीथमपुर के डायपर फैक्ट्री में आग



## 7 घंटे बाद आग पर पाया जा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर

औद्योगिक क्षेत्र में श्रीनिवास पुलिफैब्रिक्स पैकविल प्राइवेट लिमिटेड में बुधवार सुबह करीब 6 बजे लगी भीषण आग पर करीब 7 घंटे बाद काबू पा लिया है। यह कंपनी डायपर का निर्माण करती है। आग लगने की सूचना पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र को खाली करवाया। 4 शहरों धार, ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ चार शहरों की फायर ब्रिगेड की टीम जुटी

**राजधानी में जबरदस्त उत्साह**


ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रोशनपुरा चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी भी मौजूद रहे।


भोपाल में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई। इस अवसर पर भाजपा नेता लिली अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



शहाजहांनाबाद स्थित काली माता मंदिर में युवाओं और महिलाओं ने भारत माता के जयकारे लगाए।


भोपाल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर मिठाई बांटी।


राजधानी स्थित नूतन कॉलेज में छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर जमकर डांस किया।

# ऑपरेशन सिंदूर: ढोल की थाप पर किया डांस, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक से देश में गर्व और खुशी की लहर है। राजधानी भोपाल में राजनीतिक दल, संगठनों और लोगों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल की थाप पर डांस किया। जगह-जगह कई लोगों ने मिठाई भी बांटी। शहर में धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

*देशभक्ति गीतों पर झूमे, लगाए भारत माता के जयकारे*

## हनुमान चालीसा का पाठ कर अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित की, जमकर किया डांस

**विधिक संवाददाता. भोपाल।** पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर बुधवार को भोपाल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर बधाइयां देते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर बीके सांघी, शिरीष श्रीवास्तव, प्रमोद सक्सेना, जिला लोक अभियोजक पीएनएस राजपूत, पूर्व बार अध्यक्ष देवेंद्र रावत, प्रमोद सक्सेना, आनंद तिवारी, इंद्रजीत सिंह राजपूत, अशोक विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, मनोज राठौर सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भारतीय सेना ने बेटियों के सिंदूर का बदला आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर लिया: रामेश्वर



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देश की जनता ने जो चाहा था, देश की सेना ने वो जवाब दिया है। भारतीय सेना ने बेटियों के सिंदूर का बदला आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर लिया है। आज भारत की सेना ने दुनिया को बता दिया कि हम अपने नागरिकों की, अपने देश के प्रति हमेशा तैयार और सजग हैं। भारत के नागरिकों से कोई बदतमीजी करेगा, तो उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे।

## मुस्लिम त्योहार कमेटी ने लड्डू बांटकर मनाया जश्न

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की एयर स्ट्राइक के बाद भोपाल में भी जश्न का माहौल है। भारतीय सेना द्वारा आतंक के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद पूरे देश में जोश और गर्व का माहौल है। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी की अगुवाई में भोपाल के इतवारा चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और देशभक्ति के गीतों के बीच लड्डू बांटे। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अहमद खुर्रम ने बताया कि हमारी वायुसेना ने जिस वीरता के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए पाकिस्तानी आतंकी गुटों पर हमला किया है, वह गर्व की बात है। इधर मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान हारून ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत का हर नागरिक, हर मजहब, हर तबका आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारतीय सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा लोक माता देवी अहिल्या बाई का त्रिशताब्दी समारोह: सीएम डॉ. यादव

# मूर्ति कला का केंद्र बनेगा उज्जैन, वीर भारत संग्रहालय की गैलरी में दिखेगी इसके युगों-युगों की ऐतिहासिक महत्वता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश का उज्जैन सृष्टि के आरंभ से ही महत्वपूर्ण रहा है। उज्जैन को मूर्ति कला के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां से प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार मूर्तियां उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन बड़ी मूर्तियों को पत्थर से बनाना कठिन होगा, उन्हें धातुशिल्प से बनाया जाएगा। अब ऐतिहासिक रूप से अलग-अलग युगों में उज्जैन के महत्व पर केंद्रित गैलरी वीर भारत संग्रहालय में विकसित की जाएगी। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों पर भी गैलरी होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास, वीर भारत संग्रहालय और महादेव मूर्ति कला कार्यशाला की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि विकसित हो रहे संग्रहालय के विकास से संस्कृति, कला और स्थापत्य के विशेषज्ञों को जोड़ने के साथ-साथ भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे।

**खास बात**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास, वीर भारत संग्रहालय और महादेव मूर्ति कला कार्यशाला की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश




## महिला स्व-सहायता समूहों के विशाल सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई का त्रिशताब्दी समारोह 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक राजवाड़ा इंदौर में होगी। इसके साथ ही महेश्वर, इंदौर, भोपाल और उज्जैन में अन्य आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सुशासन की प्रतीक थीं। त्रिशताब्दी समारोह के अंतर्गत मालवा-निमाड़ क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूहों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाए।

### कार्यों पर विचार-विमर्श

बैठक में कोठी महल और परिसर के उन्नयन के लिए जारी गतिविधियां, वीर भारत न्यास के कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में वीर भारत संग्रहालय के अंतर्गत विकसित होने वाली गैलरियों की विषय-वस्तु का प्रस्तुतिकरण किया गया। उज्जैन में पत्थर, संगमरमर, ग्रेनाइट और धातु आदि के मूर्तिशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित महादेव मूर्ति कला कार्यशाला कर गतिविधियों की भी समीक्षा हुई।

### वीर भारत संग्रहालय में भारत के कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व घटनाओं की मिलेगी जानकारी

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष के गौरवशाली अतीत से परिचय तथा प्रेरणा वर्तमान की अनिवार्य आवश्यकता है। इसीलिए उद्देश्य से ही राज्य सरकार उज्जैन में वीर भारत संग्रहालय विकसित कर रही है। वीर भारत संग्रहालय में भारत के सभी कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व और घटनाओं को रेखांकित किया जाएगा। देश के शूरवीरों, विचारकों, दार्शनिकों, ऋषियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के योगदान का भी यहां उल्लेख होगा। भारत उत्कर्ष पर केंद्रित शोध, अनुसंधान, फैलोशिप और अध्ययन की गतिविधियां वीर भारत न्यास के अंतर्गत संचालित होंगी। प्रथम चरण में उज्जैन के कोठी महल में वीर भारत संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीर भारत संग्रहालय से विश्वविद्यालय, अकादमिक संस्थाओं और विज्ञान के शिक्षण, प्रशिक्षण व शोध से जुड़ी संस्थाओं को भी जोड़ा जाए।*

# प्रदेश के सभी शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी हॉस्टल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कामकाजी महिलाओं के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन शक्ति अंतर्गत सखी-निवास सुविधा का विस्तार अधिक महिला कर्मचारी वाले औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए। बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां चलाई जाएं।

### चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से होंगे उपलब्ध

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनबाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक माह में कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। प्रोटीन युक्त भोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के साथ मंदिरों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग भी आंगनबाड़ियों की बेहतरी के लिए किया जाए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए मोटी आई अभियान पर लघु फिल्म भी दिखाई गई।*

### आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय-सीमा निर्धारित कर यह सुनिश्चित किया जाए की सभी जिलों में आंगनबाड़ियां शासकीय भवनों में संचालित हों। इसके लिए स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के उपलब्ध भवनों का भी उपयोग किया जाए। जिला स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों के सहयोग तथा सांसद-विधायक निधि, डीएमएफ एवं अन्य संसाधनों से प्राथमिकता के आधार पर भवन बनाए जाएं।

पशुपालन मंत्री पटेल का माना आभार

# कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मियों का बढ़ा वेतन, जताई खुशी



**किस कर्मचारी को कितना होगा लाभ**

| पद | पहले | वर्तमान |
|---|---|---|
| सहायक ग्रेड-3 | 15000 | 20300 रुपए |
| अटेंडर | 12000 | 16000 रुपए |
| इलेक्ट्रिशियन | 12000 | 16200 रुपए |
| वाहन चालक | 15000 | 20300 रुपए |
| सेंपलर | 12000 | 16200 रुपए |
| लैब टेक्नीशियन | 15000 | 22000 रुपए |
| वायर ऑपरेटर | 15000 | 20300 रुपए |
| उपयंत्री | 25000 | 32000 रुपए |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुक्कुट विकास निगम में संविदा पर पदस्थ सहायक ग्रेड-3, अटेंडर, इलेक्ट्रिशियन, वाहन चालक, सेंपलर, लैब टेक्नीशियन, वायर ऑपरेटर और उपयंत्री के वेतन में वृद्धि के आदेश जारी हो गए हैं। वेतन वृद्धि आदेश जारी होने और पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक होने पर कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने बुधवार को पशुपालन मंत्री लखन पटेल के निवास पर जाकर खिलाई मिठाई और मांग पूरी करने पर आभार जताया। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में सभी हड़ताली संविदा कर्मचारियों ने पशु पालन विभाग के मंत्री लखन पटेल से चार मई को अपनी मांगों के संबंध में चर्चा की थी।

## जल दर्पण पोर्टल शिकायत निवारण कॉल सेंटर शुरू

**भोपाल।** बुधवार को 'जल दर्पण पोर्टल' तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने किया। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे। राज्य स्तर पर स्थापित कॉल-सेंटर नल से जल आपूर्ति की नियमितता, मात्रा और गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मापदंडों का मूल्यांकन करेगा। यह सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्रामीण जल संरचना को मजबूत करेगा।

**अंतर्राज्यीय ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों का मॉडिफिकेशन, शिफ्टिंग कार्य पूर्ण**

# 79 लाख रुपए की लागत से सीप नदी क्षेत्र में लगाए गए छह विशेष तकनीक के टॉवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि वर्ष 2021 में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित श्योपुर जिले के सीप नदी क्षेत्र में अंतर्राज्यीय 132 केवी श्योपुर–सबलगढ़ टेप–खंदार (राजस्थान) डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों के संशोधन एवं स्थानांतरण का कार्य



सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कार्य विद्युत पारेषण व्यवस्था को बाढ़ जैसी आपदाओं में भी सुदृढ़ और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत पुराने टॉवरों के फाउंडेशन को विशेष आधुनिक तकनीक से पुनर्निर्मित किया गया तथा कुछ टॉवरों को नदी के समीप सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर नये टॉवर लगाये हैं। इस कार्य में 79 लाख रुपये की लागत आई है।

### ऊंचाई में वृद्धि और विशेष तकनीक का उपयोग

एमपी ट्रांसको, ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में बाढ़ और डैम ओवरफ्लो के कारण 132 केवी शिवपुरी–सबलगढ़ टेप–खंदार ट्रांसमिशन लाइन के छह टॉवर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। साथ ही अंतर्राज्यीय विद्युत का आदान-प्रदान भी प्रभावित हुआ था। एमपी ट्रांसको द्वारा भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचाव के लिये स्पेशल ओपन कास्ट फाउंडेशन तकनीक का उपयोग करते हुए टावरों का पुनर्निर्माण, संशोधन और स्थानांतरण किया गया है।

### टावर की ऊंचाई बढ़ाई

शर्मा ने यह भी बताया कि सीप नदी के जलभराव की आशंका को देखते हुए तहसील मानपुर के ग्राम कोटरा क्षेत्र में टॉवरों की ऊंचाई बढ़ाई गई है। साथ ही नदी के कटाव से सुरक्षा के लिए कुछ टॉवरों को नए स्थानों पर स्थापित किया गया है। इससे ट्रांसमिशन लाइन की स्थिरता और विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित हो सकेगी।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 8 मई 2025



स्थानः ज्योती चौराहा, एमपी नगर
समयः रात 7.32 बजे


# रात 7.30 से 7.42 बजे तक 12 मिनट अंधेरे में डूब गया शहर, सड़कों में वाहन रोक बंद कराई लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के साथ ही देश सहित राजधानी में युद्ध की संभावना को देखते हुए बुधवार को राजधानी में पांच जगहों पर हवाई हमलों को लेकर मॉकड्रिल किया गया। जिसमें घायलों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने सहित उन्हें इलाज मुहैया कराने की ट्रॉयल की गई। इसके साथ रात के समय होने वाले हवाई हमलों से बचाव के लिए रात 7.30 से 7.42 बजे तक ब्लैक आउट कर स्ट्रीट लाइट और घर, बाजारों की लाइटें बंद की गईं, जिससे पूरा शहर अंधेरे में डूब गया।

करीब 15 मिनट तक शहर में अंधेरा छाया रहा। 12 से 15 मिनट के बाद लोगों ने घरों, दुकानों और वाहनों की लाइट ऑन कर दी। पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन ने ड्रोन कैमरे से वीडियो भी बनाए। इससे पहले शाम 7.30 बजे पुलिस ने वाहनों को रोक-रोककर लाइट बंद कराई। शहर में लोगों ने घर के अंदर रहकर ही घरों की बिजली बंद कर दी। अस्पताल परिसर, होटल, मॉल की बिजली भी बंद रही। सड़कों पर भी इस दौरान कम आवाजाही रही, कुछ लोग वाहनों को चलाते मिले, जिनको पुलिस ने रोककर वाहनों की हेड लाइटों को बंद कराया।

- ब्लैक आउट के दौरान स्ट्रीट लाइट और घर, बाजारों की बिजली रहीं बंद
- पुलिस ने वाहनों को रोक-रोककर लाइट बंद कराई
- अस्पताल परिसर, होटल, मॉल की बिजली भी बंद रही
- शहर के बाजारों में भी दुकानदारों ने लाइटें बंद रखीं
- चुनिंदा जगहों पर ही सुनाई दी सायरन की आवाज, लोगों ने टाइमिंग से ही बंद की लाइटें
- पुलिस-प्रशासन ने ड्रोन कैमरे से वीडियो भी बनाए
- 12 से 15 मिनट बाद घरों, दुकानों, वाहनों की लाइट ऑन



स्थानः एमपी नगर जोन एक
समयः रात 7.40 बजे

## बोर्ड ऑफिस चौराहे पर दिखा असर

रेड अलार्म बजाने के साथ ही ब्लैकआउट का असर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर दिखा। लोगों ने वाहनों की लाइट बंद कर दीं। उधर, पुलिस कंट्रोल रूम चौराहे पर 7:30 बजे पुलिस ने गाड़ियों की आवाजाही रोक दी। साथ ही ट्रैफिक सिग्नल भी बंद कर दिए गए। चारों तरफ वाहनों की लंबी कतार खड़ी रही। इस पूरे दौरान अलर्ट का सायरन बजता रहा।



स्थानः न्यू मार्केट
समयः रात 7.35 बजे

## पुलिस जीप से किया अनाउंसमेंट

शाहजहांनाबाद और कोलार रोड पर 7:30 बजे पुलिस की जीप लोगों से ब्लैकआउट में समर्थन देने की अनाउंसमेंट करती नजर आई। इसके बाद धीरे-धीरे दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों की बत्तियां बुझानी शुरू की। हालांकि अनाउंसमेंट के बाद भी कुछ चुनिंदा दुकानदारों द्वारा ब्लैकआउट का पालन नहीं किया गया। वहीं भोपाल के बाग उमराव दूल्हा मार्केट की दुकानों पर पूरी तरह से ब्लैक आउट रहा।

**कुछ ने नहीं की बंद**

## ग्रीन अलर्ट सायरन के साथ ऑल क्लीयर सिग्नल जारी किया गया

रेड अलर्ट सायरन की ध्वनि के साथ नागरिकों ने घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं संस्थानों की सभी रोशनियां बंद कर दीं। वाहन चालकों ने अपने वाहन रोककर हेडलाइट और बैकलाइट बंद रखीं। निर्धारित समय पर ग्रीन अलर्ट सायरन के साथ ऑल क्लीयर सिग्नल जारी किया गया और सभी रोशनियां पुनः चालू कर दी गईं।

## पुराने शहर में 12 मिनट रुका रहा ट्रैफिक

शाम को ब्लैक आउट को लेकर पुराने शहर के राजा भोज सेतु पर ट्रैफिक रोक दिया गया। गाड़ियों की लाइट के साथ वीआईपी रोड की भी लाइट लगभग बंद हो गई। ताजुल मसाजिद सहित भोपाल के मैदानी इलाके में पूरी तरह से ब्लैकआउट रहा। सभी गाड़ियां लगभग थम गई।




स्थानः एमपी नगर
समयः रात 7.39 बजे

## कलेक्टर ने ली अफसरों की बैठक

रिहर्सल से पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में 12 सेवाओं के मुख्य अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस मॉक ड्रिल में 6 मेन एक्टिविटी की गई। हवाई हमलों को लेकर पलिस कंट्रोल रूम में ऑनलाइन सर्विसेज का सिस्टम लगाया गया है।

### फैक्ट्री में सायरन बजा, सुरक्षित जगह पहुंचे कर्मचारी

ईंटखेड़ी इलाके के अचारपुरा स्थित गोकुलदास फैक्ट्री में कर्मचारियों को नागरिक सुरक्षा अभ्यास कराया गया, जिसमें करीब एक हजार कर्मचारी शामिल हुए। सायरन बजते ही सारे कर्मचारी गुप्त स्थान पर छिप गए और हालात सामान्य होने पर बाहर निकल आए।



स्थानः पीएचक्यू तिराहा
समयः रात 7.38 बजे

## अंधेरे में डूबा एयरपोर्ट, संचालन जारी रखा



स्थानः राजा भोज विमानतल
समयः रात 7.36 बजे

राजाभोज विमानतल पर सायं 07:30 बजे से 07:42 बजे तक एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन, तकनीकी भवन, एटीसी टावर एवं पूरे हवाई अड्डा परिसर में स्थित सभी आउटलेट्स, कार्यालयों सहित स्ट्रीट लाइट एवं पेरीमीटर लाइट को सायरन की आवाज के साथ बंद किया गया। इस ब्लैकआउट के दौरान सीआईएसएफ ने टर्मिनल भवन में सुरक्षित संचालन जारी रखा, जिससे यात्रियों को कोई असुविधा नहीं हुई और न ही संचालन में कोई बाधा आई। यात्रियों ने भी इस दौरान शांति बनाए रखते हुए सीआईएसएफ के साथ समन्वय किया।

## पुराने शहर में भी बंद रही लाइटें

शहर में चुनिंदा जगहों पर ही सायरन की आवाज सुनाई दी, जिसको देखते हुए आम लोगों ने टाइमिंग के हिसाब से ही लाइटें बंद कर दी थीं। शहर के बाजारों में भी दुकानदारों ने लाइटें बंद रखीं। हालांकि कुछ होटलों के बाहर लाइटें ऑन नजर आईं।

# भोपाल स्टेशन पर 12 मिनट तक ब्लैकआउट स्टेशन के सभी कक्षों की लाइट की गई बंद

**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर और केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर भोपाल में बुधवार मॉक ड्रिल के तहत शाम 7.30 बजते ही पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। करीब 15 मिनट तक शहर में अंधेरा छाया रहा। इसी के तहत भोपाल स्टेशन पर ब्लैक आउटर रहा। यहां पर सभी कक्षों व स्टेशन परिसर में लाइट को बंद रखा गया।





स्थानः भोपाल स्टेशन
समयः रात 7.40 बजे



स्थानः भोपाल स्टेशन
समयः रात 7.41 बजे

## मां चामुंडा दरबार में 12 मिनट तक रही लाइट बंद

मॉक ड्रिल के तहत शाम 7.30 बजते राजधानी के मां चामुंडा दरबार में 12 मिनट के लिए बिजली बंद की गई। इस दौरान दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे व आए भक्तों ने भारतीय सेनिकों व भारत सरकार के ऑपरेशन सिंदूर की सराहाना की। पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी व भारत की तीनों सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर कर पहलगाम हमले में मारे बेगुनाहों का बदला लेकर देश का मान बढ़ाया। इसके लिए प्रधानमंत्री व तीनों सेनाओं का प्रमुख को बहुत बहुत बधाई।



# सिद्धार्थ को याद कर रो पड़ीं जैस्मिन भसीन

**मुंबई।** बिग बॉस 13 विनर सिद्धार्थ शुक्ला का जाना उनके चाहने वालों के लिए शॉकिंग था। जिन लोगों ने उनके साथ काम किया, वे अभी तक सदमे में हैं। जैस्मिन भसीन और सिद्धार्थ शुक्ला दिल से दिल तक में काम कर चुके हैं। लंबे समय बाद दोनों बिग बॉस के सेट पर मिले। इसके बाद दोनों फिर से मिलने का प्लान बनाते रह गए। जैस्मिन एक पॉडकास्ट में सिद्धार्थ को याद करके रो पड़ीं।


**मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान**
कलियासोत डैम, कोलार रोड, भोपाल
walmi
फोन : 0755-2710302, ई-मेल : mpwalmi@gmail.com
प्रस्ताव आमंत्रण सूचना क्र. 01/2025-26 दिनांक : 01.05.2025
**Tender ID : 2025_WALMI_421027_1**
सघन वृक्षारोपण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य हेतु प्रख्यात एजेंसियों को इम्पैनल करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। प्रस्ताव प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 19.05.2025** है। RFP प्रपत्र निविदा पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। शुद्धिपत्र अथवा अन्य सम्बंधित जानकारी पोर्टल पर ही प्रकाशित होगी, समाचारपत्र में नहीं।
म.प्र. माध्यम/119955/2025 **संचालक**



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज, जिला- भोपाल**
क्र./था.प्र./हनु.गंज/भो./गुम इंसान.क्र.18/25 दिनांक 05/05/2025
**सूचना**
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है दिनांक 29/04/2025 सूचक हेमलता पति स्व. रमेश चढार उम्र 42 साल निवासी म.न. 88 दुली चंद का बाग फूटा मकबरा छोला रोड थाना हनुमानगंज भोपाल ने थाना उपस्थित आकर मौखिक सूचना दिया की मै उपरोक्त लिखाये पते पर रहती हूं तथा दूसरों के घरों में खाना बनाने का काम करती हूं आज दिनांक 29.04.25 को में काम पर गई थी बाद काम में रात करीब 08.00 बजे घर आई तो लडका उदय व लडकी ईशा के बारे में पूछा तो माँ

सरजू बाई ने बताया कि लडका उदय काम पर गया है, तथा लडकी ईशा चढार छोला बाजार से कपडा लेने का बोलकर चली गई है जो अभी तक नहीं आई है तो मैने लडकी ईशा की आसपास पूछताछ एवं तलाश की किंतु कोई जानकारी नहीं मिली मेरी लडकी नहीं होने से थाना रिपोर्ट करने आई हूँ मेरी बेटी ईशा का हुलिया रंग गोरा, उँचाई 4 फिट 6 इंच, कद दुबली पतली, शार्ट कुर्ता ब्लेक कलर, प्लाजो पहने है की सूचना पर गुम इंसान क्र. 18/25 का कायम कर जांच में लिया गया।
अतः गुम शुदा के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो कृपया थाना हनुमानगंज भोपाल (म.प्र.) के संपर्क नंबर 0755-2677323 अथवा 7587601742 एवं जाँच अधिकारी के मोबाईल नंबर 6260158926 पर सूचना देने का कष्ट करें।
**थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज, जिला- भोपाल**
जी -12491/25 स्वच्छता ही सेवा




# 'परम सुंदरी' 25 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की नई फिल्म 'परम सुंदरी' का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। 'परम सुंदरी' का 58 सेकंड का टीजर 9 मई को रिलीज होने वाली फिल्म 'भूल चूक माफ' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। 'परम सुंदरी' की स्क्रिप्ट आरश वोरा और गौरव मिश्रा ने लिखी है। फिल्म का संगीत सचिन-जिगर ने तैयार किया है और गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। सिनेमैटोग्राफी संतानकृष्णन ने की है। डायरेक्टर तुषार जलोटा इससे पहले ओटीटी फिल्म 'दसवीं' बना चुके हैं। वह 'बर्फी' और 'पद्मावत' जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। यह उनकी पहली थियेटर रिलीज फिल्म है। 'परम सुंदरी' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल, फिल्म की टीम इसकी आखिरी शूटिंग में जुटी है।


**पश्चिम मध्य रेल**
ई–टेण्डरींग सूचना–01/2025–26
दिनांकः 05.05.2025
उपमुख्य अभियंता, (ट्रेकमशीन), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए काम करते हुये ई–टेण्डरींग द्वारा निम्नलिखित सामग्री/मदों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित करते है। टेन्डर प्रपत्र वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इन निविदाओं में कोई संशोधन यदि आवश्यक हुआ तो टेन्डर खुलने की तिथि से 10 दिन पहले वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा इनको वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसकी सूचना उपमुख्य अभियंता (ट्रैक मशीन) भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। सभी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पहले वेबसाइट देख ले। **कार्य का नामः** जोनल ट्रैक मशीन डिपो आरकेएमपी भोपाल के 5 टन ईओटी क्रेन 02 नग के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।, **टेण्डर नं.:** डब्ल्युसीआर बीपीएल टीएम 25 डबलू 02 दिनांक 05.05.2025, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रू. 244792.32/–, **बयाना राशिः** रू. 4900/–, **समापन अवधिः** 24 माह, **खुलने की तिथिः** 28.05.2025।
उपमुख्य अभियंता(टी.एम.), पमरे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




# आपके बच्चों को बनना होगा शेर राजा

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री भाग्यश्री ने आज सोशल मीडिया पर अपने दोनों बच्चों के साथ एक अनदेखी तस्वीर शेयर की है और साथ ही उन्होंने इस तस्वीर के साथ पेरेंटिंग टिप्स का एक वीडियो भी शेयर किया है। भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में पहले एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें भाग्यश्री ब्लैक गॉगल में अपने दोनों बच्चो के साथ दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक अपना दिलचस्प वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कई पेरेंटिंग टिप्स दिए हैं।भाग्यश्री ने आगे लिखा, 'आज की दुनिया में.... और यह जंगल जितना भयंकर हो सकता है, यह जीवित रहना है जो मायने रखता है।... और ऐसा करने में सक्षम होने के लिए, आपके बच्चों को शेर राजा बनना होगा।'

# फिल्मों में आज भी जिंदा हैं टैगोर के विचार

**नई दिल्ली।** रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था। बुधवार को टैगोर साहब की 164वीं जयंती मनाई गई। रवींद्रनाथ टैगोर का सिनेमा से गहरा नाता था और उन्होंने साल 1932 में आई एक फिल्म का निर्देशन भी किया था। टैगोर का सिनेमा से प्रत्यक्ष संबंध सीमित रहा, लेकिन उनकी रचनाओं और विचारों ने भारतीय फिल्मों को एक अलग नजरिया और गहराई प्रदान करने का काम किया। आइए जानते हैं टैगोर के फिल्मी योगदान के बारे में।

***जब नोबेल पुरस्कार विजेता ने बनाई पहली फिल्म :*** भारत में सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई और पहली मूक फिल्म बनी 'राजा हरिश्चंद्र', जिसे दादा साहेब फाल्के द्वारा निर्देशित किया गया था। रवींद्रनाथ टैगोर एक विचारशील व्यक्ति थे, जिन्होंने कई नाटक, उपन्यासकार लिखे थे। 1932 का वो साल था जब टैगोर साहब ने खुद के निर्देशन में एक मूक फिल्म बनाई, जिसका नाम था 'नातिर पूजा'। इस फिल्म की कहानी टैगोर के ही लिखे एक नाटक पर आधारित थी। फिल्म की शूटिंग चार दिनों में ही पूरी हो गई थी, जिसमें टैगोर साहब ने अभिनय भी किया था। इस फिल्म में नितिन बोस ने सिनेमैटोग्राफर और सुबोध मित्रा ने संपादन का काम संभाला था। हालांकि, यह फिल्म व्यावसायिक रूप से असफल रही थी।

***सत्यजीत रे और रवींद्रनाथ टैगोर का रहा खास नाता :*** रवींद्रनाथ टैगोर और सत्यजीत रे का एक अलग ही संबंध दिखता है, क्योंकि सत्यजीत रे ने टैगोर की कहानियों पर आधारित कई फिल्में बनाई हैं। साल 1961 में सत्यजीत रे ने एक फिल्म बनाई, जिसका नाम था 'तीन कन्या'। इस फिल्म की कहानी टैगोर साहब की लिखी गई तीन कहानियों 'द पोस्टमास्टर', 'मोनिहारा' और 'समाप्ति' पर आधारित थी। इसके अलावा सत्यजीत रे ने टैगोर की कहानियों पर आधारित 'चारुलता', 'घर-बाइरे' जैसी फिल्में भी बनाईं। वहीं, उन्होंने साल 1961 में रवीन्द्रनाथ टैगोर पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई थी।

***रवींद्रनाथ टैगोर की कहानियों पर आधारित चर्चित फिल्में :*** रवींद्रनाथ टैगोर साहब ने प्रत्यक्ष रूप से तो नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सिनेमाई दुनिया को एक दिशा देने का काम किया है। उनकी कहानियों, नाटक और उपन्यास पर आधारित कई फिल्में बनाई गई हैं। उनकी कहानियों में ज्यादातर स्त्री विमर्श के मुद्दे देखने को मिलते हैं। कई फिल्में उनकी कहानियों को केन्द्र में रखकर बनाया गया है, जिनमें 'काबुलीवाला', 'नौकाडूबी', 'लेकिन', 'चोखेर बाली', 'चार अध्याय' आदि फिल्में शामिल हैं।

# मेट गाला में हमारी ड्रेस थी सबसे शानदार



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो 'मेट गाला' में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। 'मेट गाला 2025' में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी, दिलजीत दोसांझ, प्रियंका चोपड़ा और कई अन्य सेलेब्स शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद इंटरनेट पर कुछ लोगों ने इसे मेट का चांदीवेलिफिकेशन (चांदीकरण) कहा। मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर जान्हवी कपूर ने भी अपनी राय रखते हुए भारतीय सेलेब्स की उपस्थिति पर सवाल उठाने वालों की आलोचना की। जान्हवी ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह सही समय था। हमारे आर्टिस्ट और डिजाइनर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, वह मेट जैसे वैश्विक मंच पर सुर्खियों के हकदार हैं। हमारे आइकन भी हैं।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'क्या हमें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि हमें आखिरकार अपना हक मिल रहा है, बजाय इसके कि हम इस बात पर दुखी हों कि इस मंच पर अपने ही लोगों को देखकर यह थोड़ा कम महत्वाकांक्षी लग रहा है? क्या मैं कह सकती हूं कि हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी। दशकों से हमारे आर्टिस्ट के काम को हमारे देश से निर्यात किया जाता रहा है और बिना किसी क्रेडिट के वैश्विक मंचों पर रखा जाता रहा है। दशकों से उन्होंने हमारे कपड़े, हमारी कढ़ाई, हमारे वस्त्र, हमारे आभूषण उधार लिए हैं और इसे एक ऐसी रचना के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके वे असली मालिक हैं। मुझे खुशी है कि हमारे लोगों को आखिरकार हमारे काम और विरासत का इतना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है।

## जैकेट का शेष....

### अब 'प्रहार'...होगा...

प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ठिकानों समेत आतंकियों के छिपने के नौ अड्डों को तबाह कर दिया। इससे पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि भारत के मिसाइल हमलों में कम से कम 26 लोग मारे गए और 46 घायल हुए।

हालांकि, भारत ने साफ किया है कि उसने सिर्फ आतंक के ठिकानों को ही निशाना बनाया है। उसने किसी भी रहवासी इलाकों या आम नागरिकों वाली जगहों पर हमले नहीं किए हैं। माना जा रहा है कि भारतीय हमले में 90 आतंकी ढेर हो गए। भारतीय सेना ने कहा कि हम आतंकी ठिकानों पर लगातार स्ट्राइक करते रहेंगे। केंद्र सरकार ने गुरुवार को हमलों की जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह दोपहर में पीएम मोदी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। इसके बाद हमलों की ब्रीफिंग देने के लिए पीएम मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद शहबाज शरीफ के चेहरे पर डर साफ-साफ देखा जा सकता है। विदेश मंत्री इशाक डार के बाद अब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी कहा कि भारत के 80 लड़ाकू जहाजों ने रात में पाकिस्तान में स्ट्राइक की।

### पीएम मोदी मोदी जो...

गलत निगाह से दिखेगा उसे मिट्टी में मिला देंगे। मेरी अपनी ओर से प्रधानमंत्री मोदी को आतंकी खात्मे के इस जबर्दस्त प्रहार की कोटिशः बधाई। राज्य सरकार पीएम मोदी के हर कदम के साथ है। हमारे देश के दुश्मनों को सबक सिखाते हुए भारतीय वीरता का जो परचम फहराया है, यह हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का आधार है।

## पेज एक का शेष....

### मलबे में फंसे लोगों...

एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया। गोला का मंदिर आईटीआई तिराहे पर मॉक ड्रिल की गई।

### सायरन बजते ही ...

प्रैक्टिस की गई। सिविल लाइंस स्थित नालंदा स्कूल में समेकित अपार्टमेंट में फंसे लोगों को निकालने का अभ्यास किया गया।

### आग से बच्चों ...

जिसके बाद आग पर पाया। इस दौरान दो लोग बेहोश हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### शाह ने सीमावर्ती 9...

गए हमलों के मद्देनजर बुलाई गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, साथ ही लद्दाख के उपराज्यपाल शामिल हुए।

### प्रवीण सूद बने रहेंगे ....

वाली चयन समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे।

**1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं सूदः** चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 24 मई से आगे एक साल की अवधि के लिए सूद के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी। सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं।

जब उन्हें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किया गया, तब वे कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्यरत थे। 1964 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में जन्मे सूद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद 22 साल की उम्र में आईपीएस में शामिल हुए।

### न्यूयॉर्क से भी...

अपने व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए जाने जाने वाले सूद ने उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों से जुड़े हाई प्रोफाइल मामलों और अंतर-राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों की जांच की निगरानी की थी। तकनीक के जानकार अधिकारी ने न्यायपालिका के साथ कर्नाटक में सीसीटीएनएस (अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम) और आईसीजेएस (इंटरऑपरेबल आपराधिक न्याय प्रणाली) को मजबूत करने के लिए काम किया था।

### ऑपरेशन सिंदूर पर....

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए।

**सर्वदलीय बैठक का महत्वः** सर्वदलीय बैठक का आयोजन आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकजुटता प्रदर्शित करने और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति पर चर्चा करने के लिए किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, और अन्य वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहेंगे। विपक्षी दलों ने पहले ही सरकार को पूर्ण समर्थन देने का वादा किया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, "हमारी सेना पर हमें गर्व है। पहलगाम हमले के जवाब में सरकार को हमारा पूरा समर्थन है।

### 7 घंटे बाद आग...

देपालपुर, महू और इंदौर और प्राइवेट कंपनियों के फायर फाइटर ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कंपनी के काफी बड़े हिस्से में फैली थी। फैक्ट्री मैनेजर अजय ढोली ने बताया, कंपनी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। नगर पालिका के पानी के टैंकर भी लगातार पानी की आपूर्ति करते रहे। कच्चा व तैयार माल जलकर नष्ट हो चुका है। कंपनी के अंदर की सभी मशीनें भी राख हो गई हैं। कंपनी के बड़े अधिकारी पहुंच रहे हैं। नुकसान का आकलन उनके आने पर ही संभव होगा। कंपनी का शेड गिरने से आग बुझाने में काफी परेशानी आई।


**कार्यालय नगर परिषद बरोदियाकलां, जिला सागर (म.प्र.)**
पता वार्ड क्रमांक 10, बरोदियाकलां पिनकोड 470441 Email-cmobarodiyakalan@mpurban.gov.in
क्रमांक/713/न.प./लो.नि.शा./2025 बरोदियाकलां दिनांक - 06/05/2025
**// निविदा आमंत्रण सूचना//**
एतद द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बरोदियाकलां को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्य कराये जाने की आवश्यकता है, इस हेतु जेम पोर्टल में पंजीकृत निमार्ता /अधिकृत विक्रेतो से आईटम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.gem.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2025/B/6205661 06/05/2025 | आपूर्ति एवं स्थापना ऑक्टागोनल पोल एवं स्ट्रीट लाईट( वार्ड क्र. 1 से 4 तक) | 99.96 लाख | 63,500.00 | 06/06/2025 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.gem.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
**(प्रभुशंकर खरे)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बरोदियाकलां जिला सागर**







**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक




R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15







## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5860



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

**शब्द पहेली -5859 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5870

मध्यम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5869 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# व्यापारिक, सामाजिक संगठनों ने किया ऑपरेशन 'सिंदूर' की कामयाबी को सलाम

## शहर के कई इलाकों में उत्सव का माहौल, बांटी मिठाइयां, लगाए भारत माता की जय के नारे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद भोपाल, मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में राष्ट्रभक्ति का माहौल है। आतंकवाद के खिलाफ भारतीय जवानों द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर राजधानी भोपाल में बुधवार को लोगों ने, व्यापारियों ने, सामाजिक संगठनों ने और पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को सलाम किया। इसके साथ ही मिठाइयां बांटीं और भारत माता की जय के नारे लगाए। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। मोदी सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह 'नया भारत' है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है।






### सबधाणी के नेतृत्व में मना जश्न

*लालघाटी यंग क्लब के सदस्यों ने अभी नहीं तो कभी नहीं नाम से पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ प्रतीकात्मक अनूठा प्रदर्शन कर आतंकवादियों पर हमला करना का अनुरोध किया था। अब जब 7 मई को इंडियन एयरफोर्स की मुस्लिम और हिंदू महिला अधिकारियों के साथ विदेश सचिव ने जैसे ही सुबह 1.44 बजे इंडियन एयरफोर्स द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुज्जफराबाद, कोटली,भिम्बर, सियालकोट, मुदिरके और मरकज सुबहानअल्लाह में हुए जवाबी हमले की पुष्टि की वैसे ही पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी तारतम्य में लालघाटी यंग क्लब के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तानी आर्मी चीफ और पाकिस्तान फ्लैग, पीओके के तबाह क्षेत्र, अतंकवादी छपा केक काटकर जश्न मनाया एवं फौजी भाईयों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर आनंद सबधाणी ने कहा कि जश्न हमारे फौजी भाइयों को समर्पित है, आतंकियों के आकाओं को हम यहां से पैगाम देना चाहते हैं कि जरूरत पड़ी तो देश का एक-एक युवा हाथों में हथियार लेकर पाकिस्तान की ओर कूच करने में देरी नहीं करेगा।*

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बाजार सतर्क

'ऑपरेशन सिंदूर' सुर्खियों में बना हुआ है। अब दोनों ही देशों के बीच स्थिति बिगड़ गई है। बाजार के नजरिए से 'ऑपरेशन सिंदूर' में जो बात सबसे अलग है, वह है इसका केंद्रित और गैर-उग्रवादी स्वरूप। बाजार जानकारों के अनुसार भारत द्वारा जवाबी हमले से बाजार पर असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि बाजार को इसकी जानकारी थी। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि भारतीय बाजारों पर जो भू-राजनीतिक जोखिम लंबे समय से मंडरा रहा था, वह भारत की कार्रवाई के साथ हकीकत बन गया है। जैसा हमने उरी और बालाकोट हमले के बाद देखा था, बाजार नेभी निगेटिव गैप के साथ शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि अगर हालात यहीं ठहरते हैं तो बाजार जल्द ही स्थिर हो जाएगा, लेकिन यदि सीमा पर तनाव बढ़ता है तो हम बाजार में और बिकवाली देख सकते हैं।

### मोदी ने जो कहा वह कर दिखाया

*दस नंबर मार्केट व्यापारी एसोसिएशन महासचिव हरीश चोईथानी ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत 'जय हिंद' और 'जय हिंद की सेना' के साथ किया। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में नर्मदा भवन चौराहे पर जश्न मना कर आतिशबाजी की गई और मिठाई का वितरण करके कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। तिवारी ने कहा कि भारत की सनातनी जनता चाहती है कि पाकिस्तान के खिलाफ हमला करके पाकिस्तान को पूर्ण रूप से खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने कहाकि 9 जगह हुई स्ट्राइक के लिए हम भारतीय सेना का उनका हृदय से धन्यवाद देते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वह कर दिखाया।*

## भारत और पाक के बीच तनाव

# सीमा पर तनाव के बीच सोने ने छुआ एक लाख का आंकड़ा, चांदी चमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते बुधवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखा गया। सोना 1000 रुपए चढ़कर एक लाख 750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले बीते दिना सोने का बंद भाव 99750 रुपए था। यह बढ़त निवेशकों की तरफ से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना खरीदने के कारण आई है। 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1050 रुपए बढ़कर एक लाख 350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। यह उछाल सोने के लिए अब तक के रिकॉर्ड स्तर के करीब है। इससे पहले 22 अप्रैल को सोना एक लाख एक हजार 600 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचा था।

### एचडीएफसी फ्लैक्सी कैप फंड ने किया बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले 30 वर्षों में बाज़ार के कई उतार-चढ़ावों के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया है। फंड की शुरुआत 1 जनवरी 1995 को हुई थी और इसका अब तक का औसत वार्षिक रिटर्न 18.82 फीसदी (31 मार्च 2025 तक) रहा है। इस तरह फ़ंड की शुरुआत के दौरान निवेश किए गए 1 लाख की वैल्यू: 1.84 करोड़ हो गई है। फंड ने निफ्टी 500टीआरआई से 1.51 करोड़ अधिक रिटर्न दिया है। शुरुआत से हर महीने के पहले कारोबारी दिन मासिक निवेश किए गए 10 हजार की एक व्यवस्थित निवेश योजना की रकम 31 मार्च, 2025 तक लगभग 20.24 करोड़ हो गई होगी। फंड की निवेश रणनीति 'बॉटम-अप' पद्धति पर आधारित है, जिसमें ग्रोथ की संभावना रखने वाली कंपनियों को उचित मूल्य पर चुना जाता है।

### एयरटेल ने की 'बिजनेस नेम डिस्प्ले' सेवा शुरुआत

**नई दिल्ली।** एयरटेल बिजनेस ने बिजनेस नेम डिस्प्ले (बीएनडी) सेवा के लांच की घोषणा की। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। कंपनी ने कहा कि इसके ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद बिजनेस कॉल्स और स्पैम कॉल्स के बीच आसानी से अंतर करने में मदद मिलेगी। एयरटेल ने अपने ग्राहकों को स्पैम कॉल से राहत दिलाने के लिए भारत का पहला स्पैम-रोधी नेटवर्क शुरू किया है। इस पहल को देशभर में चलाए गए एक बड़े जनजागरूकता अभियान के ज़रिए ग्राहकों तक पहुंचाया गया, ताकि वे इस समस्या को बेहतर तरीके से समझ सकें और सतर्क रह सकें। एयरटेल बिजनेस के निदेशक एवं सीईओ शरत सिंहा ने कहाकि एयरटेल में हमारा निरंतर प्रयास एक ऐसा संचार अनुभव देने का है जो स्मार्ट, सुरक्षित और पारदर्शी हो। 'बिजनेस नेम डिस्प्ले' के जरिए हम व्यवसायों को हर कॉल के साथ विश्वास कायम करने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर दे रहे हैं।

# पतंजलि विवि, रिसर्च फाउंडेशन तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय और भारत सरकार के मध्य एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

भारत के प्राचीन गौरवमयी ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए संकल्पित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन (पीआरएफ) एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति व एनएएसी कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उक्त एमओयू के माध्यम से आईकेएस प्रभाग के अंतर्गत विविध विषयों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, कार्यशाला व सम्मेलन आदि के आयोजन के लिए पतंजलि विश्वविद्यालय को आईकेएस केंद्र के रूप में मान्यता दी जा सकेगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध शोध संस्थान पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर किए जा रहे विद्वत्तापूर्ण कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए एक संयुक्त परियोजना भी प्रारंभ की जा सकेगी।

### पतंजलि, आईकेएस केंद्र मिलकर काम करेगा: आचार्य



आचार्य ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी इस कार्य के निष्पादन में अपनी वैज्ञानिक जनशक्ति का प्रयोग करेंगे। आईकेएस प्रभाग भारतीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय की स्थापना पर पतंजलि विश्वविद्यालय, आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा, जिसमें न केवल पुरातात्विक कलाकृतिया शामिल होंगी, बल्कि ऐतिहासिक ज्ञान, वैज्ञानिक साक्ष्य और भारतीय ज्ञान प्रणाली का व्यापक प्रतिनिधित्व भी होगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय भारत के प्राचीन ज्ञान और ज्ञान के दस्तावेजीकरण और संरक्षण पर आईकेएस प्रभाग की परियोजनाओं में सहयोग करेगा, जिसमें अनुष्ठान, संगीत, पांडुलिपियां, प्राचीन सभ्यता, सामाजिक-आर्थिक पहलू, भाषाएं, चिकित्सा और उपचार पद्धतियां, शासन पद्धतियां, रक्षा प्रणाली, प्राकृतिक आपदाओं-बाढ़, सूखा आदि से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके शामिल हैं। साथ ही आईकेएस प्रभाग के सहयोग से पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी द्वारा किए जा रहे शोध से संबंधित दस्तावेजीकरण, पांडुलिपियां, कला से संबंधित पुरातात्विक साक्ष्य, वस्तुएं और अन्य ऐतिहासिक साक्ष्यों को संरक्षित किया जाएगा। पतंजलि विश्वविद्यालय आईकेएस प्रभाग से पूर्व सहमति और अनुमोदन के साथ भारतीय ज्ञान प्रणाली के आधार पर ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रम या व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी विकसित करेगा।


**बिहार सरकार**

**न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, नवादा सदर**

**—: अति आवश्यक सूचना :—**

**प्रेस विज्ञप्ति**

बिहार मघ निषेघ एवं उत्पाद अधिनितय – 2016 की धारा 56 के प्रावधानों के तहत् देशी / विदेशी शराब से जप्त वाहन मालिकों / हितबद्ध व्यक्तियों के बजरिये न्यायालय नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्पाद थाना कांडों में जप्त वाहनों का अधिहरण / प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक, नवादा / अधीक्षक, मघ निषेघ, नवादा के माध्यम से प्राप्त होनें के फलस्वरुप उत्पाद अधिग्रहणवाद प्रारंभ किया जाता है।

नव संशोधित नियमावली 2022 के नियम 12(क)(2) में निहित उपबंधों के आधार पर नवीनतम् बीमाकृत शास्ति (penanlty) की राशि जमा कर वाहन मुक्त कराना चाहतें हो तो प्रथम प्रथम सुनवाई की तिथि अथवा द्वितीय सुनवाई की तिथि को प्रपत्र ***IV*** में अपना आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में समर्पित करें अन्यथा निर्धारित समय सीमा के उपरान्त वाहनों को राजसात की कार्रवाई हेतु आदेशित कर दिया जायेगा।

| क्र | वाद संख्या | उत्पाद थाना काण्ड सं0 | वाहन का प्रकार | रजिस्ट्रेशन संख्या | इंजन संख्या | वाहन मालिक का नाम एवं पता | प्रथम सुनवाई की तिथि | द्वितीय सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 201/25 | 815/24 | Hero Honda Passion Motorcycle | अवैध निबंधन सं0–JH03B/0193, वास्तविक निबंधन सं0–MP19G/7204 | 04D08M26245 | सनत कु0 मिश्रा, पे0–सी.पी. मिश्रा, ग्राम–वी / पी बड़खेरा मध्य प्रदेष | 10.05.2025 | 15.05.2025 |

अतः वाद में अंकित वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी व्यक्ति जिसका कोई हित निहित हो निर्धारित समाय–सीमा के अन्दर स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से भरूमि सुधार उप समाहर्त्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वाहन के मालिकाना हक से संबंधित दावा / पक्ष वे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। अनुपस्थित होने पर यह समझा जायेगा कि उक्त वाहन से आपको कोई सारोकार नही है। तत्पश्चात् उक्त जप्त वाहन को सुनवाई के उपरान्त बिहार मघ निषेघ एवं उत्पाद अधि0 2016 की धारा 58(2) के अन्तर्गत राजहित में अधिहरण कर लिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
नवादा सदर

PR. No.002731 (District) 2025-26

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**


# 'दूध में मूल्यवृद्धि' लाखों परिवारों का बजट प्रभावित

## *आम आदमी पर महंगाई का बढ़ गया अतिरिक्त बोझ*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



दूध की कीमतों में मूल्य वृद्धि सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर भारी पड़ेगी। खासकर निम्न और मध्यम वर्ग के परिवारों पर। दूध के दाम में यह बदलाव एक बड़ी चिंता का कारण है, क्योंकि दूध दैनिक पोषण का एक अहम स्त्रोत है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए दूध का सेवन लगभग अनिवार्य है। ऐसे में कीमतों में बढ़ोतरी होने से कई परिवार अपनी दूध की खपत में कटौती करने के लिए मजबूर हो सकते हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। यह कहना है शहरवासियों का।

अमूल्य, पराग और अब सांची द्वारा की गई दूध के दाम में 2 रुपए प्रति लीटर की मूल्यवृद्धि पर डेयरी संचालक नरेश खुल्लर ने कहाकि दूध की कीमतों में वृद्धि होने से दूध से बनने वाले अन्य उत्पादों जैसे दही, पनीर, मक्खन, घी और मिठाई आदि की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। यदि ऐसा होता है, तो महंगाई का यह चक्र और भी गहरा जाएगा, जिससे आम आदमी के लिए जीवन यापन करना और मुश्किल हो जाएगा। जिससे लाखों परिवारों का बजट प्रभावित होगा।

इधर सांची दुग्ध संघ के आधिकारियों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी के कारण दुधारू पशुओं का दूध उत्पादन काफी घट गया है, जिससे बाजार में दूध की आपूर्ति प्रभावित हुई है। उत्पादन लागत में वृद्धि के कारण दूध की कीमतों में 2 प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है। किसानों को उचित मूल्य दिलाने और आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक था, लेकिन इससे आम आदमी पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

व्यापारिक संगठनों और शहरवासियों का कहना है कि हर घर में प्रतिदिन उपयोग होने वाले खुले दूध के दाम बढ़ गए हैं। गर्मी के दिनों में पशु चारा, पशुओं के पोषण आहार की कीमतों की वृद्धि और दूध की कम उपलब्धता की वजह से दूध और इससे बनने वाले उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है। इसका असर सिर्फ डेयरी से बेचे जाने वाले दूध और अन्य उत्पादों पर पड़ा है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल समेत पूरे देश के उपभोक्ताओं को महंगाई की एक और तगड़ी मार पड़ी है। सांची की भोपाल सहित प्रदेश में सांची दुग्ध संघ पैक्ड दूध की आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। अतः इस मूल्यवृद्धि से लाखों, करोड़ों घरों के बजट पर सीधा और बूरा असर पड़ेगा। साथ ही लोगों के पोषण पर भी इसका प्रभाव पड़ना लाजमी है। कहा जा रहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में दूध उत्पादन की लागत प्रति लीटर 4 से 5 तक बढ़ गई है।

### दुग्ध संघ ने की दूध क्रय की दर में वृद्धि



राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा 'सांची' के प्रबंधन संभालने के पश्चात एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के बाद अब इंदौर सहकारी दुग्ध संघ ने भी दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों से क्रय किए जाने वाले भैंस और गाय के दूध क्रय दरों में 11 मई 2025 से प्रभावशील वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार इंदौर दुग्ध संघ ने दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से भैंस का दूध क्रय 800 रूपए प्रतिकिलो फैट के हिसाब से किया जाता है, जो अब नवीन दर 820 रूपए प्रतिकिलो फैट पर क्रय किया जाएगा, दुग्ध उत्पादक किसान को 20 रूपए प्रतिकिलो फैट का फायदा होगा।

### मिल्क प्रोडक्ट की कीमत भी बढ़ेगी

#### बच्चे-बुजुर्ग और मरीजों के पोषण पर पड़ेगा बुरा असर

दूध के दाम बढ़ने से आम आदमी पर सीधा आर्थिक असर पड़ता है, खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर। दूध की खपत कम होने से बच्चों और बुजुर्गों के पोषण पर भी बुरा असर पड़ सकता है। दूध की कीमत बढ़ने से कुछ परिवार दूध की खपत कम कर सकते हैं। इसके साथ दूध से बने उत्पादों, जैसे कि दही, पनीर, और आइसक्रीम की कीमतें भी बढ़ेगी।

सौरभ खुल्लर
संचालक, हरियाणा डेयरी

#### खरीदी लागत बढ़ने से दूध की कीमत में वृद्धि

गर्मी और बदलते मौसम के कारण दूध के उत्पादन कम हुआ है। ऐसे समय में आपूर्ति कम हो जाती है जिसके कारण लागत बढ़ जाती है। इसके अलावा संघ ने दूध की खरीदी मूल्य वृद्धि की। अतः खरीदी लागत बढ़ने से दूध की कीमत में वृद्धि हुई है।

राजेश गुप्ता(बबलू)
संचालक, सेंट्रल इंडिया डेयरी फॉर्म

#### छोटा सा बदलाव कई घरों के बजट पर बड़ा प्रभाव डालेगा

दूध की कीमत में वृद्धि का सबसे ज्यादा असर मध्य और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर पड़ेगा। इस परिवार का मासिक बजट बिगड़ेगा। यह छोटा सा बदलाव कई घरों के बजट पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है। इसके साथ ही डेयरी उत्पाद जैसे दही, पनीर, मक्खन की कीमतों में भी वृद्धि होगी।

समीर भार्गव, अध्यक्ष, सिरोज मंडी अनाज दलहन-तिलहन व्यापारी महासंघ


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (श्रीमती अनिता वर्मा) क्रेता श्रीमती अनिता वर्मा पत्नी श्री धनंजय वर्मा, आयु वयस्क, निवासी सागर रॉयल होम्स, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल, म. प्र. द्वारा विक्रेता-मयंक दुबे आ. श्री मनोज दुबे, आयु-वयस्क, निवासी-म.नं.- एस.एल.-12, शिक्षा कांग्रेस कॉलोनी, फेस-3, बाग मुगालिया, भोपाल, म.प्र. से के बीच विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है। जो अनुबंधित एक किता आवासीय प्लाट क्रं.-ए-40, जो कि खसरा नं.-371/1, 372/2, 409/1, 409/2, 409/3, का अंश भाग है, जो कि ग्राम बाग मुगालिया, शिक्षा कांग्रेस गृह निर्माण समिति मर्यादित प.ह.नं.-42, नगर निगम वार्ड नं.-53, रोड से अंदर तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2160 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्थ सीमाएँ निम्नानुसार है-दिशा पूर्व में- म.नं.-39, दिशा पश्चिम में-रोड, दिशा उत्तर में- कॉलोनी बाउण्ड्री, दिशा दक्षिण में- म.नं.-40 है। यदि उक्त प्लाट पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय, सहकारी सोसायटी, एवं अन्य कोई ऋण भार, दान, बंधक, अथवा उक्त प्लाट में कोई हित हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या अभिकर्ता के माध्यम से मय दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त प्लाट पर क्रय कर लिया जावेगा। और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

भवदीय **लक्ष्मीनारायण चौहान**
कार्यालय पता चेम्बर नं.-213, उत्तमचंद इसराणी लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल, म.प्र.
मो. नं.-9826245514, 9425620561



**गुड्स एण्ड सर्विसेस टैक्स नेटवर्क**

कॉरपोरेट कार्यालयः चतुर्थ तल, पूर्व विंग, वर्ल्ड मार्ट-1, एयरोसिटी, दिल्ली - 110 037
दूरभाष : 011-49111200, www.gstn.org.in

**निविदा सूचना**

गुड्स एण्ड सर्विसेस टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन), एक सरकारी उद्यम, निम्नलिखित वस्तुओं/सेवाओं के लिए पात्र कंपनियों से बोलियाँ आमंत्रित करता हैः

| विवरण | बोली-पूर्व बैठक तिथि और समय | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|
| बीमा के ब्रोकर/सलाहकार पैनल के लिए आरएफपी | तिथि: 9 मई 2025 समयः 11:30 पूर्वाह्न | तिथि:23 मई 2025 समयः 3:00 अपराह्न |

निविदा/आरएफपी दस्तावेज और संबंधित आवश्यक जानकारी जीएसटीएन वेबसाइटः www.gstn.org से डाउनलोड की जा सकती है।

कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र जीएसटीएन वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

CBC 15319/12/0002/2526

संजय शर्मा
वीपी (पी एवं सी)



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**

(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur-492006 (C.G.)
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000
Website: www.csidc.in,
Email. csidc.cg@gov.in, csidc_raipur@yahoo.com

**Invitation for Expression of Interest (EOI)**

EOI/NIT No. 03 /CSIDC/E E/Division-IV/2025-26 Raipur, Dated 05/05/2025

The Government of Chhattisgarh, through the Chhattisgarh State Industrial Development Corporation (CSIDC), invites reputed Agencies to submit Expressions of Interest (EOI) for the "Up gradation, Maintenance and Operation of Agricultural Equipment Factory, Bhilai, Dist-Durg on Public-Private Partnership (PPP)".

The EOI document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from website www.csidc.in from 06/05/2025 and shall be submitted as detailed below:

**Key Details :**

* Last date for Submission of EOI: 04/06/2025, 04:00 P.M.
* Submission Mode: EOI should be submitted in a sealed envelope, super scribed as: "Expression of Interest (EOI)" for Up gradation, Maintenance and Operation of Agricultural Equipment Factory, Bhilai, Dist.-Durg (C.G.), on Public-Private Partnership (PPP)

**Address for Submission:**
The Managing Director,
Chhattisgarh State Industrial Development Corporation (CSIDC),
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 01,
Telibandha, Raipur (C.G.)-492001

For further information and clarifications, please contact:

* **Shri Alok Kumar Trivedi, Executive Director, CSIDC**
* Mobile: +91 94252-35401
* Email: csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

S -43765/4

**Executive Director, CSIDC**



**कार्यालय अधीक्षक, म.प्र. स्टेट गैरेज जहांगीराबाद, भोपाल**

दूरभाष नं. 0755-2766832 E-mail id-mpsgarage@mp.gov.in

क्रमांक/98 / म.प्र.स्टेट गैरेज / ई. निविदा/2025 — भोपाल दिनांक 06/05/25

ऑनलाईन (Online) अनुपयोगी वाहनो की नीलामी हेतु ई निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय म.प्र. स्टेट गैरेज की 53 अनुपयोगी वाहनो की नीलामी ई-नीलामी के गाध्यम से किये जाने हेतु ई-आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। वाहनो का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है। वाहनो का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | वाहनो का विवरण | | ई.एम.डी. राशि प्रतिवाहन हेतु | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 1 | MP/ State Garage 98/ 2025 | सफारी स्ट्रोम | 09 | रूपये 10,000/- | 21 दिवस 06-05-25 से 27-05-25 |
| | | सफारी VX | 28 | | |
| | | इंडिगो मांझा | 01 | | |
| | | इनोवा | 06 | | |
| | | इनोवा क्रिस्टा | 09 | | |
| | | कुल योग- | 53 | | |

नोटः- वाहनो का विस्तृत विवरण नियम एवं शर्ते एम.पी. टेण्डर्स पर उपलब्ध है।
शर्तेः- 1. ई-ऑक्शन से संबंधित विस्तृत शर्ते https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. ई-ऑक्शन में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। उसके लिये पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।
3. दर डालने की तिथि: 06-05-25 से 27-05-25 तक
4. तकनीकी बीड खोलने की तिथि: 30-05-25.

जी - 12501/25 — स्वच्छता ही सेवा

अधीक्षक
म.प्र.स्टेट गैरेज, भोपाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1**
**शेड क्रं-7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क्र-01/वलेलि/2025-26 — भोपाल, दि-02.05.2025

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 01 | 2025_PWDRB_420990 | लोनिवि. केन्द्रीय भण्डार उपसंभाग भोपाल के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो पर पेच रिपेयर का कार्य। | रू. 20,00,000.00 (रू. बीस लाख मात्र) | रू. 40000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 16.05.2025 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रं. -1 भोपाल
दूरभाष-0755-2777485

जी -12484/25 — स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**

ईमेलः- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष/फेक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./ रायसेन / 2025-26 — रायसेन, दिनांक 02.05.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर आई.टी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु.राशि (रू.लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_420929_1 | रायसेन | पेंच मरम्मत कार्य। | रायसेन संभाग अन्तर्गत विभिन्न मार्गो पर पेंच मरम्मत कार्य। (जोनल वर्क) | प्रथम | 58.00 | |
| | | | | योग | | 58.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 16/05/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग,रायसेन संभाग रायसेन (म.प्र.)

जी - 12499/25 — स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर भारत का करारा प्रहार

भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये अपना शौर्य दिखाया और पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर पिन प्वाइंट करके टार्गेट पर सटीक हमला किया। ये हमले पीओके और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों पर किए गए। इनमें कई आतंकियों की जान भी गई है। भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन से आतंकी गुटों और इसके सरपरस्तों को करारा जवाब दिया है कि वे भारत पर हमला करके बच नहीं सकते हैं। नया भारत शांति के पुजारी के साथ-साथ दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने की क्षमता भी रखता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने निहत्थे बेकसूर पर्यटकों के समूह पर धर्म पूछकर हिंदुओं पर हमला किया, जिसमें 26 पर्यटक व एक स्थानीय नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है। इससे साफ हो गया था कि पहलगाम में टीआरएफ के आतंकी हमले पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों की करतूत है। पाकिस्तान में लश्करे तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आधा दर्जन आतंकी गुट पाकिस्तान एटाब्लिशमेंट की सरपरस्ती में भारत में आतंकी हमले में लिप्त है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंक की नस काटने के लिए अनेक कदम उठाए। सिंधु जल संधि को निलंबित किया, चिनाब का पानी रोका, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया, पाकिस्तान के नागरिकों को भेजा, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की, ट्रेड पूरी तरह बंद किया, हवाई क्षेत्र बंद किए, पाक के यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए। इसके बाद आखिर में सेना ने पाक स्थित आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक करके नेस्तनाबूद किया। इस दौरान भारत ने ध्यान रखा है कि पाक के सामान्य नागरिकों, पाक फौज के क्षेत्र और पाक के सरकारी प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद से बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से एलओसी पर लगातार सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है, जिसमें करीब 15 भारतीय नागरिक मारे गए हैं, भारत इस गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। देश इस वक्त हाई अलर्ट पर है और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए तैयार है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा जारी रखेगा और आतंक के आकाओं का खात्मा करता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर, सैयदना बिलाल कैंप, कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप, अब्बास कैंप, भिम्बर का बरनाला कैंप, सियालकोट का सरजल कैंप व हिजबुल महमूना जाया कैंप, मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप, बहावलपुर में जैश का हेडक्वार्टर मस्जिद सुभान अल्लाह जैसे अहम आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दहशतगर्दी के ढांचे की कमर तोड़ी गई है। आतंक के इन्हीं अड्डों से भारत के खिलाफ आतंकवादी कुकृत्यों को अंजाम दिए जाते रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने और भविष्य में ऐसे किसी हमले को रोकने के लिए 'नपी-तुली, टकराव को न बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई की। भारत ने आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने मिसाइल हमले कर बता दिया है कि हमारा दायरा सीमित नहीं है, आतंक के खिलाफ हम कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं।



ऑपरेशन सिंदूर
विकेश कुमार बडोला

भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। हमले के चलते पाकिस्तान ने अपने लाहौर व सियालकोट दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

# आतंक के आकाओं को सिखाया सबक

पहलगाम नरसंहार के बाद भारतवर्ष के समक्ष अपनी लोकतांत्रिक और सर्वोपरि सैन्य अस्मिता की रक्षा करने की चुनौती थी, जो उसने अपनी वायु सेना के अदम्य पराक्रम की सहायता से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ ठिकानों पर हवाई हमला करके समाप्त कर दी। जिन क्षेत्रों पर प्रक्षेपास्त्र अस्त्र छोड़े गये हैं वे बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में स्थित हैं। यही वे ठिकाने हैं जहां से भारत पर आतंकी हमलों का षड्यंत्र किया जा रहा था और यहीं से प्रमुख आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों के आदेश दिये जा रहे थे। हालांकि पाकिस्तान अखबार डॉन के अनुसार इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 12 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी ओर कल रात के प्रतिशोधपरक हमले के बाद भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जिन पाकिस्तानी क्षेत्रों पर हमला हुआ है चूंकि वे लाहौर व सियालकोट एयरपोर्ट के समीप हैं अतः पाकिस्तान ने अपने इन दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है। हमले की प्रतिक्रिया में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है और वे इसका करारा जवाब देंगे। उनके अनुसार उन पर जंग थोपी जा रही है। दोनों देशों के बीच विगत एक पखवाड़े से चली आ रही युद्ध की आशंकाओं के बाद भारत की एयर स्ट्राइक के संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से भी बात की। इससे पहले शासन ने 6 मई को पाक के साथ भारत के संभावित युद्ध होने की स्थिति में भारत पर शत्रु देश के हमले की स्थिति में सार्वजनिक जनजीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल यानी सुरक्षा संबंधी पूर्वाभ्यास के बारे में भारतभर में जागरुकता संदेश प्रसारित किया है। यह अभ्यास 7 मई को अपराह्न व संध्याकाल में विधिवत ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान तथा उसके आतंकवादियों पर भारतीय जनाक्रोश के बढ़ते रहने के कारण भारत के शासन पर जिस प्रकार शत्रु देश की शरण वाले आतंकवादियों व उनके ठिकानों को खत्म करने का उत्तरदायित्व आ पड़ा था, अंततः शासन ने अपना वह उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया है। इससे पहले एक गणतांत्रिक देश के समीचीन उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए भारत ने पहलगाम में अपने नागरिकों की क्रूरतम हत्याओं के बाद दोषी आतंकी गिरोहों की शरणस्थली में परिवर्तित पाकिस्तान को विभिन्न मोर्चों पर दबाने व अपमानित करने के भरसक प्रयास किये। आरंभ में अटारी-वाघा सीमा बंद करने, सिंधु जल समझौता निरस्त करने, समझौते के तहत निर्धारित



पाकिस्तान के हिस्से वाली नदियों के बांधों पर पानी रोकने, पाक राजनयिकों समेत नागरिकों को भारत छोड़ने और पाक से अपने राजनयिकों व नागरिकों को वापस बुलाने, उसके साथ हर तरह का आयात-निर्यात बंद करने, डाक कूरियर और पत्राचार सेवा बंद करने, अपने हवाई क्षेत्र को उसके लिए पूर्णतः बंद करने, वहां के विवादित यूट्यूब चैनलों सहित कई ट्विटर खातों को भारत में प्रतिबंधित करने, सिनेमा खेल इत्यादि अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक संपर्क विच्छेद करने, इत्यादि अनेक ऐसे निर्णय पहलगाम हमले में दिवंगत अपने नागरिकों के गहन प्रतिशोध को इंगित करते हुए प्रतीत हुए थे। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा की स्थायी व अस्थायी परिषदों में पाकिस्तान को आतंक पोषण-संरक्षण की उसकी करतूतों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराने के बाद उस पर इन ऐसी संस्थाओं द्वारा भविष्य में लगाये जा सकने वाले हरसंभव प्रतिबंध के लिए जमीन तैयार करने के लिए भी भारत ने चाकचौबंद पूर्वव्यवस्था कर दी है। पाकिस्तान की ओर बहने वाली सभी नदियों के बांधों के पानी को रोकने जैसे निर्णय अंततः पाकिस्तान में भयंकर उथल-पुथल मचायेंगे। विगत में 2019 के आसपास भारत ने एफएटीएफ के माध्यम से पाक को उसकी आतंकी करतूतों के लिए ग्रे सूची में डालने में सफलता पाई है, लेकिन एक बार यदि वह ब्लैक लिस्ट हो जाता है, तो दुनिया की किसी भी सार्वजनिक संस्था के माध्यम से उसे कर्ज नहीं मिल सकेगा। जो देश कर्ज के बूते ही किसी तरह अपनी नैया पार लगाने की जुगत में रहा है, उसके लिये यह कार्रवाई पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति ही होगी। फिलहाल पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की और अजरबेजान के अतिरिक्त कोई अन्य देश खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। चीन भी केवल और केवल किंचित न्यून अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए पाक के साथ खड़े होने का आभास करा रहा है क्योंकि चीन-पाक आर्थिक गलियारे में चीन द्वारा किये गये निवेश के तहत उसकी अनेक महत्वपूर्ण संरचनाएं पाक में स्थित हैं। चीन को केवल उन संरचनाओं की चिंता है ना कि पाकिस्तान के बर्बाद होने की। अर्थ-व्यापार के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर चीन के लिए संभव नहीं होगा कि वह पाकिस्तान के दीर्घकालीन सैन्य हितों अथवा भारत के साथ युद्ध में उलझने वाले पाकिस्तान के प्रत्यक्ष आर्थिक-सामरिक हितों के लिए उसका सीधा साथ दे सके। तुर्की भी कहीं न कहीं अपने किसी हित के लिए पाकिस्तान के समर्थन में कूदा हुआ है, जो अंततः पाक को पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ ही दिखाता है। इसके विपरीत भारत की बढ़ती आर्थिक हैसियत और लगभग हर क्षेत्र में एक गहन उत्तरदायी गणतांत्रिक देश के रूप में प्रतिबिंबित भारतीय छवि के आकर्षण में बंधकर आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस बहुत हद तक भारत के साथ हैं। जर्मनी, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कोरिया, कनाडा, इत्यादि देश भी भारत की बढ़ते अर्थप्रभुत्व के कारण भारत के साथ ही हैं। फ्रांस के साथ तो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक के मध्य उभरी युद्धक आशंकाओं के आलोक में भारत ने राफेल विमान खरीदने की 63000 करोड़ की डील को अंतिम रूप भी दे दिया है। रूस से भी भारत को एक मिसाइल प्रौद्योगिकी मिल चुकी है, जो शीघ्र ही भारतीय सैन्य बेड़े में सम्मिलित होगी। रूस के राष्ट्रपति पहलगाम हमले के बाद स्पष्ट रूप में वक्तव्य दे चुके हैं कि वे हर हालत में भारत के साथ हैं।जापान के रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में प्रत्यक्ष भेंटवार्ता करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश भारतीय हितों के साथ खड़ा है। इन परिस्थितियों में साफ-साफ दिखाई देता है कि पाकिस्तान के साथ चाहे सैन्य युद्ध की परिस्थितियां निर्मित हों चाहे कोई अन्य तरह का तनाव, भारत का पलड़ा बहुत भारी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
विनोद पाठक



# पाक सेना की पकड़ से छूट रहा पाकिस्तान!

नौ मई 2023 का दिन पाकिस्तानी सेना कभी भूलेगी नहीं, उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने पाकिस्तान में उस भ्रम को तोड़ दिया था कि वहां सेना को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इमरान समर्थकों ने न केवल 20 से ज्यादा सैन्य और सरकारी भवनों पर हमला किया था, बल्कि रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में घुसकर तोड़-फोड़ की थी। तब एक तरह से पाकिस्तान की जनता का विश्वास अपनी सेना से उठ गया था। पाकिस्तानी सेना की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। ठीक दो साल बाद 6-7 मई की मध्यरात्रि को भी पाकिस्तान सेना भूलेगी नहीं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सेना के चेहरे से एक और नकाब उतार दिया है। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान सेना की और दुर्गति देखने को मिलेगी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार सिर्फ एक मुखौटा भर है। पाकिस्तान सेना ही देश को चलाती है। अपनी झूठी प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए पाकिस्तान सेना केवल और केवल प्रोपेगेंडा का सहारा लेती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध, जिसमें पाकिस्तान सेना की करारी हार हुई थी, में वो खुद को विजेता घोषित बताती आ रही है। हर वर्ष 6 सितंबर को 'रक्षा दिवस' या 'यौम-ए-दिफा' मनाती आ रही है, जबकि 1965 में तथाकथित मजबूत पाकिस्तान सेना की पोल 1971 में तब खुल गई थी, जब भारतीय सेना ने न केवल उसे पटखनी दी, बल्कि पाकिस्तान के दो टुकड़े भी करा दिए थे। 1971 भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के जनरल जिया-उल-हक ने मार्शल लॉ लगाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। साढ़े चार दशक से पाकिस्तान की जनता अपनी सेना के झूठ को सच मानकर झूम रही थी, लेकिन अब लग रहा है कि जनता का मन सेना से भर गया है। बलूचिस्तान हो या खैबर पख्तूनख्वा या पाक अधिकृत कश्मीर, हर तरफ से पाकिस्तान सेना के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। पाकिस्तानी सैनिक मारे जा रहे हैं। विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तान सेना ने जुल्म की इंतहां की हुई है। जो कोई पाकिस्तान सेना के खिलाफ कुछ बोलता है, या तो वो जेल में होता है या देश छोड़कर उसे भागने पर विवश होना पड़ता है। पाकिस्तान सेना के कुछ और झूठों पर नजर डालते हैं। 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना की स्ट्राइक को पाकिस्तान सेना ने सिरे से नकार दिया था, जबकि उसे नुकसान हुआ था। 2019 में पुलवामा के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तो पाकिस्तान सेना ने उसे बिना किसी नुकसान वाला बता डाला था, जबकि बालाकोट में जिस आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना ने मिसाइल गिराई थीं, वहां चार महीने मीडिया को जाने नहीं दिया गया था। भारतीय एयर स्ट्राइक के अगले दिन पाकिस्तान वायुसेना ने जवाबी हमला किया था, जिसमें भारतीय वायुसेवा के पायलट अभिनंदन पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू जहाज का पीछा करते हुए एलओसी पार कर गए थे और उनके मिग-21 बाइसन ने एफ-16 को मिसाइल से शूट कर दिया था। हालांकि, अभिनंदन का विमान भी मिसाइल लगने से क्रैश हो गया था। पाकिस्तान सेना की सोशल मीडिया टीम यह भ्रम फैलाकर अपनी जनता को उल्लू बना रही है कि उसने भारतीय वायुसेवा के लड़ाकू जहाजों को गिराया है, जबकि भारत सरकार और सेना यह साफ कर चुकी है कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कोई जहाज नष्ट नहीं हुआ है। दरअसल, दुनिया में एक मजाक चलता है कि सभी देशों को फौज मिली है, लेकिन पाकिस्तान में फौज को एक देश मिला है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान सेना शुरू से वहां आतंक को पालती आ रही है। पाकिस्तान सेना के जनरलों ने अरबों अमेरिकी डॉलर आतंकवाद के नाम पर डकारे हैं। अब पाकिस्तान सेना का बुरा समय शुरू हो गया है। जिस आतंकवाद रूपी जहरीले सांप को उसने पाला था, वही उसे डस रहा है। पाकिस्तान सेना के खिलाफ देश के भीतर से आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से बगावत के सुर बुलंद हो चले हैं। पाकिस्तान सेना को वहां के लोग ही उसका असली चेहरा दिखा रहे हैं। भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है। भारत को चाहिए कि वो पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दे। ऑपरेशन सिंदूर तक न रुके। जैसा कुछ पूर्व भारतीय जनरल कह रहे हैं कि यह ऑपरेशन सिंदूर का फेस वन है। आवश्यकता पाकिस्तान सेना को हर तरीके से नुकसान पहुंचाने और बेनकाब करने की है। आतंकी पाकिस्तान सेना का फन कुचलने तक भारत को रुकना नहीं चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सिद्धार्थ से बुद्धत्व तक की यात्रा



संकलित
दर्शन

जन्म, संबोधि और निर्वाण- बुद्ध के जीवन की ये तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। यह सिद्धार्थ के बुद्धत्व तक की यात्रा है, जिसमें उन्होंने जन-कल्याण के लिए महानिर्वाण को भी त्याग दिया। बुद्ध का हृदय करुणाशील था, जैसे उनके हृदय में करुणा का सागर हिलोरें ले रहा हो। यह करुणा ही उनके सूत्रों को मानवता के कल्याण का प्रेरक बनाती है। उनका उद्देश्य केवल बाहरी दुनिया को बदलना नहीं था, बल्कि अंदर की स्थिति को बाहरी जगत से एकीकृत करना था। बुद्ध का एक प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना इतना आसान नहीं है, इतना सरल नहीं है। हालांकि हमें यही लगता है कि डेढ़ अरब से अधिक जनसंख्या अकेले भारत की ही है। इसका मतलब मानव जन्म सुलभ है, तभी तो सब पैदा हो गए। पर बुद्ध ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसा कहा होगा क्योंकि बुद्ध ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ बोलने के लिए कोई बात नहीं बोलते, बल्कि विज्ञान, तर्क, बुद्धि, विवेक आदि का उपयोग करने के बाद ही मुख से वचन निकालते हैं। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ मनुष्य का शरीर पाया तो क्या पाया, अगर मनुष्यता नहीं पाई तो मनुष्य कहां से हुआ! मनुष्य शरीर कीमती है, निश्चित ही कीमती है, लेकिन मनुष्य का शरीर मिल गया, अब और कुछ नहीं चाहिए; ऐसा नहीं है। जैसे गुलाब का बीज तुम्हारे हाथ में हो, लेकिन उस बीज को जब तक तुम धरती में नहीं डालो और वह पौधा न बने, उसमें फूल न लगें, तब तक आप उस बीज से निकलने वाले फूलों की खुशबू नहीं ले सकते।

## दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी से बचें



संकलित
प्रेरणा

चाणक्य का मानना था कि जीवन में बहुत से लोग होते हैं, जिनका साथ हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। विशेष रूप से दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी लोग हमारी मानसिक शांति को भंग कर सकते हैं। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति में दुष्ट लोगों से बचने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और इसके लिए उन्होंने सांप की तुलना का प्रयोग किया है। दुष्ट व्यक्ति और सांप की तुलना की जाए तो सांप बेहतर है, क्योंकि सांप एक बार डसता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर धोखा देता है। चाणक्य का मानना था कि दुष्ट व्यक्ति को पहचानना बहुत जरूरी है क्योंकि वह हमें बार-बार नुकसान पहुंचाता है। वे केवल एक बार नहीं, बल्कि हर समय हमें धोखा देने की कोशिश करते हैं। इसके विपरीत, सांप अपनी रक्षा के लिए डसता है, इसलिए हमें सांप से ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य का यह संदेश है कि हमें दुष्ट लोगों से हर हाल में बचना चाहिए क्योंकि उनका साथ हमारे जीवन को नष्ट कर सकता है। चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट राजा, मित्र या शिष्य से हमें दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारे जीवन की सुख-शांति को भंग कर सकते हैं। एक दुष्ट राजा की तुलना में प्रजा कभी सुखी नहीं रह सकती। इसी तरह, एक दुष्ट मित्र या शिष्य से हमें बहुत कम लाभ मिलेगा। चाणक्य ने मूर्खों, निर्धन लोगों और वेश्याओं से भी दूरी बनाने की सलाह दी है, क्योंकि ये लोग हमेशा किसी न किसी प्रकार से हमारी प्रगति में रुकावट डाल सकते हैं।

## सटाका




### आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *-विनय कुमार साहू, रायपुर*

### ट्रेंड

**मुक्त व्यापार समझौता**



ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके, भारत ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह व्यापक भलाई के लिए वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर अडिग है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

**उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना**



आईटीआई उन्नयन के लिए राष्ट्रीय योजना और भुवनेश्वर सहित पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी, कुल 60,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को गति मिलेगी।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

**भारतीय सेना का अभिनंदन**



'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर कायर आतंकियों को मिटाने का काम भारत ने करके दिखाया! पहलगाम हमले का पाकिस्तान को करारा और शक्तिशाली जवाब देने के लिए भारतीय सेना को मन:पूर्वक अभिनंदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार!
**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

**योद्धाओं को सलाम**



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा।
**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### करंट अफेयर


## सोमनाथ मंदिर के लिए पाक से लाया गया था सिंधु का जल



आजादी के बमुश्किल चार साल बाद प्राचीन सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े एक अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान से सिंधु नदी का जल मांगा गया था और वहां तैनात तत्कालीन भारतीय राजनयिक ने नयी दिल्ली को सूचित किया था कि पाकिस्तान सरकार इस पर कोई आपत्ति नहीं करेगी। अभिलेखीय दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। ये दस्तावेज भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास हैं। एक प्रमुख भारतीय राष्ट्रीय दैनिक में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 1951 में तत्कालीन रियासत के प्रमुख ने अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान के सिंधु नदी से कुछ जल मंगाने के लिए भारतीय अधिकारियों को अनुरोध भेजा था। यह मंदिर से संबंधित समारोह के लिए विभिन्न स्थानों से जल और मिट्टी एकत्र करने के प्रयासों का हिस्सा था। यह घटना सिंधु जल संधि से नौ साल पहले की है, जिस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सितंबर 1960 में कराची में हस्ताक्षर किए गए थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद नयी दिल्ली ने इस समझौते को निलंबित कर दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) भारत सरकार के पुराने अभिलेखों का संरक्षक है तथा प्रशासकों और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए उन्हें रखता है।

### ऑफ बीट

## अंतरिक्ष यात्री शुक्ला को मिलेगा भारतीय भोजन



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस महीने के अंत में प्रक्षेपित होने वाले एक्सिओम मिशन 4 के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के चावल, मूंग दाल के हलवे और आम के रस का स्वाद ले सकेंगे। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे। उनके पास नासा द्वारा मिशन के लिए अनुमोदित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चावल के व्यंजन, मूंग दाल का हलवा और आम का रस सहित अन्य व्यंजन विकसित किए हैं। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डी.के. सिंह ने कहा, 'शुक्ला जी को 'घर का खाना' मिलेगा और उनके पास नासा द्वारा अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। उन्होंने कहा कि इसरो और डीआरडीओ ने गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाद्य पदार्थ विकसित किए हैं और नासा की मंजूरी से इन्हें शुक्ला को उपलब्ध कराया जा रहा है। एक्सिओम स्पेस ने पिछले महीने एक्सिओम मिशन 4 के चालक दल के सदस्यों का एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वे आईएसएस के लिए उपलब्ध विभिन्न खाद्य विकल्पों का स्वाद लेते नजर आ रहे थे।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# भारत ने अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया ‘ऑपरेशन सिंदूर’ व जय हिंद के नारों की दहाड़ के साथ बदला लिया



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की सैन्य कार्रवाई पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बुधवार को कहा कि देश अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। ‘ऑपरेशन सिंदूर’ पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। भारत अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। भारत के दुश्मन चाहे कहीं भी हों, उन्हें उनके घर में घुसकर मारा जाएगा।

सरमा ने मंगलवार देर रात ‘ऑपरेशन सिंदूर’ का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें लिखा था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने माकूल जवाब दिया है और भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। इससे पहले सरमा ने ‘जय हिंद’ के नारे के साथ ‘ऑपरेशन ’ का एक पोस्टर पोस्ट करते हुए पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर की पहुंची भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई की प्रशंसा की थी।




*केंद्र ने पहलगाम हमले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सत्तापक्ष के साथ विपक्ष ने भी इसका समर्थन किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए भारतीय सेना की तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद!*

## राजनेताओं, विपक्षी दलों समेत सेलेब्स ने भी भारत की कार्रवाई की प्रशंसा



नई दिल्ली। भारतीय सेना ने आतंकी कैंप ध्वस्त कर दिया।

**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बोले**

### ‘शौर्य तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिकाः। विजयं तेषु नित्यं स्यात, जयतु भारतमाता॥



**देहरादून।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमलों के लिए भारतीय सेना को बुधवार को बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में धामी ने पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा कि यह भारत की ओर से ‘आतंकिस्तान’ के खिलाफ जवाबी कार्रवाई है। एक अन्य पोस्ट में संस्कृत के श्लोक से शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, ‘शौर्य तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिकाः। विजयं तेषु नित्यं स्यात, जयतु भारतमाता॥ उन्होंने इसका हिंदी में अनुवाद करते हुए लिखा, जहां भारत की सेना है, वहां शौर्य, तेज और अनुशासन है। उन्हें सदा विजय प्राप्त हो-भारत माता की जय।

**पूर्व मुख्यमंत्री चंपई भी दिखे खुश**

## भारत हमले बर्दाश्त नहीं करेगा



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के तहत पाकिस्तान और पीओकेमें आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के लिए बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। एक्स में लिखा, पहलगाम का बदला ले लिया गया है और आतंकवादियों की रीढ़ तोड़ दी गई है। हर भारतीय को हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व है और देश के दुश्मनों को अकल्पनीय सजा देने कापीएम मोदी द्वारा किया गया वादा पूरा हुआ है। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि भारत अपनी धरती पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा।

**नीतीश ने पीएम मोदी के लिए कहा**

### पीएम मोदी के नेतृत्व पर सभी को अटूट विश्वास और गर्व



**पटना।** पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर घुसकर आतंकवादियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करने की भारत की तीनों सेना की संयुक्त कार्रवाई पर बिहार में खास से लेकर आम तक खुशी का इजहार कर रहा है। आम लोगों ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना और पीएम मोदी को लेकर गौरवपूर्ण बातें लिखीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने एक्स पर अपनी बातें शेयर कर लिखा, भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। आदरणीय पीएम मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है।

**शरद ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सराहना की**

### हमले के बाद कोई मूकदर्शक नहीं रहेगा



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकी हमले के बाद कोई भी देश मूकदर्शक नहीं बना रह सकता और अब दुनिया में यह संदेश गया है कि ‘भारत आक्रामक है।’ पवार ने एक पोस्ट में यह भी कहा कि उन्होंने इस ‘ऑपरेशन’ के बारे में पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की तथा इस कठिन समय में सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। पवार ने कहा कि इन आतंकवादी हमलों का जवाब देते समय सावधानी से कदम उठाना जरूरी था। इन हवाई हमलों के बाद दुनिया में यह संदेश गया है कि भारत आक्रामक है।

**सीएम फडणवीस ने कहा**


### अब तो सबूत मांगने की कोई गुंजाइश नहीं



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की बुधवार को सराहना की और कहा कि मिसाइल हमलों के वीडियो फुटेज सामने आने के बाद संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। फडणवीस ने एक वीडियो संदेश में कहा हम भारतीय सशस्त्र बलों और पीएममोदी को इस हमले के लिए बधाई देते हैं। यह एक सटीक हमला था जिसमें नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इस बार हवाई हमले का वीडियो फुटेज उपलब्ध है, जिससे किसी के लिए भी इसका सबूत मांगने की कोई गुंजाइश नहीं है।

**आंध्र के मुख्यमंत्री ने कहा**

### हमारा देश दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रहा



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी शिविरों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। नायडू ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मैं भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम करता हूं। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व ने भारत की ताकत और दृढ़ संकल्प को देखा है। उन्होने ‘एक्स’ पर किए गए पोस्ट को साझा करते हुए जय हिंदलिखा। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के लिए प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी को भी सेना के साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद।

**विपक्षी दलों ने भी कार्रवाई को सही कदम बताया**

## हम सरकार और सेना के साथ हर कदम का समर्थनः कांग्रेस

इस सैन्य कार्रवाई पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की तरफ से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी सरकार और सेना के साथ है और उनके हर कदम का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की हर कार्रवाई का समर्थन करती है। खरगे ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भेदभाव नहीं है, सब एकजुट होकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना और उसके शौर्य व पराक्रम पर हमें गर्व है। कांग्रेस पार्टी देश के वीर जवानों के साथ है। खरगे ने कहा कि कार्य समिति की बैठक में पार्टी ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर से उत्पन्न आतंकवाद के विरुद्ध भारत की स्पष्ट और अडिग राष्ट्रीय नीति का समर्थन किया और भारतीय शस्त्र बलों के साहस को सलाम किया।



**तेजस्वी बोले**

### हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व



**पटना।** पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों पर भारत की सटीक कार्रवाई पर आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, जय हिंद, भारत माता की जय। न आतंक रहे न अलगाववाद। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है।

## भारतीय सेना के साहसिक कदम सराहनीय,जय हिंद...!

पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को लेकर देश भर में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भी अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक संक्षिप्त संदेश देते हुए लिखा ”जय हिंद! जय इंडिया!” इस एक पंक्ति के संदेश में उन्होंने न केवल भारतीय सेना के साहसिक कदम की सराहना की, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए इस निर्णायक कदम को भी अप्रत्यक्ष समर्थन दिया। मुख्यमंत्री ममता का यह वक्तव्य ऐसे समय पर आया है जब केंद्र सरकार की ओर से भी ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता को लेकर आधिकारिक पुष्टि की गई है। देश के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि भारत ने मंगलवार रात एक पूर्व-नियोजित और सटीक सैन्य अभियान चलाया, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को पूरी तरह नष्ट किया गया।



### धर्म पूछकर मारा था, अब कर्म भुगतोः प्रियंका



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था। अब कर्म भुगतो। चतुर्वेदी ने आगे लिखा, हर माथे का सिंदूर मिटने ना देंगे, मिटाया तो उसका जवाब देकर रहेंगे। जय जवान! जय हिंदुस्तान! जय हिंद!

### ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को लेकर अमिताभ बच्चन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया



भारत सरकार की तरफ ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को अंजाम दिया गया है। इस ऑपरेशन के बाद अमिताभ बच्चन ने क्यों चुप्पी साध रखी है। आम लोगों से लेकर सेलेब्स तक ने इस घटना की जमकर निंदा की थी। इसी कड़ी में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया था, लेकिन उन्होंने अपने पोस्ट नंबर के अलावा कुछ नहीं लिखा था। बॉलीवुड सेलेब्स सोशल मीडिया पर ‘भारत माता की जय’ लिखने में व्यस्त हैं ।

### भारत की गद्दी पर बैठा, बाप तुम्हारा मोदी हैः रवि किशन



**पटना।** भोजपुरी स्टार व भाजपा सांसद रवि किशन ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक्स पर पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में उन्होंने अपने तेवर दिखाए हैं और लिखा, ‘घर में घुसकर मारा है, कब्र तुम्हारी खोदी है, भारत की गद्दी पर बैठा, बाप तुम्हारा मोदी है। उनकी ये पोस्ट सामने आने के बाद लोग सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ कर रहे हैं और एक्टर की पोस्ट पर सहमति जता रहे हैं। एक शख्स ने इस पोस्ट पर लिखा, अब आया बेचैन दिल को करार।

**खबर संक्षेप**

### भाकियू ने अपने सभी आंदोलन स्थगित किए



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय सेना द्वारा ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के बाद उत्पन्न हालात को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने बुधवार को अपने सभी आंदोलन, धरने और विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिए। प्रवक्ता राकेश टिकैत ने ‘फेसबुक’ पर संदेश में कहा कि संगठन ने देश में मौजूदा माहौल को देखते हुए अपने सभी विरोध-प्रदर्शनों को स्थगित करने का फैसला किया है।

### मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का निधन



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. सत्य नारायण प्रसाद का मंगलवार देर रात यहां निधन हो गया। 56 वर्षीय न्यायमूर्ति प्रसाद को दिल का दौरा पड़ा था। तंजावुर जिले में 15 मार्च, 1969 को जन्मे न्यायमूर्ति सत्य नारायण प्रसाद वेल्लोर जिले के मूल निवासी थे। उन्होंने वेल्लोर के ‘वूरहीस हायर सेकंडरी स्कूल’ से पढ़ाई की थी और चेन्नई के लोयोला कॉलेज से इतिहास में स्नातक की उपाधि हासिल की थी।

### पीएम मोदी ने कहा-भारत के स्पेस मिशन का नया दौर शुरू

## स्टार्टअप्स की एंट्री से अब मिल रही नई उड़ान 2040 तक चांद पर हमारे एस्ट्रोनॉट छोड़ेंगे ‘निशान’

**ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन को किया संबोधित**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भारत की अब तक की स्पेस जर्नी और आने वाले मिशनों को लेकर कई अहम घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सिर्फ एक मंजिल नहीं, बल्कि जिज्ञासा, हिम्मत और सामूहिक तरक्की की पहचान है। पीएम मोदी ने बताया कि जल्द ही एक भारतीय एस्ट्रोनॉट इसरो- नासा के जॉइंट मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेगा। यह भारत की पहली ह्यूमन स्पेस फ्लाइट ‘गगनयान’ का अगला कदम है, जो देश की तकनीकी क्षमताओं और आत्मविश्वास को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2040 तक चांद पर अपने एस्ट्रॉनॉट्स के फुटप्रिंट छोड़ना है। इसके अलावा मंगल और शुक्र जैसे ग्रह भी भारत की अगली स्पेस प्लानिंग में शामिल हैं। 2035 तक भारत का खुद का ‘भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन’ तैयार करने का प्लान है।

‘भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन’ करेंगे तैयार

**पीएम मोदी ने बताया भविष्य का रोडमैप**




**महिलाएं बन रहीं हैं स्पेस मिशन की लीडर**

पीएम मोदी ने बताया कि भारत के कई अहम स्पेस मिशन की अगुवाई महिला साइंटिस्ट कर रही हैं। यह बदलाव न सिर्फ वैज्ञानिक विकास बल्कि सामाजिक बदलाव की भी तस्वीर दिखाता है। उन्होंने बताया कि भारत में अब 250 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं जो सैटेलाइट टेक्नोलॉजी, इमेजिंग, प्रोपल्शन सिस्टम जैसे सेक्टर में काम कर रहे हैं। इससे इनोवेशन को बढ़ावा मिल रहा है और देश को नई टेक्नोलॉजी मिल रही है।

### भारत की बड़ी उड़ान... चंद्रयान से मंगल तक

पीएम ने भारत की पिछली उपलब्धियों पर भी बात की, जैसे चंद्रयान-1 से चांद पर पानी की खोज, चंद्रयान-2 से हाई-रेजोलूशन इमेज और चंद्रयान-3 के जरिए साउथ पोल पर लैंडिंग। इसके साथ ही 2014 में भारत ने पहले ही प्रयास में मंगल तक पहुंच कर इतिहास रचा था।

### ‘वसुधैव कुटुंबकम’ से जुड़ा भारत का स्पेस विजन

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस मिशन सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के भले के लिए है। ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की सोच के साथ भारत बाकी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। उन्होंने जी 20 सैटेलाइट मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्लोबल साउथ के लिए भारत की बड़ी देन होगी। भारत अब सिर्फ स्पेस में उड़ान नहीं भर रहा, बल्कि वहां अपनी छाप छोड़ रहा है। मोदी का यह संदेश दुनिया को भारत की स्पेस ताकत और उसकी भविष्य के रोडमैप दोनों को दिखाता है।

### आमजन को भी फायदा

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि स्पेस टेक्नोलॉजी का फायदा देश की आम जनता तक पहुंच रहा है। जैसे फिशरमैन को अलर्ट देना, मौसम की सटीक जानकारी, रेलवे की सुरक्षा और गतीशक्ति जैसी सरकारी योजनाओं में सैटेलाइट का इस्तेमाल हो रहा है।

**पटियाला के समाना रोड पर दर्दनाक हादसा**

## 6 स्कूली छात्रों समेत 7 की मौत,1 गंभीर रूप से घायल

स्कूल वैन की डंपर से भीषण टक्कर हो गई

एजेंसी ▶▶ पटियाला

पंजाब के पटियाला में भीषण रोड एक्सीडेंट में छह स्कूली बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्कूल वैन की एक डंपर से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि इसके साथ ही वैन ड्राइवर की भी मौत हो गई। हादसे में एक बच्चे की हालत गंभीर है और वह अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। हादसा समाना-पटियाला रोड पर टोल प्लाज़ा के नजदीक हुआ। बताया जा रहा है कि बच्चे पटियाला के एक निजी पब्लिक स्कूल के थे। हादसे में एक बच्चा बुरी तरह घायल हो गया।



### टक्कर के बाद पेड़ से टकराया वाहन

बताया जा रहा कि समाना रोड पर नसुपुर के पास एक दुखद दुर्घटना हुई, जब रेत से भरा एक डंपर स्कूली छात्रों को ले जा रहे एक निजी वाहन से टकरा गया। टक्कर बहुत जोरदार थी, जिससे वाहन एक पेड़ से टकरा गया और परिणामस्वरूप छह छात्रों की मौत हो गई। छात्र पटियाला में अपने स्कूल से समाना अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से कुचल गया, जिससे शवों को निकालने के लिए क्रेन की आवश्यकता पड़ी।

*जस्टिस वर्मा के घर नकदी बरामदगी की जांच कमेटी ने की पुष्टि*

## इस्तीफा देने से इनकार करेंगे तो महाभियोग की प्रक्रिया भी संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त इन-हाउस जांच समिति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपी रिपोर्ट के अनुसार 14 मार्च की रात को आग लगने के दौरान रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर पर नकदी पाए मिलने के मामले की पुष्टि की है। न्यायमूर्ति वर्मा को निष्कर्षों पर प्रतिक्रिया देने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने पुष्टि की है कि जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में इस्तीफा देने का विकल्प दिया गया है। अगर वे इस्तीफा देने से इनकार करते हैं, तो महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ सकती है।

### अगले सप्ताह जवाब देने की अटकलें



न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा सप्ताह के अंत तक सीजेआई के समक्ष अपना जवाब पेश किए जाने की उम्मीद है। यह भी बताया जा रहा कि अगले सप्ताह सेवानिवृत्त होने वाले सीजेआई खन्ना अपने पद से हटने से पहले भविष्य की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेना चाहते हैं। यह निवर्तमान सीजेआई द्वारा लिए जाने वाले अंतिम बड़े निर्णयों में से एक होने की उम्मीद है।



# पाकिस्तान में फूटे बम, भारत में आतिशबाजी, सेना के पराक्रम से देशभर में जश्न का माहौल, मिठाइयां बांटीं

*लोगों ने इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए कहा कि जैसा भारतीय सेना से उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही कर दिखाया। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने जो किया, वह देश के हर नागरिक के दिल की आवाज थी। पहलगाम में जिन बहनों का सिंदूर उजड़ा, उनके बदले का नाम ही 'ऑपरेशन सिंदूर' है।*

## ऑपरेशन 'सिंदूर' जीत का शंखनाद

**जीत पर तिरंगा लहराया**



बिहार के पटना में स्कूली छात्राओं ने तिरंगा लहराकर जीत का जश्न मनाया

**मुस्लिम समाज भी साथ में**



लखनऊ में मौलाना अब्दुल बारी फारंगी ने स्थानीय बच्चों के साथ तिरंगा लहराया।

ऑपरेशन सिंदूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में राष्ट्रभक्ति का माहौल है। देशभर में आम नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए। लोगों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटीं और भारत माता की जय के नारे लगाए। लोगों का कहना था कि भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। देश में कई जगहों पर उत्सव जैसा नज़ारा रहा। स्थानीय लोगों ने आतिशबाजी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को सलाम किया। लोगों ने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह 'नया भारत' है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है।

लोगों ने इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए कहा कि जैसा भारतीय सेना से उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही कर दिखाया। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने जो किया, वह देश के हर नागरिक के दिल की आवाज थी। पहलगाम में जिन बहनों का सिंदूर उजड़ा, उनके बदले का नाम ही 'ऑपरेशन सिंदूर' है। भारत अब झुकने वाला देश नहीं है। यह वही देश है, जो अब दुश्मन के एक वार पर दस जवाब देने की क्षमता रखता है।

लोगों ने पीएम मोदी और सेना को धन्यवाद दिया कि उन्होंने आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी, जिनकी जानें पहलगाम हमले में गई थीं। रिटायर्ड सैनिकों ने कहा कि हालांकि पहलगाम हमले का बदला ले लिया गया है, लेकिन भारतीय सशस्त्र बल सतर्क हैं।

**भारतीय सेना पर गर्व**



बेंगलुरु में लोगों ने भारतीय सेना के पराक्रम पर गर्व करते हुए जय हिंद के नारे लगाए।

### ऑपरेशन सिंदूर पर पहलगाम पीड़ितों की प्रतिक्रियाएं

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए ऑपरेशन सिंदूर काफी मायने रखता है। सभी पीड़ित केंद्र सरकार के इस कदम की सराहना की और ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ करते हुए मोदी सरकार का आभार भी जताया।

**सरकार का शुक्रिया**



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए संतोष जगदाले की पत्नी प्रगति जगदाले ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह हमारी बेटियों के सिंदूर मिटाए, उसके बाद यह करारा जवाब है। इस ऑपरेशन का नाम सुनते ही मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैं सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

**पति को सच्ची श्रद्धांजलि**



शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने कहा कि मैं पीएम मोदी, मंत्रियों और वायुसेना और सेना प्रमुख जनरल सहित सशस्त्र बलों के प्रमुखों को मेरे पति की मौत का बदला लेने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। जिस तरह से उन्होंने (पाकिस्तान को) जवाब दिया, उसने हमारा भरोसा कायम रखा।

**प्रतिशोध लिया ये सही**



कौस्तुभ गणबोटे की पत्नी संगीता गणबोटे ने कहा कि भारत सरकार और सेना ने जो कार्रवाई की है वो एकदम सही किया है और ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं को सम्मान भी दिया है। बेटे कुणाल गणबोटे ने कहा कि हमने जो प्रतिशोध लिया है ये एकदम सही है और ये होना ही चाहिए था।

**ऐसे ही बदला लेते रहें**



विनय नरवाल की मां आशा ने कहा कि ये बहुत ही अच्छी बात है कि जो पीएम मोदी ने बदला लिया है मैं उनके साथ हूं, जनता और हमारा पूरा परिवार उनके साथ है। सेना के जवानों को मैं संदेश देना चाहती हूं कि वो आगे बढ़ते रहें और ऐसे ही बदला लेते रहें कि ऐसी घटना दोबारा न घटे।

## पाक का दोहरा चरित्र उजागरः आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए सेना के अधिकारी

**लाहौर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के ताबड़तोड़ हमलों से पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। वहीं, पाकिस्तानी सेना के जवान और मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के सदस्य बुधवार को तीन लोगों के जनाजे में शामिल हुए। ये तीनों बुधवार को मुरीदके में भारतीय सेना के हवाई हमले में मारे गए। मुरीदके लाहौर से करीब 40 किलोमीटर दूर है। जमात उद-दावा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के प्रवक्ता ताबिश कय्यूम ने कहा कि कारी अब्दुल मलिक, खालिद और मुदस्सिर को कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज-ए-जनाजा अदा की गई। कय्यूम खुद भी जनाजे में मौजूद थे। इस जनाजे में नागरिक प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए।

**दहशत में पाक आर्मी**



मुदरीके में आंतकियों को बचाने दौड़ पड़े पाक आर्मी के टैंक

**आंतकियों की मौत की पुष्टि**



आतंकियों को नमाज-ए-जनाजा अदा की



भारत की ओर से की गई कार्रवाई से हुए नुकसान के बारे में पाकिस्तान के सुरक्षाकर्मियों को जानकारी देते हुए स्थानीय लोग

### भारत के बदले तेवर देख विश्व के नेता बोले संयम बरतें

*पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर तबाई मचाने वाले भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर दुनियाभर से प्रतिक्रिया आ रही है। इजरायल ने इस मुद्दे पर भारत का खुलकर साथ दिया है। वहीं अन्य देशों ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आग्रह किया है।*

**भारत की आत्मरक्षा का स्वागतः इजराइल**

भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का हम समर्थन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से छिपने की कोई जगह नहीं है।

### उम्मीद है जल्द ही चीजें सामान्य होंगीः अमेरिका

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव को लेकर उम्मीद जताई कि जल्दी ही चीजें सामान्य हो जाएंगी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।*

**दोनों देश शांति और संयम बनाए रखेंः चीन**

चीन ने दोनों देशों से शांति बनाए रखने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश हैं, हम दोनों से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने और संयमित रहने की अपील करते हैं। हम ऐसी कार्रवाई से बचने का आह्वान करते हैं।

**संयम बरतें दोनों देशः रूस**

*रूस के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा है कि मॉस्को दोनों पक्षों से स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए संयम बरतने का आह्वान करता है।*

### शांति का रास्ता प्रभावी तरीकाः यूएई

*संयुक्त अरब अमीरात ने भी भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और तनाव को बढ़ने से रोकने का आग्रह किया है। विदेश मामलों के उप-प्रधानमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने कहा कि कूटनीति और बातचीत संकटों को शांतिपूर्वक हल करने और शांति का रास्ता निकालने का सबसे प्रभावी तरीका है।*

**हम दोनों देशों के मित्र ब्रिटेन ने कहा**

ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि हम दोनों देशों के मित्र हैं, साझेदार हैं। हम दोनों देशों का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। दोनों देशों की क्षेत्रीय स्थिरता, वार्ता और तनाव कम करने में गहरी रुचि है और हम इसके समर्थन में जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे।

### शांति और चर्चा से स्थिति को स्थिर करेंः जापान

*जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हमें इस बात की बहुत चिंता है कि आगे की जवाबी कार्रवाई एक पूर्ण सैन्य संघर्ष में बदल जाएगी। हम भारत और पाकिस्तान से दृढ़तापूर्वक आग्रह करते हैं कि वे संयम बरतें और दक्षिण एशिया की शांति एवं स्थिरता के लिए बातचीत के जरिए स्थिति को स्थिर करें।*

**संघर्ष छोड़ें, शांति से बात करेंः स्कॉटलैंड**

स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री जॉन स्विनी ने कहा कि मैं कश्मीर में हुई घटनाओं से बहुत चिंतित हूं और संघर्ष से बचने के लिए शांति व बातचीत का आग्रह करता हूं। स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री का पद पीएम के समकक्ष होता है।

### सैन्य टकराव बर्दाश्त नहींः यूएन

*संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से 'अधिकतम सैन्य संयम' बरतने का आह्वान करते हुए कहा कि दुनिया दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया है। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।*

### अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान में अमेरिका के मिशन ने बुधवार को एक सुरक्षा अलर्ट जारी कर अमेरिकी नागरिकों को संघर्ष वाले क्षेत्र छोड़ने की सलाह दी है। अमेरिकी मिशन ने कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 'घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है'। 'सैन्य गतिविधि और बंद हवाई क्षेत्र' शीर्षक वाली सुरक्षा चेतावनी में कहा गया है कि भारत-पाकिस्तान सीमा और नियंत्रण रेखा के आस-पास के क्षेत्रों के लिए 'यात्रा नहीं करें'। पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी कि 'यदि वे सुरक्षित रूप से कर सकते हों तो सक्रिय संघर्ष वाले क्षेत्रों को छोड़ दें, या किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें।' यदि स्थानांतरित नहीं हो सकते हैं तो आश्रय लें, व्यक्तिगत सुरक्षा योजना की समीक्षा करें, खामोशी से रहें, आस-पास के वातावरण से अवगत रहें, पहचान पत्र साथ रखें और अधिकारियों के साथ सहयोग करें।'

## संसद में पाक पीएम शहबाज बोले-बदला लेंगे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत की तरफ से पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक को पाकिस्तान ने युद्ध के लिए उकसावे की कार्रवाई (एक्ट ऑफ वॉर) कहा है। पाकिस्तान ने दावा किया है कि वह भारत से इसका बदला लेगा। जगह और समय चुनकर हमला करेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को पाकिस्तान की संसद में कहा कि भारत ने कायराना हमला किया। उन्होंने फिर यह दावा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के एक्शन में पाकिस्तान को फतह हासिल हुई है। इस हमले के जवाब में पाकिस्तान ने कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। हालांकि शहबाज का ये दावा झूठा निकला।



- पाक पीएम शहबाज शरीफ की गीदड़ भभकी

### इधर, पाक रक्षा मंत्री के बदले सुर बोले- हम तनाव कम करने को तैयार

भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की सार हेकड़ी निकाल दी है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर भारत तनाव कम करता है तो पाकिस्तान भी ऐसा करने के लिए तैयार है। हम पिछले पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करेंगे।



- 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाक की निकली हेकड़ी

### मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने दुश्मनों में डर पैदा किया : नकवी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सशस्त्र बलों द्वारा किये गये हमले के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में भय पैदा किया है। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान में 'जुल्म जुर्म के जल्लादी जानवरों का जमींदोज होना' भारत और पूरी मानवता की सुरक्षा के लिए धर्मयुद्ध है।

नकवी ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई दुनिया भर के आतंकवादी तत्वों के लिए एक कड़ा संदेश और सबक है, जो 'आतंकवाद के हॉरर शो का निर्माता-निर्देशक, वितरक और निर्यातक' बन गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने कहा कि भारत की दूरदर्शी नीति और मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में डर पैदा किया है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच अब तक हुए सैन्य संघर्ष

| साल | युद्ध | शुरू हुआ | खत्म हुआ | दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1947-48 | भारत-पाक पहला युद्ध | अक्टूबर 1947 | जनवरी 1949 | |
| 1965 | भारत-पाक दूसरा युद्ध | 5 अगस्त | 23 सितंबर | 100 |
| 1971 | बांग्लादेश मुक्ति युद्ध | 24 नवंबर | 6 दिसंबर | 13 |
| 1999 | करगिल युद्ध | 3 मई | 26 जुलाई | 85 |
| 2016 | उरी हमला व सर्जिकल स्ट्राइक | 18 सितंबर | 28-29 सितंबर | 10 |
| 2019 | पुलवामा हमला व बालाकोट एयरस्ट्राइक | 14 फरवरी | 26 फरवरी | 14 |
| 2025 | पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर | 22 अप्रैल | 7 मई | 16 |

### ऑपरेशन 'सिंदूर' पर वर्ल्ड मीडियाः भारत ने खुद को साबित किया

ऑपरेशन सिंदूर पर विदेशी मीडिया ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर गहराई तक पहुंचकर आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई भारत की सैन्य क्षमताओं को दर्शाती है और आतंकवाद के खिलाफ उसकी दृढ़ता को स्पष्ट करती है। इस प्रकार, भारत ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने के लिए तैयार है। अमेरिका में प्रकाशित न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा है कि दो न्यूक्लियर पावर के बीच जंग का खतरा, नहीं रुका तो खतरनाक नतीजें होंगे। वहीं, वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि भारत का पाक पर हमला, जंग की आशंका बढ़ी। बीबीसी ने लिखा, भारत बोला- पाकिस्तान और पीओके पर हमले किए हैं। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने इसे 'कश्मीर क्राइसिस' कहा है। अखबार ने हमले से पहले मोदी के उस बयान को प्रमुखता से छापा है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की सीमा में बहने वाला पानी बाहर नहीं जाएगा। द डेली मेल ने लिखा कि 2 न्यूक्लियर पावर देश जंग की कगार पर पहुंचे। सीएनएन ने कहा कि पर्यटकों की हत्या के बाद भारत का पाकिस्तान पर हमला।

ब्रिटेन में पाकिस्तानियों की नौकरी-पढ़ाई मुश्किल!

## वर्क-स्टडी वीजा के 'गलत' इस्तेमाल पर लगाएगा रोक

एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया के कई देशों में लोग वर्क और स्टडी वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने कहा है कि वह उन विदेशी नागरिकों पर नजर रखने वाली है, जो पढ़ाई या नौकरी के वीजा पर आते हैं और फिर देश में शरण मांगते हैं।



ब्रिटिश सरकार ने बताया कि ऐसे लोगों में पाकिस्तानी नागरिक सबसे ज्यादा हैं। सरकार इस महीने के आखिर में 'इमिग्रेशन व्हाइट पेपर' लाएगी, जिसमें योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में शरण मांगने वालों में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। पिछले साल यह संख्या 79% बढ़कर 10,542 हो गई। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "हम उन विदेशी नागरिकों की जानकारी जुटा रहे हैं, जो काम और पढ़ाई के वीजा पर आते हैं और फिर शरण मांगते हैं। हम ऐसे लोगों को जल्दी पहचानने के लिए काम कर रहे हैं।" प्रवक्ता ने आगे कहा, "हम वीजा सिस्टम पर लगातार नजर रख रहे हैं। अगर हमें लगता है कि कोई हमारी इमिग्रेशन नियमों का गलत इस्तेमाल कर रहा है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

भारत-यूके में मुक्त व्यापार समझौता

## हीरे-चांदी समेत कई सामानों पर शुल्क में कोई छूट नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। वहीं संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक, हीरा, चांदी, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल को भी एफटीए से बाहर रखा गया है। इसके चलते इन सामानों के आयात पर भारत द्वारा ब्रिटेन को कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। एफटीए के तहत भारत के ऑटो सेक्टर को खोला गया है।



देश के अंदर नक्सलवाद पर स्ट्राइक

## छत्तीसगढ़ में 18 नक्सली ढेर विस्फोटक सामग्री बरामद

एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा की विशाल और दुर्गम पहाड़ियों में पिछले दो सप्ताह से सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार देर रात एक बड़ी मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने 18 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सलियों के मारे जाने का आंकड़ा बढ़ सकता है। मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। यह ऑपरेशन पिछले 15 दिनों से लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें कई नक्सलियों को मार गिराया जा चुका है। कर्रेगुट्टा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए तलाशी अभियान को चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा है, लेकिन सुरक्षाबल के जवान तलाशी और गश्त अभियान चला रहे हैं। इस क्षेत्र में कुछ शीर्ष नक्सली नेताओं और बटालियन नंबर एक की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिली थी। जिसके आधार पर ऑपरेशन को तेज किया गया। संभावना जताई जा रही है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।



## खबर संक्षेप



### नपा ने वार्ड 1 में कराई नालों की सफाई

**मंडीदीप।** नगरपालिका द्वारा बारिश पूर्व नगर के नाले नालियों की सफाई शुरू कर दी है। सफाई अभियान में ट्रालियों से कचरा निकाला जा रहा है। बुधवार को वार्ड 1 स्थित नाले-नालियों की सफाई की गई। यहां भारी मात्रा में प्लास्टिक, पॉलीथिन के साथ पैकिंग करने वाले थर्माकोल भी निकाला गया। स्वच्छता निरीक्षक अशीष कानूनगो ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रशांत जैन के निर्देश पर क्षेत्र में बड़े-बड़े चेंबर्स को तोड़कर सफाई अभियान चला रही है। वार्ड 1 में नाले पर बने चेंबरों को तोड़कर भारी मात्रा में मलवा निकाला गया है। साथ ही जेसीबी की मदद से भी नालों की सफाई की गई।

### गलियों में फैली गंदगी नहीं आते सफाई कर्मचारी



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के वार्ड 13 में हर तरफ गंदगी ही गंदगी है। पूर्व पार्षद मीना जैन ने बताया कि नालियों में कचरा भरने से गंदगी फैल रही है। वहीं गली में भी कचरा पड़ा रहता है, परिषद के सफाई कर्मचारी न ही झाडू लगाते हैं और न ही कचरा उठाने आते हैं। कई बार शिकायत कर सफाई की मांग के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं देते। स्थानीय रहवासी परेशान होते रहते हैं। पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, स्थानीय नेता टिंकू ठाकुर, मोंटी ठाकुर का कहना है कि नगर परिषद सफाई पर ध्यान नहीं दे रही है।

### साईं मनीषलाल से माधु चांदवानी ने लिया आशीर्वाद



**संतनगर।** ठाकुर आसनलाल धर्मशाला में आयोजित भगवान झूलेलाल की श्री अमर कथा में साईं मनीष लाल से पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम पंजवानी, पंचायत उपाध्यक्ष भरत आसवानी, महासचिव नंद दादलानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी आदि उपस्थित थे।

### एक्सीडेंट में मौत, 40 लाख 52 हजार क्षतिपूर्ति के आदेश

**विधिक संवाददाता,भोपाल।** रोड एक्सीडेंट में व्यवसायी जीपी राजेश मुदलियार की मौत हो जाने के मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 40 लाख 52 हजार 500 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश एक्सीडेंट करने वाले ट्रैक्टर के मालिक, ड्राइवर और ट्रैक्टर की बीमा कंपनी टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से एडवोकेट आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई करने के बाद प्रधान जिला न्यायाधीश ने यह आदेश पारित किए हैं। सनी हिंगोरानी एडवोकेट ने बताया कि कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल निवासी 50 वर्षीय जीपी राजेश मुदलियार 8 जून 2023 को दोपहर के 12:30 बजे मोटरसाइकिल से पॉलिटेक्निक चौराहा से किलोल पार्क जा रहा था। पॉलिटेक्निक चौराहा के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के ड्राइवर ने टक्कर मार दी थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1746 | | |
| दिन: | 136 | 03 | 148 |
| रात: | 390 | 26 | 259 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 367 | 61 | 669 |
| रात: | 239 | 44 | 347 |

## राजा भोज एयरपोर्ट पर सिविल डिफेंस मॉकड्रिल

# तकनीकी भवन और एटीसी टॉवर पर बचाव दल ने कुशलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल हवाई अड्डे पर एक सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान हवाई अड्डे के तकनीकी भवन और एटीसी टॉवर पर सभी ऑपरेशनों को सुरक्षित रूप से जारी रखते हुए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अग्निशमन दल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राहत और बचाव कार्यों को कुशलतापूर्वक अंजाम दिया गया। किसी भी हवाई अड्डे के लिए





तकनीकी भवन और एटीसी टॉवर सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी इन स्थानों पर सभी कार्य सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से चलते रहें। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने मॉकड्रिल के दौरान यात्रियों द्वारा दिखाए गए सहयोग और संयम के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस मॉक ड्रिल में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपातकालीन प्रोटोकॉल का पालन किया।



### उपनगर में छाया अंधेरा

उपनगरी संत नगर में 7.30 से 7.42 बजे तक मॉकड्रिल के तहत कई स्थानों पर ब्लैक आउट किया गया। मुख्य मार्ग पर भी ट्रैफिक रोका गया। कई स्थानों पर दुकानों और घरों की लाइटें बंद रही। पुलिस के अधिकारी, ट्रैफिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और सायरन बजाया। लोगों में आतंकवाद के ख़िलाफ़ रोष था।

## परवलिया थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

# जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में पिता ने बेटे पर चलाई गोली, बीच-बचाव में बहू को लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया इलाके में जमीनी विवाद में बाप ने बेटे पर गोली चला दी। इस दौरान अपने पति को बचाने के लिए बहू सामने आ गई, जिससे उसे गोली लग गई। घटनाक्रम के बाद गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंच पुलिस ने आरोपी ससुर को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसडीओपी मंजू चौहान के मुताबिक ईश्वर लवाना का अपने छोटे बेटे नरेश से जमीन और मकान को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते दोपहर में नरेश का अपने पिता 70 वर्षीय पिता ईश्वर लवाना से विवाद हो गया था। विवाद के बाद गुस्से में पिता ईश्वर कमरे में गए और अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर आए। इसके बाद उन्होंने नरेश पर गोली चला दी। इस दौरान नरेश को बचाने के लिए उसकी पत्नी संगीता सामने में आ गई, जिससे उसके हाथ में गोली लग गई। वारदात के दौरान नरेश और उसकी पत्नी पहली मंजिल के छज्जे पर खड़े हुए थे। घायल संगीता को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी ससुर को हिरासत में ले लिया है।

### बंटवारे को लेकर आए दिन होता था विवाद



बताया जा रहा है कि आरोपी के तीन बेटे हैं। इनमें नरेश सबसे छोटा है। वह चाहता है कि पिता उसके हिस्से की जमीन उसे दे दे और मकान का भी बंटवारा कर दे। पिता इसके लिए तैयार नही हैं। इसको लेकर उनके बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हालांकि पिता मकान के नीचे के हिस्से में रहता है , जबकि बेटा नरेश अपने बच्चों के साथ पहली मंजिल पर अलग रहता है।

### युवक ने मालगाड़ी से कटकर की आत्महत्या


छोला मंदिर इलाके में मालगाड़ी के सामने एक व्यक्ति ने मंगलवार को छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पातरा पुल के नजदीक रेलवे पटरी से एक युवक का शव बरामद किया गया था, जिसकी शिनाख्त मृतक के भाई योगेन्द्र यादव ने अपने भाई नवजीवन कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय कपिल पुत्र नन्हे लाल यादव के रूप में की है। वह पांच मई की रात नौ बजे से घरवालों को बगैर कुछ बताए लापता हो गया था। इसके बाद से उसके परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मृतक गोविंदपुरा स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। वह अविवाहित था। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसने आत्महत्या करने से पहले जमकर शराब पी थी, उसके बाद रेल पटरी के पास पहुंच गया। वहां पर मालगाड़ी के आते ही उसने छलांग लगा दी थी। पुलिस ने बताया मालगाड़ी के ड्राइवर ने खुदकुशी करते हुए देख लिया था। मालगाड़ी चालक ने ही युवक द्वारा आत्महत्या करने की सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई थी।

### युवक ने व्यापारी पर किया एसिड अटैक

गांधी नगर में एक युवक ने मामूली बात पर एक जूस व्यवसायी पर बुधवार दोपहर एसिड फेंक दिया, जिससे व्यवसायी की शरीर झुलस गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उधर, घायल हुए युवक को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के मुताबिक बंजारा बस्ती निवासी राजेश माली संत आशाराम तिराहे पर जूस की दुकान लगाता है। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसकी दुकान पर कुछ महिलाएं जूस पी रही थीं, तभी एक युवक आया और महिलाओं के बीच बैठने लगा। इस पर राजेश ने उससे दूसरी जगह बैठने को कहा, जिस पर वह युवक भड़क गया। इसके बाद उसने साथ लिए एसिड को राजेश पर फेंक दिया, जिससे उसके हाथ पैर झुलस गया। लोगों ने आरोपी युवक को मौके पर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी की पहचान मधेपुरा बिहार निवासी प्रमोद साहू के रूप में हुई है। आरोपी बर्तन चमकाने का काम करता है और वह पहले से अपने बैग के अंदर बोतल में एसिड रखे हुए था।

- लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

### छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



मिसरोद इलाके में रहने वाली एक छात्रा ने बुधवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके से फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण पता न हीं चला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक जाटखेड़ी निवासी 23 वर्षीय खूशबू पुत्री शत्रुघ्न पांडे ने बुधवार दोपहर करीब चार बजे फांसी लगा ली। उसने घर पर ही दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी। वह नूतन कालेज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। परिजनों का कहना है कि कुछ समय पहले उसकी मां गिर गई थी जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी , जिसको लेकर वह परेशान रहती थी। उसके पिता निजी सुरक्षा गार्ड हैं। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान लेकर आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।



## प्रदेश के टॉप 10 में शामिल होने पर सपना का सीएम ने किया सम्मान

### सपना मिश्रा ने दसवीं में 98.2 अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कर जिले के साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है।

सपना मिश्रा दसवीं में 98.2 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टापटेन सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सपना मिश्रा को सम्मनित किया है। सपना की इस उपलब्धि पर उनकी प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मंडीदीप में शासकीय कन्या शाला की यह बहुत अनुकरिणीय उपलब्धि है। जिन्हें प्रदेश के मुखिया ने सम्मनित किया है।

## रेलवे में नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों को ठगने वाले की जमानत निरस्त

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

रेलवे भर्ती बोर्ड की फर्जी वेबसाइट बनाकर नौकरी का विज्ञापन देकर रेलवे में नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों के साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी विपिन कुमार पाठक (36) निवासी ग्राम ओवर वाराणसी उत्तर प्रदेश की अग्रिम जमानत आवेदन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है। भोपाल निवासी फरियादी ने रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर नौकरी का विज्ञापन देखकर एप्लाई किया तो अज्ञात आरोपी ने उसकी रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे और अन्य बेरोजगारों से लाखों रुपए की आनॅलाइन ठगी करी थी। फरियादी ने जनवरी 2024 को राज्य साइबर क्राईम को शिकायत की थी कि कोई अज्ञात आरोपी ने रेलवे भर्ती बोर्ड की फर्जी वेबसाइट बनाकर रेलवे में नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए 10 लाखों रुपए ऑनलाइन अपने खाते में जमा कराकर हड़प लिए हैं।


## बिजली कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही

# नालों में लटक रहे बिजली के तार, करंट से मर रहे जीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर रेहटी रोड बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण बिजली के तार नाली में लटक रहे हैं, जिससे पानी में करंट फैलने से सांप और मछलियां भी मर गए हैं। वहीं इस लापरवाही के कारण कभी भी जन हानि भी हो सकती है।

स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी न तो लटकते हुए तार को ठीक कर रहे न ही टेढ़े हुए बिजली के पोल को सीधा किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि बिजली कंपनी के अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। अर्जुन नगर के बचन लोधी, पूर्व पार्षद पदम सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, युवा नेता अनिल प्रजापति, माखन सेन ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि बिजली के खंभे से जो तार नीचे लटक रहे हैं उन्हें और खंभे तिरछे हो गए हैं उन्हें शीघ्र ठीक करें।





## बोदर नदी के स्टाप डैम के पास तेंदुए ने गाय और बछड़े का किया शिकार

**औबेदुल्लागंज।** विशनखेड़ा नगर परिषद के वार्ड 1 बोदर नदी के स्टाप डैम के करीब मंगलवार-बुधवार रात तेंदुए ने एक बछड़े और गाय का शिकार किया है। तेंदुए के हमले से गांव में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एक हफ्ते से तेंदुआ क्षेत्र में घूम रहा है। कभी शोभापुर गांव तो कभी जाखला धाम मंदिर के पास दिखता है। सुरेंद्र पटेल ने डीएफओ हेमंत रैकवार से मिलकर शिकायत भी की है कि तेंदुआ हमारे गांव के पास एक गाय और बछड़े का शिकार किया है। इस पर डीएफओ हेमंत रैकवार ने तत्काल एक वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा और कैमरे लगाने के निर्देश दिए। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो शिकायत सही पाई गई।



डीएफओ ने टीम भेजी, कैमरे लगाने के दिए निर्देश

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेटियों ने किया नगर का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल ने बोर्ड परिक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिया है। 10वीं और 12वीं कक्षाओं में औबेदुल्लागंज की बेटियों ने नगर का नाम गौरवानित किया है। इस सत्र का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कृषि चक्रधर कक्षा 12वीं विज्ञान विषय में 454 अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 10वीं की रितिका राजपूत ने 460 अंक अर्जित कर नगर में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं कॉमर्स की भूमिका किंगर ने 90.2, दिव्यांशी साहू विज्ञान की छात्रा ने 88, अंशुल ओड कॉमर्स ने 84, देवांशू प्रजापति कॉमर्स ने 83.6, कनक चौरे ने 79, अनिकेत सींगोंर ने 79, भारती नागर ने 78, खुशबू सेन ने 78, रानू नाथ ने 77, सौम्या नागर 76, पूर्वी यादव ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। शाला के कक्षा 12वीं के कुल विद्यार्थियों में से 32 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 12 छात्र-छात्राएं लेपटॉप के हकदार बनकर नगर को गौरांवित किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में कीर्ति साहू 90.2, अदिति कहार 89, नम्रता सिरोठिया 82.8, नमामि यादव 82.6, मुस्कान चौहान 75.6, अंशिका यादव 74.2, नैना चौधरी 70.8, यश मालवीय 68.8, मयंक कहार 68.8, एशिका चौरसिया 67.2, विशाल गंगवानी 66.4% अंक प्राप्त किए। शाला के कक्षा 10वीं के कुल विद्यार्थियों में से 20 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर शाला एवं नगर का नाम रोशन किया। सीएस सिंह, भूपेंदर कौर एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी।



### अवैध सागौन से भरा ट्रक पकड़ा, तस्करी करने वाला भी गिरफ्तार

**भोपाल।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को मुखबिर से भारी मात्रा में सागौन कटाई कर अवैध परिवहन की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर वनमंडल रतलाम की टीम को लेकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए देवास एवं इंदौर के वनक्षेत्र में अवैध कटाई कर भारी मात्रा में सागौन की अवैध परिवहन व व्यापार करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह के एक सदस्य को पकड़कर ट्रक जब्त किया है। मप्र से भीलवाड़ा राजस्थान परिवहन करते हुए सागौन से लदे आईसर ट्रक एचआर 55 व्ही 2383 को जावरा नयागांव टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर पकड़ा, जिसमें लगभग 5.5 घनमीटर अवैध रूप से काटी गई सागौन (44 नग लट्ठे) जब्त कर एक आरोपी रामप्रसाद बागरी (ड्राइवर) पिता कैलाश बागरी निवासी ग्राम हाटपिपालिया जिला देवास को गिरफ्तार किया गया।

## चिंतित परिजनों ने विधायक रामेश्वर से मदद की लगाई गुहार

# थाईलैंड में तीन साल काम करने के बाद वापस अपने वतन को निकला युवक एक महीने बाद भी नहीं पहुंचा भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संतनगर का एक युवक थाईलैंड के बैंकॉक में तीन साल काम करने के बाद वापस भोपाल के लिए निकला, लेकिन एक माह बाद भी वापस स्वदेश नहीं पहुंचा है। उससे संपर्क न होने से परेशान परिजनों ने पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी व पदाधिकारियों के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा को पत्र सौंपकर विदेश मंत्रालय से मदद करने का आग्रह किया है। साथ ही एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच करवाए जाने की बात भी कही है।



ललित हरचंदानी

### 7 अप्रैल 2025 को बैंकॉक से पहुंचना था भोपाल

**गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की मांग**



मालूम हो कि 38 वर्षीय ललित हरचंदानी पिता स्वर्गीय रमेश हरचंदानी निवासी प्रेम प्रकाश टेंट हाउस के पास संतनगर गत 7 अप्रैल 2025 को बैंकॉक, थाईलैंड से संत नगर के लिए निकला था, लेकिन वो अभी तक घर नहीं नहीं पहुंचा हैं। ललित थाईलैंड में तीन साल के लिए काम करने के लिए गया था। समय पूरा होने के बाद वह स्वदेश लौट रहा था। इसकी जानकारी उनके परिजन नीलम हरचंदानी ने विधायक को देते हुए मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ललित का पासपोर्ट संख्या 7757205 है। ललित को 5 अप्रैल 2025 को लौटना था। विधायक रामेश्वर ने ललित को सुरक्षित रूप से घर वापस लाने में मदद करने की उम्मीद जताई है। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी के अलावा महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, किशोर साधवानी, हरचंदानी परिवार से माता सोनी हरचंदानी, पत्नी नीलम हरचंदानी, पुत्र मानस हरचंदानी आदि उपस्थित थे।

## भारत की जवाबी कार्रवाई का केक काटकर मनाया जश्न

### पहलगाम आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की हुई थी मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई की खबर मिलते ही देश में खुशी की लहर दौड़ गई। लालघाटी यंग क्लब के सदस्यों ने पाक आर्मी चीफ और पाक फ्लैग, पीओके के तबाह क्षेत्र, आतंकवादी छपा केक काटकर जश्न मनाया। साथ ही फौजी भाइयों को सम्मानित भी किया। आनंद सबधाणी ने कहा कि आज का जश्न हमारे फौजी भाइयों को समर्पित है। ऑपरेशन सिंदूर के जश्न में आनंद सबधाणी, पवन मिश्रा, तेजपाल सोड़ी, विवेक अवस्थी, रवि आनंद, राजेंद्र कुमार, दीपिका वाधवानी सहित कई राष्ट्रभक्त मौजूद थे।

टैगोर कला केंद्र के प्रणति पर्व में रेनीवृंद की अनूठी प्रस्तुति

# प्रेम, प्रकृति और प्रार्थना के गीतों में गूंज उठा गुरुदेव का रवींद्र संगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आनंद लोके मंगल लोके... मोर वीणा ओठे कोन शूरे बाजि... जोदी तोर डाक शुने केउ ना आशे तोबे एकला चालो रे...। बांग्ला की सोंधी खुशबुओं और मीठी धुनों में लरजते ये तराने जब एक साथ कई आवाजों में गूंजे तो वैशाख की तपिश मानो सुकून में बदल गई। रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के मुक्तधारा सभागार में प्रणति पर्व का यह सुरीला समागम गुरुदेव की जयंती पर भावभीनी श्रद्धा का प्रतीक बना। टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र के संयोजन में रची इस सभा को रेनी वृन्द के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से यादगार बना दिया। प्रेम, प्रकृति और प्रार्थना का संदेश देता रवीन्द्र संगीत अनायास ही श्रोताओं के होठों पर भी थिरक उठा। वृन्दगान के लिए समर्पित रंगकर्मी रीना सिन्हा के निर्देशन तथा संगीतकार मॉरिस लाजरस तकनीकी के समन्वय में यह प्रस्तुति साहित्य और संगीत का अनूठा प्रयोग बनी।

साहित्य और संगीत का अनूठा प्रयोग



## सारी दुनिया के लिए मनुष्यता का संदेश है

बतौर अतिथि उपस्थित आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रभारी राजेश भट्ट ने कहा कि भारत को राष्ट्रगान की महान संपदा सौंपने वाले गुरुदेव का बहुआयामी रचना संसार आज सारी दुनिया के लिए मनुष्यता का संदेश है। टैगोर प्रतिभा के महासागर थे। आरएनटीयू की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने टैगोर के कृतित्व पर केंद्रित महत्वपूर्ण दस्तावेजी परियोजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने रवीन्द्र संगीत पर केंद्रित एक राष्ट्रीय कार्यशाला की घोषणा भी की।



**पुस्तिका गीतांजलि का हुआ लोकार्पण**

सांस्कृतिक सभा का आरंभ गुरुदेव की प्रतिभा पर सामूहिक पुष्पांजलि से हुआ। इस अवसर पर गुरुदेव के गीतों पर एकाग्र नृत्य नाटिका की बहुरंगी सचित्र पुस्तिका गीतांजलि का लोकार्पण भी किया गया। आईसेक्ट प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तिका की परिकल्पना और आलेख रचना विनय उपाध्याय ने की है। प्रणति पर्व का समापन टैगोर रचित राष्ट्रगान से हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर पर यूं बोली शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाएं

# आखिरकार उन निर्मम आतंकवादियों को पता चली 'एक चुटकी सिंदूर की कीमत'...




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पहलगाम के सिंदूर की कीमत तो मुनीर और शाहबाज को चुकानी ही होगी, आओ सब मिलकर दुनिया को बता दें कि हम भारतीय पहले हैं, बाकी कुछ भी बाद में.... इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि पहलगाम में हुई दर्दनाक हत्याओं का बदला आखिरकार ऑपरेशन सिंदूर ही चुका पाएगा। क्योंकि पहलगाम की उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, कितनी ही सुहागनों की मांग उस काले दिन में सूनी हुई थी, जिसका बदला लेना आवश्यक था कि आखिरकार उन निर्मम आतंकवादियों को पता चले एक चुटकी सिंदूर की कीमत...। ऑपरेशन सिंदूर पर ऐसा ही कुछ कहा शहर के अलग अलग क्षेत्रों की महिलाओं ने।

### 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं हमारे सैनिकों के साथ



समाज सेवी और स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रान्त महिला सह प्रमुख सीमा भारद्वाज का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं, क्योंकि वह जो भी निर्णय लेते हैं बहुत सोच समझकर और ठहर कर लेते हैं, जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेते। क्योंकि किसी भी महिला का जीवन उसके पति से जुड़ा होता है और उसी के सामने उसके सुहाग को उजाड़ देना बहुत बड़ी बाता है। ऑपरेशन सिंदूर से मोदी ने आतंकवादियों को सबक सिखा दिया। उन्हें आखिरकार एक चुटकी सिंदूर की कीमत आज पता चल ही गई। इसके साथ ही हम सभी देश की तीनों सैनाओं के लिए दिल से प्रार्थना करते हैं कि वह मोर्चे पर सशक्त रूप से खड़ी रहें, उनके जीवन और उनकी रक्षा के लिए 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी।

### निर्मम आतंकवादियों को खोए हुए सिंदूर की कीमत बतानी जरूरी थी

प्रोफेसर डॉ. प्रिया दुबे ने कहा कि इस ऑपरेशन का टाइटल ही दिल को छूने वाला है और ऑपरेशन



सिंदूर रखना जरूरी भी था, क्योंकि जिन 26 लोगों की निर्मम हत्या हुई, उनमें से कई पत्नियों ने अपने पतियों को आंखों के सामने जान गंवाते हुए देखा, तो ऐसे में उन निर्मम आतंकवादियों को खोए हुए सिंदूर की कीमत बतानी जरूरी थी। उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद करना आवश्यक था।



### मांग का सिंदूर उजाड़ने की कीमत आतंकवादियों को चुकानी ही पड़ेगी

समाजसेवी माही भजनी ने कहा कि पीएम मोदी का एक्शन बिल्कुल सटीक है। जिस तरीके से उन्होंने पहलगाम में हुई घटना का बदला लिया वो गर्व की बात है। क्योंकि आतंक को जड़ से तबाह करना हम सभी के लिए आवश्यक है और मझे लगता है कि आगे भी इसी तरह के एक्शन लेना जरूरी है, क्योंकि एक महिला के मांग का सिंदूर उजाड़ने की कीमत आतंकवादियों को चुकानी ही पड़ेगी।

### जिन महिलाओं ने अपना सिंदूर खोया, उसका बदला जरूरी है



एनएच 12 क्रिएटिव वूमेन की हेड अंशु गुप्ता ने कहा कि पहलगाम में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वो पूरे देश के लिए दुखद थी, लेकिन उसका बदला ऑपरेशन सिंदूर वास्तव में हम सभी को गर्व और फख्र से भर देता है। उन्होंने कहा कि यह जीरो टॉलरेंस का टॉपिक है क्योंकि जिन महिलाओं ने अपने सुहाग को खोया है उसकी भरपाई तो नहीं हो सकती थी, लेकिन उसका बदला लेना बेहद आवश्यक था और हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं जिन्होंने पहलगाम में अपनी मांग सूनी कर चुकी महिलाओं की उजड़ी मांग देखकर इस ऑपरेशन का नाम रखा। यह हम सभी महिलाओं के लिए बहुत गर्व का क्षण है।

### पीएम को वास्तव में पता है सिंदूर की कीमत और महत्व



प्रोफेसर एवं फैशन डिजाइनर विशाखा श्रीवास्तव ने कहा कि हमें बहुत ही सेंसिटिव प्रधानमंत्री मिले हैं, जिन्होंने इस ऑपरेशन का नाम इतना सोच समझ कर रखा है कि जिससे पता चलता है कि देश के सर्वोच्च नेता को वास्तव में सिंदूर की कीमत और महत्व पता है। तभी इस ऑपेशन का नाम इतना अच्छा रखा। साथ ही यह हम भारतीय महिलाओं के लिए गर्व की बात है कि हमें ऐसा शीर्ष नेता मिला। क्योंकि हम जैसी कामकाजी महिलाओं के पास कई बार वक्त भी नहीं होता अपनी फीलिंग्स बताने का, तो ऐसे में इस ऑपरेशन का नाम हम महिलाओं के लिए दिल को छूने वाला है।

# बायोग्राफी में क्रिएटिविटी दिखानी होती है, ताकि किरदार लगे रियल

हरिभूमि चर्चा

भोपाल आए एक्टर प्रतीक गांधी से हरिभूमि की खास बातचीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बायोग्राफी मूवीज में एक अलग तरह का चैलेंज होता है, जिस व्यक्ति पर हम फिल्म बना रहे हैं, उसके बारे में बहुत-सी बातें लोगों को पहले से पता होती है, उनसे जुड़ी छोटी-मोटी घटनाएं पता होती हैं। इसलिए बायोग्राफी बनाना चैलेंजिंग है, क्योंकि उसमें हमें अपनी क्रिएटिविटी दिखानी होती है, ताकि किरदार रियल लगे। फिर वो किरदार गांधी का किरदार हो या ज्योतिबा फुले का।

यह कहना है एक्टर प्रतीक गांधी का, जो बुधवार को भोपाल में ही थे और हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने अपने संघर्ष, फिल्मी यात्रा पर बात की।

### फुले का किरदार समझकर उसे किया जीवंत

उन्होंने कहा कि गांधी का किरदार हो या फुले का, दोनों में मैंने यही करने की कोशिश की। वैसे फुले जी का किरदार इसलिए काफी हटकर था क्योंकि उनकी कोई वीडियो, फोटो नहीं था। हमने उनके बारे में जितना पढ़ा है, उसे ही समझकर किरदार को जीवंत करना था।

### मुंबई आओ तो दो-तीन टेलेंट साथ लाओ, ताकि सरवाइव कर सको

जब भी कोई मुझे कहता है कि मुझे भी एक्टर बनना है, मुंबई आना है और मेन स्ट्रीम में काम करना है...। तो मैं उसे यही सलाह देता हूं कि मुंबई आओ तो एक्टिंग के अलावा दो-तीन टेलेंट साथ लेकर आओ ताकि मुंबई में सरवाइव कर सको, क्योंकि काम मिलेगा या नहीं, वो तो बाद की बात है, पहले आपको मुंबई में टिके रहने के लिए कुछ हाथ में चाहिए।

### छोड़ रहा था प्रमोशन, ट्रांसफर के मौके

उन्होंने कहा, मैंने खुद ने करीब 15-16 साल जॉब की है। मैं सूरत से 2004 में मुंबई पहुंचा था। मैं इंजीनियर हूं तो फ्रीलांस कंसल्टेंसी की। 2016 में मैंने कुछ गुजराती फिल्में कर ली, हिंदी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल मिलने लगे, थियेटर मैं कर ही रहा था। तो जॉब और फिल्म में टाइम मैनेजमेंट में दिक्कत आने लगी। कॉर्पोरेट जॉब में प्रमोशन, ट्रांसफर के मौके छोड़ रहा था और इधर जॉब के चक्कर में अच्छे रोल।





# रचनात्मक खोज और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने आर्ट टीचर्स-स्टूडेंट्स के लिए वर्कशॉप स्पार्क्स ऑफ इमेजिनेशन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी मप्र और आर्टडिजाइन टीचर्स फोरम के द्वारा स्पार्क्स ऑफ इमेजिनेशन नामक एक दिवसीय आर्ट वर्कशॉप का आयोजन शुक्रवार, 9 मई को मंजरी हॉल, सेवन हिल्स स्कूल में किया जा रहा है। यह कार्यशाला कला शिक्षकों, शिक्षकों, आर्ट-डिजाइन में रुचि रखने वालों और 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के छात्रों के लिए रचनात्मक खोज और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की जा रही है।

वर्कशॉप का संचालन बड़ौदा की प्रसिद्ध चित्रकार और रंगों में कहानी कहने वाली मालविका राजनारायण करेंगी। मालविका की कला में मानवीय आकृति एक केंद्रीय भूमिका निभाती है और उनका चित्रकर्म पहचान, आंतरिकता मानवीय अनुभवों की विविधता को सुंदरता और प्रतीकों के जरिए दर्शाता है। मालविका अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी से जुड़ी कला शिक्षिका भी हैं। उन्होंने आर्ट टीचर्स और बच्चों के साथ कई नवाचार किए हैं जिनकी देश विदेश में सराहना हुई है।

वर्कशॉप में इंट्रोडक्शन थ्रू स्क्रिबल, डाइस एंड ड्रा, सेंसिंग पिक्चर्स और फैशन स्टार्ट्स विथ मी जैसी रोचक और इंटरैक्टिव एक्टिविटीज होंगी।

एक से दो साल में बनेगी 156 एपिसोड वाली वेब सीरीज

# वनवास पर बनने वाली 'जहां-जहां चरण पड़े रघुवीर' वेब सीरीज की शूटिंग 14 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'जहां-जहां चरण पड़े रघुवीर' अयोध्या से श्रीलंका तक जाने वाला राम पथ गमन मार्ग पर श्री राम द्वारा जो भी कार्य किए गए उन पर आधारित डॉक्यू वेब सीरीज की शूटिंग 14 जुलाई से की जाएगी। हिंदी और अंग्रेजी में बनने वाली इस 156 एपिसोड वाली वेब सीरीज को बनाने में करीब एक से दो साल का वक्त लगेगा।

▪ अर्जुन निभाएंगे राम का किरदार

तुलसी मानस प्रतिष्ठान में प्रेस वार्ता में वेब सीरीज के प्रोड्यूसर, डायरेक्टर एवं इसमें राम का किरदार निभाने वाले अर्जुन यादव ने दी।

## तुलसी मानस प्रतिष्ठान में 'जहां-जहां चरण पड़े रघुवीर' डॉक्यू वेब सीरीज की प्रेस वार्ता

### श्री राम के 14 साल के वनवास का एक शक्तिशाली सिनेमाई पुनर्कथन




यह वेबसीरिज भगवान श्री राम के 14 साल के वनवास (वनवास) की एक शक्तिशाली सिनेमाई पुनर्कथन है, जिसमें आध्यात्मिक गहराई को वैश्विक कहानी कहने के प्रारूप के साथ मिश्रित किया गया है। जिसमें राम के वनवास के दौरान की गहन यात्रा को जीवंत किया जाएगा, इसे एक नए कथात्मक लेंस के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। जो इसकी दिव्य विरासत का सम्मान करता है। इसमें उन सभी स्थानों को दिखाया जाएगा जहां भगवान श्री राम ने अपने 14 साल के वनवास के दौरान समय बिताया था।

# आंगनबाड़ी की बच्चियों को दी गुड-बैड टच की जानकारी

## लेखन सामग्री भी की वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री गणेशदेव शिक्षा समिति ने साई बोर्ड स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र में 'गुड टच-बैड टच' विषय पर एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को सरल और संवेदनशील भाषा में यह समझाया गया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित है और कौन-सा असुविधाजनक या हानिकारक हो सकता है।

इस कार्यशाला में ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों, संवादों और खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया, जिससे वे अपने मन की बात खुलकर कह सकें और किसी भी प्रकार की अनुचित स्थिति से खुद को सुरक्षित रख सकें।

इस अवसर पर संस्था द्वारा बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लेखन सामग्री भी वितरित की गई, जिसमें कॉपियां, पेंसिल, पेन, रबर आदि शामिल थे। इस दौरान संस्था के निदेशक विवेक द्विवेदी, अजीत सिंह, तथा मृगांक जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, रवि कार्तिकेय दुबे, विकास द्विवेदी, कमलेश वामनकर, पूजा जैन, पलक जैन, सुशील तिवारी, और अश्विन ने कार्यक्रम की संकल्पना से लेकर क्रियान्वयन तक सक्रिय भागीदारी निभाई।

स्वप्नयान पहुंचा रंगमंच की पहली सीढ़ी पर

# जंगल की कथा ने ली उड़ान, बच्चों ने थामा अभिनय का हाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल नाट्य कार्यशाला स्वप्नयान अपने सातवें दिन में प्रवेश कर गया है। कार्यशाला का प्रत्येक दिन बच्चों के भीतर छिपे रचनात्मक कलाकार को जाग्रत करने की दिशा में एक नया कदम रहा है, और आज यह स्पष्ट रूप से महसूस हुआ कि नाटक अब आकार लेने लगा है। कार्यशाला में नाटक की प्रक्रिया अब अभिनय, संवाद, और चरित्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। सभी बच्चों को उनके पात्र सौंपे जा चुके हैं और अब उनकी आवाजों, चाल-ढाल और दृष्टि में उनके चरित्रों की झलक दिखाई देने लगी है। यह देखना अत्यंत उत्साहजनक रहा कि किस तरह वे अपने-अपने पात्रों को आत्मसात करने लगे हैं।

## शारीरिक अभिव्यक्ति, सामूहिकता, समन्वय मंच पर



इस कार्यशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी श्वेता केतकर के सान्निध्य में सभी प्रशिक्षकों ने बच्चों के साथ नाटक के विभिन्न दृश्यों और भाव-स्थितियों पर कार्य किया। संवाद की गति, शारीरिक अभिव्यक्ति, सामूहिकता और मंच पर समन्वय जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। जिसमें बच्चे सिर्फ एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक अनुभव रचने की ओर अग्रसर हैं।

# भोपाल में 2 तो इंदौर में 55 साल का सबसे ठंडा दिन, टूटे और भी कई रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बारिश, ओले के साथ गर्मी पर अंकुश जारी है। बुधवार को प्रदेशभर में दिन का पारा तेजी से गिरा। भोपाल में 3.2 डिग्री गिरकर 31.4 डिग्री रहा, जो दो साल का सबसे कम दिन का पारा रहा। यह सामान्य से 9.4 डिग्री कम है।

वहीं इंदौर में तापमान 3.8 डिग्री गिरकर 28.6 डिग्री रहा, जो 55 साल का सबसे कम अधिकतम पारा रहा है। भोपाल में इससे पहले मई 2023 में पारा 30 डिग्री रहा था, जबकि इंदौर में मई 1969 में 28 डिग्री तक तापमान रहा है। मौसम केंद्र ने गुरुवार को बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम जिलों में कहीं कहीं भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। भोपाल में गरज चमक के साथ बादल, बौछारों की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में सिस्टम सक्रिय होने से दो से तीन दिन मौसम बदला रहेगा। इसके बाद बारिश में कमी के साथ गर्मी भी बढ़ेगी।

### खास बातें

- बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट, भोपाल में बादल, बौछारें
- दो दिन बाद धीरे- धीरे कम होगी बारिश, तापमान भी इसी क्रम में बढ़ेगा, प्रदेश में सिस्टम अभी सक्रिय

### अभी यहां सक्रिय सिस्टम




विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी डब्ल्यूडी पश्चिमी मप्र और आसपास सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर पश्चिमी मप्र और आसपास सक्रिय है। वहीं, एक ट्रफ पूर्वी अरब सागर से गुजरात होते हुए पश्चिमी मप्र के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण तक समुद्र तल से 3.1 और 5.8 की ऊचाई तक सक्रिय है। एक पूर्वी पश्चिमी ट्रफ दक्षिण पश्चिमी राजस्थान से उत्तरी झारखंड तक बनी है, जो उत्तर पश्चिमी मप्र से होकर गुजर रही है। इससे मप्र में मौसम में बदलाव अभी दो से तीन जारी रहेगा।

### कहां, कितना गिरा पारा

बुधवार को पश्चिमी मप्र के अधिकांश जिलों में दिन का पारा 3 से 4 डिग्री तक गिरा है। बैतूल, भोपाल सहित कुछ जिलों में 3 तो धार, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन आदि शहरों में पारा 4 डिग्री तक गिरा है। पश्चिमी मप्र में औसत दिन का पारा 33 और पूर्वी मप्र में यह 38 डिग्री तक रहा है। पश्चिमी मप्र में पारा सामान्य से औसतन 9 डिग्री कम है, जबकि पूर्वी में यह 5 डिग्री कम कमी के साथ दर्ज हुआ है। प्रदेश में सबसे कम दिन का पारा इंदौर में 28.6 डिग्री रहा है।

### यह रिकॉर्ड भी टूटे हैं

शुक्ला के अनुसार इंदौर में बुधवार को कई रिकार्ड टूटे हैं। इनमें मई की कुल बारिश का 123 साल का रिकार्ड टूट गया है। यहां मई में अब तक कुल 76.2 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है, जबकि इससे पहले यहां 1902 के बाद इतनी बारिश दर्ज नहीं हुई है। इसके अलावा इंदौर में हवाओं की रफ्तार भी 112 किमी प्रति घंटे रही, जो मई वर्ष 2000 के बीद नहीं रही है।

### अभी जारी रहेगा क्रम

प्रदेश में बदले मौसम का मिजाज अभी दो दिन जारी रहेगा। इसके बाद सिस्टम आगे बढ़ेगा, जिससे बारिश में कमी के साथ गर्मी का पारा भी बढ़ेगा। इस सप्ताह लू की स्थिति नहीं बनेगी।

## खबर संक्षेप

### अस्पतालों में बारिश का पानी भरा,जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के हमीदिया रोड पर बन रही सड़क पर से अस्पतालों-घरों में बारिश का पानी भरने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि सड़क की दोनों ओर नाली का लेवल सड़क से ऊपर किये जाने से बारिश के समय सड़क का पानी घरों-अस्पतालों में भर जाता है, जिसके चलते लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।

### कक्षा 10वीं-12वीं में छात्राओं ने किया नाम रोशन





**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किए गए। इनमें अयोध्या नगर स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा सपना वर्मा ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किए, वहीं कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाए) की लहर ढोसेले ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्वलल भविष्य के लिए कामना की है। स्कूल प्राचार्य अशोक डेहरिया, आशु सक्सेना, अलका सक्सेना, सोनिया त्रिखा, मनीषा सक्सेना, कु. देवांगी सिंह, रेखा राठौर, कु. आयुषी श्रीवास्तव, रोहित सोलंकी सहित सभी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### कार्डियोलॉजी टीम को किया गया सम्मानित

**भोपाल।** बीएमएचआरसी की कार्डियोलॉजी विभाग की टीम ने जबलपुर में आयोजित एकेडमी ऑफ कार्डियक साइंसेज और मप्र कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वैज्ञानिक कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया। बीएमएचआरसी की टीम ने विभागाध्यक्ष डॉ. अमन चतुर्वेदी के नेतृत्व में मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनुराग सिंह ठाकुर तथा डीएम छात्र डॉ. समीर पुष्पद, डॉ. उपेंद्र गेदाम और डॉ. गौतम श्रीकुमार ने केस प्रस्तुतियां दी। डॉ. अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा दिल की पंपिंग क्षमता और मांसपेशियों की कार्यक्षमता का आकलन करने वाली तकनीक पर केस स्टडी प्रस्तुत की। डॉ. समीर पुष्पद द्वारा दुर्लभ 'रिसट्रिक्टिव कार्डियोमायोपैथी मामले का विश्लेषण किया।

### भौंरी में मप्र पुलिस प्रशिक्षण अकादमी के परेड ग्राउंड में हुआ आयोजन

# एमपी पुलिस को मिले 19 नए डीएसपी डीजीपी ने ली दीक्षांत परेड की सलामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी पुलिस को 19 नए डीएसपी स्तर के अधिकारी मिल गए हैं। भौंरी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद बुधवार को परेड ग्राउंड में डीएसपी स्तर के अफसरों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। डीजीपी कैलाश मकवाना ने इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होने खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। दीक्षांत परेड के बाद 7 महिला अफसरों समेत सभी 19 डीएसपी शामिल होकर एमपी पुलिस को हिस्सा बने। इस मौके पर मकवाना ने सभी नवनियुक्त पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए सेवा के दौरान इंटीग्रिटी, ईमानदारी, कार्य दक्षता और संवेदनशीलता के गुणों को अपनाने की सीख भी दी।

### शील्ड और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

इन सभी डीएसपी को नए ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें नए आपराधिक कानूनों, अपराध विवेचना, फोरेंसिक विज्ञान, कानून व्यवस्था जैसे कोर विषयों के साथ एथिक्स, नैतिक आचरण, सॉफ्ट स्किल्स, इमोशनल इंटेलिजेंस जैसे सब्जेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही इन्हें डीएसपी ड्रिल, बलवा ड्रिल, योगा, ध्यान तथा यूएसी जैसी विधाएं भी सिखाई गई हैं। इस दौरान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट रहे अफसरों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। दीक्षांत समारोह में एडीजी राजा बाबू सिंह, डीसी सागर, आशुतोष राय, चंचल शेखर, आईजी अभय सिंह, डीआईजी विनीत कपूर समेत डीएसपी के परिजन भी शामिल हुए।

### वर्दी का भय असामाजिक तत्वों में जरूर रहना चाहिएः डीजीपी

डीजीपी ने नवागत अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की पुलिस अवधारणा को समझ कर उस पर कार्य करना आवश्यक है। स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा को साकार करते हुए संविधान व कानून के प्रति समर्पण, दक्षता, कार्य कुशलता व समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता व समानुभूति से परिपूर्ण होंगे। आपकी वर्दी का भय असामाजिक तत्वों व अपराधियों में जरूर रहना चाहिए लेकिन आम नागरिक, पीड़ित व शोषित वर्गों के मन में भरोसा रहे कि वे अपनी तकलीफें व समस्याएं आपके पास लेकर आएंगे तो आप उन्हें सुनेंगे और उनकी समस्याओं का यथासंभव निदान करेंगे। उन्होने यह भी कहा कि एमपी पुलिस में अपनी परिवीक्षा अवधि के दौरान नवनियुक्त डीएसपी थानों के रजिस्टरों का गहन अध्ययन करते हुए जनता के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुनें और स्मार्ट पुलिसिंग के कॉन्सेप्ट को सही परिप्रेक्ष्य में लागू करें।

दान करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है

# मोहिनी एकादशी व्रत आज... दान-पुण्य से आएगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत इस बार 8 मई गुरुवार को रखा जाएगा। पूरे वर्ष में कुल 24 एकादशी व्रत रखे जाते हैं। इनमें वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है, जिसका विशेष धार्मिक महत्व है। शास्त्रों में अन्य एकादशी की अपेक्षा इस एकादशी का ज्यादा पुण्य फल माना गया है। मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। इस दिन विशेष चीजों का दान भी जरूर करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि मोहिनी एकादशी के दिन दान करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और धन लाभ के योग बनते हैं, सुख-समृद्धि आती है। इस एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है। एकादशी तिथि 7 मई को सुबह 10:19 बजे शुरू होगी और 8 मई को दोपहर 12:29 बजे समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के चलते एकादशी व्रत 8 मई को रखा जाएगा। एकादशी के मौके पर राजधानी के बिड़ला मंदिर, सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करने को श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी।

### भगवान ने लिया था मोहिनी अवतार

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु ने मोहिनी अवतार लिया था। मोहिनी अवतार लेकर भगवान विष्णु ने देवताओं को अमृतपान करवा कर दैत्यों से उनकी रक्षा की थी। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने भी विजय पाने के लिए मोहिनी एकादशी का व्रत रखा था। इस दिन मोहिनी एकादशी व्रत को दृढ़ संकल्प के साथ करने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और सुख-समृद्धि के साथ मोक्ष की प्राप्ति होती है। मोहिनी एकादशी व्रत की पूजा थाली में चौकी, सुपारी, तुलसी दल, नारियल, पीला चंदन, पीला कपड़ा, आम के पत्ते, कुमकुम, फूल, मिठाई, अक्षत, लौंग, पंचमेवा, धूप, दीप, फल, भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र जरूर शामिल करें।

# कुसुम योजना को लागू में मप्र देश में दूसरे स्थान पर

**भोपाल।** सौर ऊर्जा योजना किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें दिन में बिजली उपलब्ध कराने में मदद करती है। राज्य शासन ने कुसुम 'ए' योजना के तहत 1790 मेगावाट की सौर ऊर्जा गृह स्थापना का लक्ष्य रखा है। यह बात मप्र सोलर कुसुम एसोसिएशन द्वारा सौर ऊर्जा विषय पर आयोजित सेमिनार में अतिरिक्त मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि कुसुम 'ए' योजना किसानों को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करके बिजली पैदा करने और बेचने का अवसर प्रदान करती है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होती है। यह योजना किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराती है, जिससे उन्हें सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए बिजली मिल जाती है। मनु श्रीवास्तव ने सेमीनार में किसानों को सौर ऊर्जा का महत्व समझाया। सेमीनार में मप्र सोलर कुसुम एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सौर ऊर्जा विशेषज्ञ भुवनेश पटेल ने उपस्थितजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि कुसुम योजना के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। चार चरणों में 1790 मेगावाट की सौर ऊर्जा गृह स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। सेमीनार में कार्यक्रम में किसान, ऊर्जा विकास निगम अफसर, ऊर्जा उपकरण विक्रेता, बीमा कंपनी अफसर, एलटी पैनल, इनवर्टर, ट्रांस फार्मर विक्रेता आदि उपस्थित थे। सेमीनार में पटेल ने योजना का फिल्म स्लाइड के जरिए प्रदर्शन करते हुए इसकी खासियतें बताईं। किसानों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कुसुम 'ए' योजना के तहत किसानों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# निटर और ग्लोबल स्किल्स पार्क ने कौशल विकास और अनुसंधान को बढ़ावा देने किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) ने संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्कके साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है।

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में यह साझेदारी शिक्षक और छात्रों के बीच सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, छात्रों के लिए इंटर्नशिप और नई तकनीकों पर केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन को प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा संसाधनों के साझा उपयोग, वर्कशॉप्स व सेमिनार, संयुक्त अनुसंधान, और पीएचडी फेलोशिप जैसी कई पहलों की भी शुरुआत की जाएगी।

### समझौते पर इन्होंने किए हस्ताक्षर

इस समझौते पर निटर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी और ग्लोबल स्किल पार्क के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गिरीश शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल भी उपस्थित रहे। एमओयू एक्सचेंज का कार्य निटर भोपाल के डीन कार्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित एवं प्रो. पराग दुबे द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर डॉ. टेटवाल ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्कमें युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। ग्लोबल स्किल पार्कके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गिरीश शर्मा ने कहा कि निटर भोपाल एक उत्कृष्ट राष्ट्रीय संस्थान है, जिसके साथ जुडना निसंदेह विद्यार्थियों के कौशल विकास में एक नया आयाम जोड़ेगा।

# होटल, ढाबों में परोसी जा रही अवैध शराब की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में होटल और ढाबों में अवैध शराब परोसी जा रही है।जिसके खिलाफ आबकारी टीम ने बुधवार को रातीबड़ सहित अन्य क्षेत्रों में दबिश देते हुए कार्रवाई की है।

जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि चार टीमों ने केरवा डेम रोड, रातीबड़, 10 नंबर अरेरा कॉलोनी, बैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न रेस्टोरेंट, होटल, ढाबों पर देर रात अभियान चलाकर ब्लू लगून, हाइड आउट, ट्री चैप्टर, बेसिल,कंट्री साइड मिडोज, वन माल्ट, खासियत, आर-एमबायंस, मोक्ष क्लब, रजवाड़ा ढाबा पेज थ्री, कुसीन कल्चर आदि में तलाशी ली। इनमें अवैध शराब लोगों परोसी जा रही थी।

जिससे इनके संचालकों व मालिकों पर 48 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। वहीं अन्य टीम द्वारा बैरसिया रोड के किनारे अवैध हाथ भट्टी शराब बेचने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं।

# दो लाख की आबादी को आज नहीं मिलेगा पानी

**भोपाल।** एम्स मेट्रो स्टेशन निर्माण के दौरान पेयजल प्रदाय पाईप लाईन की शिफ्टिंग के लिए शट डाउन लिए जाने की वजह से जोन 13 और 14 के विभिन्न क्षेत्रों में गुरूवार 8 मई को पानी सप्लाई नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार साकेत नगर, साकेत नगर 2-ए, 2-बी, 2-सी, 9-ए, 9-बी, दुर्गा नगर, नारायण नगर, एम्स हॉस्पिटल, बरकत उल्लाह विवि, आरआरएल एम्री, बागसेवनिया, बागसेवनिया ग्राम, रेत बाजार, दुर्गा मंदिर क्षेत्र, शक्ति नगर सेक्टर 1, 2, 3, आईएसबीटी, विश्वकर्मा नगर, पंचवटी मार्केट 2-ए, 3-ए, 3-बी, 3-सी, 3-डी, बरखेड़ा पठानी क्षेत्र, जय हिंद नगर, आजाद नगर, पंचशील नगर, पद्मनाभ नगर, 7 एकड़ टंकी क्षेत्र (साकेत नगर सेक्टर 4-ए, 4-बी, 4-सी), रवीन्द्रनाथ टैगोर, पड़ति भीमसेन जोशी नगर क्षेत्र में पानी नहीं आएगा। जिसको देखते हुए नगर निगम इन इलाकों में टैंकर भेजकर पानी सप्लाई करेगा।

# सावित्रीबाई फुले पर बनी फिल्म फुले देखने बड़ी संख्या में पहुंचे




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले पर बनी फिल्म फुले को देखने बड़ी संख्या में बुधवार को बहुजन समाज के लोग एक मॉल पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगों ने सेंसर बोर्ड के द्वारा फिल्म में काट छांट करने को लेकर रोष व्यक्त किया।

हालाकि बहुजन समाज के लोगों ने फिल्म के रिलीज को लेकर खुशी भी जाहिर की ओर कहा कि फिल्म का पार्ट भी बनाया जाना चाहिए। बीआर आंबेडकर जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रवि खरे ने कहा कि यह फिल्म सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित सत्य घटना पर बनाई गई। जिसमें उनके संघर्ष को दिखाया गया। इस मौके पर योगेश मान सिंह कुशवाहा, सुनील बोरसे , (प्रदेश अध्यक्ष भीम शक्ति अंबेडकर नेता), श्याम सिंह सरोनिया (वरिष्ठ समाजसेवी), घनश्याम दोहरे सहित समिति के लोग मौजूद थे।

# टॉपर्स की उपलब्धि से बच्चों को मिलता है प्रोत्साहनः सिंह

- स्कूल शिक्षा मंत्री ने बोर्ड परीक्षा की टॉपर छात्राओं से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉल से माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 और 12वीं की टॉपर छात्राओं से बात कर उन्हें बधाई दी। मंत्री सिंह ने कहा कि हायर सेकण्डरी बोर्ड की परीक्षा में शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रियल द्विवेदी ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। शिक्षा मंत्री ने प्रियल से उनकी परीक्षा में की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली। मंत्री सिंह ने वीडियो कॉल से कक्षा 10 हाई स्कूल परीक्षा की टॉपर सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल से भी बात की। उन्होंने कहा कि 500 अंक में से 500 अंक प्राप्त कर प्रज्ञा ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से देशभर के बच्चों को प्रोत्साहन मिला है। मंत्री सिंह ने छात्रा प्रज्ञा से उनके भविष्य की योजना में बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का परीक्षाफल काफी बेहतर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से भी दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों ही छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

### शिक्षाविदों का मानना: बच्चे अब विभिन्न माध्यमों से खुद को सकारात्मक बनाएं

# कौशल विकास पर जोर, बदलते पढ़ाई के स्वरूप से अवसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणाम जारी होने साथ ही अन्य बोर्ड द्वारा परिणाम जारी किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि बीते सालों के मुकाबले परीक्षा परिणाम के चलते बच्चों के अवसाद में जाने या फिर किसी अप्रिय घटना के मामले सामने नही आए हैं। शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों का सकारात्मक परिणाम बताया है। शिक्षाविदों का मानना है कि स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, परीक्षा का दूसरा अवसर, नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई का बदलता स्वरूप, अभिभावकों और शिक्षकों का विद्यार्थियों से सीधा और असरदार संवाद, अभिभावकों और बच्चों का अंको की जगह कौशल विकास पर अधिक जोर के परिणाम स्वरूप अवसाद और आत्महत्या की घटनाओं मे आई गिरावट आई है।

### बच्चों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने की जरूरत



पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार परीक्षा परिणाम 15 से 20 फीसदी तक बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर अभिभावकों का बच्चों की पढ़ाई और उनके सकारत्मकता को लेकर नजरिया भी बदला है। पिछली घटनाओं से सीख लेते हुए अब हर अभिभावक बच्चों को समय देने के साथ ही लगातार संवाद भी कर रहे है। इसके साथ ही बच्चों के व्यवहार और उनकी दिनचर्या पर भी अभिभावकों का ध्यान बढ़ा है। स्कूली व्यवस्था में हुए बड़े बदलावों में यह देखा सकता है कि अब शिक्षकों का भी बच्चों के प्रति व्यवहार बदला है। बच्चों को यह सिखाया जा रहा है कि एक परीक्षा ही पूरा जीवन नहीं है। इसके साथ ही बच्चों को परीक्षा का दूसरा अवसर दिया जाना और स्कूल शिक्षा विभाग की कौशल विकास को बढ़ावा देने सहित विभिन्न योजनाओं का भी असर देखने को मिला है। यह बहुत सकारात्मक खबर है कि आज बच्चों के अवसाद में जाने या फिर आत्महत्या जैसे कदम उठाने के मामले में बड़ी गिरावट आई है। बच्चों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने की जरूरत है।

डॉ. दामोदर जैन, पूर्व सदस्य एनसीईआरटी

### आज पढ़ाई का स्वरूप बदल रहा



आज पढ़ाई का स्वरूप बदल रहा है। बच्चे काफी समझदार हो गए हैं और अपने अभिभावकों व शिक्षकों से अपनी परेशानी को साझा करते हैं। इसके अलावा शिक्षा व्यवस्था में परीक्षा में फेल हुए विद्यार्थियों को दूसरा अवसर दिया जाना, सोशल मीडिया पर सकारात्मक वीडियो, अभिभावकों और बच्चों का अंको की जगह कौशल विकास पर अधिक जोर दिया जाना बच्चों के लिए सहयोगी साबित हुआ है। हमारे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर अन्य नेता बच्चों की सकारात्मक पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर है। प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम भी बच्चों के लिए काफी सहयोगी साबित हुआ है। आज शैक्षणिक सामग्री काफी सरलता के साथ उपलब्ध है। सुविधाएं बढ़ गई हैं और स्कूलों में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा का जो प्रयास किए जा रहे हैं। अभिभावकों की सोच में भी बड़ा बदलाव अब देखने को मिल रहा है, जो अभिभावकों शिक्षित होने का असर है।

डॉ. राजेश शर्मा, काउंसलर एवं शिक्षाविद

### शिक्षा व्यवस्था में अच्छे बदलाव हुए



स्कूल शिक्षा विभाग ने बीते सालों में स्कूली शिक्षा व्यवस्था में बेहतरीन बदलाव किए है। इसका परिणाम इस बार के एमपी बोर्ड के रिजल्ट में देखा जा सकता है। पूर्व में बच्चों के अवसाद में जाने और कई प्रकार घटानाओं के जो मामले सामने आते थे, उनमें गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण विभाग की विभिन्न योजनाएं और पढ़ाई का बदलता स्वरूप है। बच्चे खुद को सकारात्मक बनाए रखने के साथ ही कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वहीं अभिभावकों का भी अब पढ़ाई में अंकों को लेकर नजरिया बदल रहा है। अंकों की जगह कौशल विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है। शिक्षकों, अभिभावकों और विभाग के सकारात्मक प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज हम देख रहे हैं किसी भी प्रकार कोई घटना अब नहीं हो रही है। अभिभावकों और शिक्षकों का विद्यार्थियों से सीधा और असरदार संवाद भी इसमें काफी सहायत साबित हुआ है।

**सुधाकर पाराशर**, प्राचार्य, शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, शिवाजी नगर

## डॉक्टर सजेशन


**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब रात में न आए नींद



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे रात को गहरी नींद नहीं आती है, जिसकी वजह से पूरे दिन सुस्ती और आलस छाया रहता है। सिर में भी हल्का-हल्का दर्द होता रहता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं रात को गहरी नींद सो सकूं।**

**-विकास, रायपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, इस बात पर गौर करें। इस दौरान ऐसा क्या हुआ है, जो बात या घटना आपके दिमाग में बार-बार घूम रही है। कई बार ऐसी कोई घटना हो जाती है, जो लगातार मन में आती रहती है और नींद डिस्टर्ब होती है। कोई समस्या है तो आप उसका समाधान खोजें, न कि नींद की दवा लें। अगर कोई कारण आपको समझ मे नहीं आ रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। नींद की दवा लेने से आपको बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर की त्वचा पर काले दाग-धब्बे दिख रहे हैं। ऐसा किस वजह से हो सकता है? कृपया बताएं कि ऐसा क्यों है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-प्रतीश, दुर्ग**

आप ध्यान दें कि ये स्पॉट केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं या पूरे शरीर में? क्योंकि अगर पूरे शरीर में हो रहे हैं तो इसका कारण इंफेक्शन भी हो सकता है। लेकिन अगर केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं तो आप इस बात पर गौर करें कि क्या कुछ दबाव पड़ने पर या चोट लगने से हो रहा है या बगैर किसी कारण के हो रहा है? हालांकि बगैर देखे कुछ भी कहना मुश्किल है। अगर ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो आप एंटी एलर्जी दवा ले सकते हैं लेकिन एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क जरूर करें, वे चेकअप के बाद उनका प्रॉपर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में फ्रेक्चर हुआ था। फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से कुछ हफ्तों तक एक्सरसाइज भी किया था। अब भी वहां पर दर्द होता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रीतपाल, महेंद्रगढ़**

क्या फ्रेक्चर वाले स्थान पर फिर से चोट लगी थी? कई बार चोट लगने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा है तो आपको थोड़ा बचाव करना चाहिए। अगर इसके बाद भी दर्द नहीं जाता है तो जरूर दोबारा आपको एक्सरे करा लेना चाहिए। कई बार हड्डी ठीक से ना जुड़ने की वजह से भी इस तरह की समस्या देखी जाती है। फिलहाल दर्द वाले स्थान पर गर्म पानी से सिकाई करें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। गर्म पानी, काढ़ा पीने से थोड़ी राहत तो मिलती है, लेकिन ये सब छोड़ते ही प्रॉब्लम फिर से बढ़ जाती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-कमल, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टांसलाईटिस की समस्या है। सबसे पहले आप फ्रिज में रखी ठंडी और खट्टी चीजें खाना बंद कर दें। बाजार का दही और छाछ भी नहीं खाना है। ठंडा पानी भी पीना बंद करें। इसके अलावा सुबह उठकर और रात में सोने से पहले नमक वाले पानी से गरारा करें। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं और वहां की स्किन भी सूजी हुई लगती है। कृपया इन समस्याओं को दूर करने का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-रजत, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से होते हैं। इसके लिए सबसे पहले आप शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच कराएं। अगर एचबी नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। फिजिकल एग्जामिनेशन के बाद ही कारण बताया जा सकता है। जिसके बाद उसका ट्रीटमेंट शुरू होगा। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए आप कोई भी मेडिसिन ना खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डाइट एडवाइस

**डॉ. चेतना बंसल**
क्लीनिकल न्यूट्रीशनिस्ट, नई दिल्ली

ओल्ड एज में अनेक शारीरिक समस्याओं के साथ ही मसल्स लॉस होना भी एक कॉमन प्रॉब्लम है। इस वजह से बुजुर्ग व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर डाइट का ध्यान रखा जाए और यहां बताए जा रहे प्रोटीन-मिनरल्स युक्त फूड्स को डाइट में शामिल किया जाए तो काफी राहत मिल सकती है।

# बढ़ती उम्र में मसल्स लॉस
# रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट

उम्र बढ़ने के साथ मसल्स कमजोर होना कॉमन समस्या है। आमतौर पर जिसका कोई लक्षण नजर नहीं आता, व्यक्ति को इसका अहसास तब होता है, जब उसका कुर्सी से उठना भी मुश्किल हो जाता है। असल में प्रोटीन, मिनरल्स जैसे पोषक तत्वों की कमी के कारण 60 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते व्यक्ति के शरीर की मसल्स का आकार छोटा यानी तकरीबन 33 प्रतिशत कम हो जाता है। मेडिकल भाषा में इसे सार्कोपीनिया कहते हैं, जिससे खान-पान का ध्यान रख कर बचा जा सकता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में हुई एक रिसर्च से पता चला है कि कुछ खाद्य पदार्थों में ऐसे प्रोटीन-रिच कंपाउंड या पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो मसल्स का आकार छोटा होने की समस्या को रिवर्स कर सकते हैं।

**ग्रीक योगर्टः** ग्रीक योगर्ट में नॉर्मल दही से दोगुना हाई क्वालिटी प्रोटीन (170 ग्राम योगर्ट में 15 से 20 ग्राम) होता है, जो सीनियर सिटीजन की मांसपेशियों की मेंटेनेंस के लिए जरूरी होता है। खासकर इसमें मौजूद कैसीन, धीरे-धीरे डाइजेस्ट होता है और कई घंटों तक आपकी मांसपेशियों के लिए अमीनो एसिड रिलीज करता रहता है। एक्सपर्ट्स इसे शाम के समय या रात को सोने से एक घंटा पहले खाना बेस्ट मानते हैं। चूंकि रात के समय खाली पेट होने की वजह से शरीर में मसल ब्रेकडाउन काफी तेजी से होता है। ग्रीक योगर्ट खाकर सोने से मांसपेशियों को लगातार अमीनो एसिड मिलता रहता है, जिससे मसल ब्रेकडाउन में कमी आती है।



ग्रीक योगर्ट में कैल्शियम, विटामिन डी और फॉस्फोरस भी भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने और मांसपेशियों को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए जरूरी हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स, गट हेल्थ को सुधारते हैं, जो शरीर में पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ाने और इंफ्लेमेशन कम करने में सहायक हैं। इससे मसल हेल्थ मेंटेन करने में मदद मिलती है। हफ्ते में तीन से चार बार 170 ग्राम ग्रीक योगर्ट का सेवन करना चाहिए।

**फैटी फिशः** बढ़ती उम्र में मसल ब्रेकडाउन में इंफ्लेमेशन मेन फैक्टर है। फैटी फिश में मौजूद ईपीए और डीएचए फैटी एसिड इस इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं। 112 ग्राम फिश में 20 ग्राम कंप्लीट प्रोटीन और विटामिन डी काफी मात्रा में होता है। ये पोषक तत्व उम्र बढ़ने के साथ होने वाले मसल लॉस की रिपेयर करने, रिजनरेट और ग्रोथ करने में मदद करते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में पब्लिश रिसर्च के अनुसार सप्ताह में दो बार फैटी फिश खाने वाले बुजुर्गों का मसल लॉस कम होता है।

**दालें और बींसः** एक कटोरी पकी हुई दालों और बींस में 15 ग्राम प्रोटीन होता है। इनके अंदर एक खास तरह की स्टार्च होती है, जो गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाती है। ये बैक्टीरिया मसल्स लॉस करने वाली इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।



शरीर में ब्लड शुगर लेवल ज्यादा हो तो उसे कंट्रोल करने के लिए पैंक्रियाज को अधिक मात्रा में इंसुलिन रिलीज करना पड़ता है। लेकिन इंसुलिन स्पाइक्स से मसल्स लॉस की संभावना रहती है। दालों में मौजूद फाइबर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है और इंसुलिन स्पाइक्स नहीं होने देता। बींस में मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन जैसे मिनरल्स भी होते हैं, जिनकी कमी होने पर मसल्स में ऑक्सीजन सप्लाई ठीक तरह से नहीं हो पाती और मसल्स लॉस का खतरा रहता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के ह्यूमन न्यूट्रीशियन रिसर्च सेंटर ऑन एजिंग के अनुसार, हफ्ते में चार बार बींस और लेग्यूम्स का सेवन करने से मसल्स का आकार सही बनाए रखने में मदद मिलती है।

**ऑलिव ऑयलः** इसमें मौजूद ओलियोकैंथल कंपाउंड इबोप्रोफिन दवाई की तरह काम करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ लजियाना में हुई एक रिसर्च के अनुसार ओलियोकैंथल कंपाउंड मसल्स में मौजूद प्रोटीन को तोड़ने और मसल्स को नुकसान पहुंचाने वाले एंजाइम को बढ़ने से रोकता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद मोनो अनसेचुरेटेड फैट टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाती है, जिसकी कमी से मसल्स ब्रेकडाउन होता है और मसल्स का साइज छोटा होने लगता है। एक अध्ययन के हिसाब से हर रोज कम से कम 2 चम्मच ऑलिव ऑयल का सेवन करते हैं, उनकी मसल्स ज्यादा ताकतवर होती हैं।

**नट्स-सीड्सः** इनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो मसल्स के डेवलपमेंट और स्ट्रेंथ में सहायक होते हैं। प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर बादाम, मसल्स का आकार छोटा होने से रोकने में मदद करता है।



मसल्स के आकार को छोटा करने वाले फैक्टर्स, इंफ्लेमेशन को अखरोट में मौजूद अल्फा लिनोलिनिक एसिड दूर करता है। उम्र बढ़ने के साथ टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन की कमी हो जाती है, जिससे मांसपेशियों का आकार छोटा होने लगता है। कद्दू के बीज में मौजूद जिंक टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के निर्माण प्रक्रिया को बढ़ाता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के अनुसार जिन सीनियर सिटीजंस के खून में विटामिन ई का लेवल ज्यादा होता है, उनमें मसल लॉस कम होता है। लिहाजा उम्र बढ़ने पर होने वाले मसल लॉस को रोकने के लिए दिन में एक मुट्ठी मिक्स नट्स और सीड्स जरूर खाने चाहिए।

**अंडेः** एक बड़े आकार के अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन, विटामिन डी और कोलाइन, ल्यूसिन जैसे अमीनो एसिड होते हैं, जो प्रोटीन सिंथेसिस को स्टीमुलेट करने का काम करते हैं। यानी, उम्र बढ़ने के साथ मसल्स में होने वाली प्रोटीन की कमी को दूर कर मसल्स को मजबूती प्रदान करते हैं।



यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय अर्बानाशैंपेन की रिसर्च के अनुसार उम्रदराज व्यक्ति अगर अंडे के सफेद भाग के बजाय साबुत अंडा खाते हैं, तो उनकी मसल्स ग्रोथ 40 प्रतिशत बढ़ जाती है। साथ ही उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल मेंटेन रहता है और दिल की बीमारी होने का खतरा कम होता है।

**बेरीजः** उम्र बढ़ने के साथ शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस ज्यादा हो जाता है, जो मसल्स ब्रेकडाउन को बढ़ा देता है और मसल्स-रिकवरी को स्लो कर देता है। स्ट्रॉबेरीज, मलबेरीज, शहतूत जैसी बेरीज में मौजूद पॉलीफिनोल्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करने वाले फ्री-रेडिकल्स को खत्म कर देते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक बेरीज खाने से मसल्स की रिकवरी जल्दी होती है और वे मजबूत होते हैं।

**व्हे-प्रोटीनः** दूध का कंसंट्रेटेड फॉर्म ही व्हे-प्रोटीन कहलाता है। इसमें किसी भी नेचुरल फूड के मुकाबले ज्यादा ल्यूसिन अमीनो एसिड ज्यादा होता है। जो मसल्स में प्रोटीन के इस्तेमाल को बढ़ाता है। यह शरीर में बहुत तेजी से अवशोषित हो जाता है। मसल्स ग्रोथ दुबारा शुरू हो जाती है। जर्नल ऑफ अमेरिकन मेडिकल डायरेक्टर्स एसोसिएशन की एक रिसर्च के अनुसार प्रोटीन-रिच खाद्य पदार्थों की अपेक्षा व्हे-प्रोटीन के सेवन से मसल्स 40 प्रतिशत अधिक हेल्दी होते हैं। व्हे-प्रोटीन में बायो एक्टिव पेप्टाइड होते हैं, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ाते हैं, इंसुलिन सेंसिटिविटी को इंप्रूव करते हैं और इंफ्लेमेशन कम करते हैं। व्हे-प्रोटीन में मौजूद सिस्टीन शरीर में जाकर ग्लटाथायोन एंटीऑक्सीडेंट बनाता है, जो उम्र बढ़ने पर मसल्स को होने वाले नुकसान से बचाता है। यहां बताए गए किसी भी प्रोटीन रिच फूड आइटम का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**



### हरी पत्तेदार सब्जियां

**हरी पत्तेदार** सब्जियों में नाइट्रेट काफी मात्रा में मिलता है, जिसे हमारा शरीर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह नाइट्रिक ऑक्साइड एक ऐसा कंपाउंड है, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ा देता है, जिससे मसल्स को न्यूट्रिएंट्स ज्यादा मात्रा में मिलते हैं। अध्ययनों से साबित हुआ है कि नाइट्रेट खाने से बड़े बुजुर्गों की मांसपेशियां ज्यादा अच्छे ढंग से काम करती हैं। अगर ब्लड फ्लो कम हो जाए तो मांसपेशियों की परफॉर्मेंस कम हो जाती है और मांसपेशियों की रिकवरी जल्दी नहीं होती।

हरी पत्तेदार सब्जियों में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है। इनकी जरूरत मांसपेशियों के संकुचन के लिए होती है। एक कटोरी पकी हुई पालक में दिन की जरूरत का 40 प्रतिशत मैग्नीशियम होता है। इन मिनरल्स की अगर बॉडी में कमी हो जाए तो इससे मसल क्रैंप्स पड़ने लगते हैं, मसल्स कमजोर हो जाते हैं और आकार छोटा होने लगता है। 2015 में जर्नल्स ऑफ जेरेंटोलॉजी में एक स्टडी से पता चला कि जो सीनियर सिटीजन विटामिन-के ज्यादा खाते हैं, उनमें उम्र बढ़ने पर मसल लॉस कम होता है।

## सजेशन / राजकुमार 'दिनकर'

# सुपर ड्रिंक है नारियल पानी



हालांकि नारियल पानी कभी भी पीना फायदेमंद होता है, लेकिन चिलचिलाती गर्मियों में सुबह-सुबह पीया गया एक ग्लास नारियल पानी, हमें न केवल दिनभर हाइड्रेट रखता है बल्कि एनर्जी से भी लबालब रखता है। इसीलिए इसे सेहत का सुपर ड्रिंक कहते हैं। नारियल एक ऐसा नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद करीब-करीब सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**मिनरल्स का खजानाः** नारियल पानी में कई विटामिंस, खनिज और इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम होते हैं, जो गर्मी में पसीने से खोए मिनरल्स को पूरा करते हैं।

**डिहाइड्रेशन से राहतः** नॉर्मल पानी के मुकाबले यह ज्यादा तेजी से हमारे शरीर को हाइड्रेट करता है। नारियल पानी हमें थकावट, चक्कर आने और लू लगने से बचाता है। यह लो कैलोरी और नो फैट ड्रिंक है यानी इसके पीने के बाद वजन नहीं बढ़ता। एक ग्लास नारियल पानी में सिर्फ 40-50 कैलोरी ही होती है।

**पेट के लिए अच्छाः** चिलचिलाती गर्मियों में नारियल पानी पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ शरीर को तुरंत ठंडक देता है, बल्कि पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याओं में भी तुरंत राहत दिलाता है। मसलन पेट की जलन, अपच और एसिडिटी में इन दिनों नारियल पानी रामबाण है। दस्त या उल्टी के बाद कमजोरी से लड़ने में भी मदद करता है।

यह अधिकतर लोगों को सूट करता है। हालांकि यदि आप किडनी के मरीज हैं तो बिना डॉक्टर की सलाह के इसे न पीएं। इसी तरह यूं तो डायबिटिक पेशेंट्स को ताजा नारियल पानी ठीक रहता है, लेकिन सीमित मात्रा में। गर्मियों में सुबह खाली पेट नारियल पानी पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद है। तेज धूप से कहीं लौटने के बाद के बाद यदि थकान और कमजोरी महसूस हो रही हो, उस समय भी नारियल पानी पीना बहुत फायदेमंद है। यदि हल्का सिरदर्द या थकान महसूस हो रही है, उस समय भी नारियल पानी पीना फायदेमंद है। भोजन के बाद नारियल पानी पीना हो तो कम से कम 1 घंटे का अंतराल रखें। *

## अवेयरनेस

**सृजन अरोड़ा**

वैसे तो बच्चे को अपने मां-पिता से बहुत सारे गुण मिलते ही हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोधों से ज्ञात हुआ है कि बच्चे में बहुत सारे हेल्थ इश्यूज, उसे अपनी मां से मिलते हैं। इस बारे में सभी पैरेंट्स जानना चाहेंगे।

# मां से बच्चे में ट्रांसफर होते हैं कई हेल्थ इश्यूज



बच्चे की सूरत का अपनी मां के समान होना, सामान्य माना जाता है। वास्तव में बच्चे की शक्ल-सूरत ही नहीं, सीरत और उसकी सेहत कैसी होगी, इसमें भी मां की भूमिका अहम होती है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि मां की हेल्थ अगर अच्छी रहेगी, वह अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखे तो उसके बच्चे भी कई बीमारियों से बचे रहेंगे।

**माइटोकांड्रियल डीएनएः** शरीर की हर कोशिका में माइटोकांड्रिया होता है। किसी भी उम्र में व्यक्ति माइटोकांड्रियल डीएनए संबंधी बीमारियों का शिकार हो सकता है। मांसपेशियों की कमजोरी, तंत्रिका संबंधी समस्याएं, दृष्टि और सुनने में कमी तथा लैक्टिक एसिडोसिस मेटाबॉलिक डिसऑर्डर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनका स्थाई इलाज न होने की वजह से केवल इनके लक्षणों को नियंत्रित कर जटिलताओं से बच सकते हैं।

**आंखों से जुड़ी बीमारियांः** कई नेत्र रोग जैसे पैथोलॉजिकल मायोपिया (गंभीर निकट दृष्टि दोष) के जीन मां से विरासत में मिलते हैं। इसमें आंखों की संरचना में बदलाव आते रहते हैं। जिससे पर्मानेंट विजन लॉस होने की आशंका भी रहती है।

**बुद्धिमत्ताः** माना जाता है कि बुद्धिमत्ता परिवार में चलती है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा मां के जीन के कारण होता है क्योंकि बुद्धिमत्ता से जुड़े जीन X क्रोमोसोम में पाए जाते हैं। चूंकि महिलाओं में दो X क्रोमोसोम होते हैं, इसलिए अधिकांश बच्चों की मानसिक बुद्धिमत्ता और सोचने-समझने का तरीका मां से मिलता-जुलता होता है।

**स्लीप-पैटर्नः** बच्चे की नींद संबंधी आदतें तय होने में आनुवांशिक जीन का योगदान होता है। अध्ययनों के अनुसार बच्चों में अनिद्रा के 31 से 58 प्रतिशत मामले मां से विरासत में मिलते हैं।


**एजिंग प्रोसेसः** मां से मिलने वाला माइटोकांड्रियल डीएनए, बच्चे में भी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। डीएनए में होने वाले म्यूटेशन से कोशिकीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता में कमी और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ सकता है। यानी, शरीर में हानिकारक फ्री-रेडिकल्स जमा होने लगते हैं। यह धीरे-धीरे कोशिकाओं की कार्यक्षमता को घटाता है, जिससे बुढ़ापा जल्दी आने लगता है। अगर मां के माइटोकांड्रियल डीएनए में पहले से कुछ दोष या म्यूटेशन हैं, तो वही दोष बच्चे को भी मिलते हैं, जिससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

**एडीएचडीः** बच्चे में एडीएचडी विकार (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) माता-पिता किसी से भी विरासत में मिल सकता है। लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि इसमें मातृ जीन की भूमिका ज्यादा होती है। जीन के साथ कई अन्य कारक भी बच्चे में इस विकार की संभावना को बढ़ाते हैं जैसे- गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का धुआं, शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन, विषैले पदार्थों के संपर्क में आना, गर्भावस्था के दौरान मां का तनावग्रस्त रहना। इसके साथ ही जन्म के बाद मां की जीवनशैली, खान-पान का असर भी बच्चे पर पड़ता है।

**मूड डिसऑर्डर्सः** अध्ययनों से साबित हुआ है कि डिप्रेशन के लगभग 40-50 प्रतिशत और बाइपोलर डिसऑर्डर के 60-80 प्रतिशत मामलों के पीछे मातृ जीन का हाथ होता है। लेकिन जीवन में तनाव और अप्रत्याशित दुर्घटना जैसे बाहरी कारक भी बच्चे में मूड डिसऑर्डर विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**ऑटोइम्यून डिजीजेजः** आनुवांशिक तौर पर मां से मिले माइटोकांड्रियल डीएनए की वजह से ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटाइड आर्थराइटिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियां होने का खतरा रहता है। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**



## फिटनेस फंडा

**आरव चौधरी**

सोनी सब के शो 'वीर हनुमान' में हनुमान के पिता केसरी का रोल प्ले कर रहे एक्टर आरव चौधरी अपनी फिटनेस का खास खयाल रखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए आरव क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# कहीं भी रहूं, वर्कआउट जरूर करता हूं

एक्टर आरव चौधरी एक्टिंग के अलावा अपनी फिट बॉडी के लिए भी जाने जाते हैं। चाहे कितना भी बिजी शेड्यूल हो, वे वर्कआऊट के लिए टाइम जरूर निकालते हैं। अपने वर्क और फिटनेस रूटीन के बीच बैलेंस बनाकर चलते हैं, आरव चौधरी। अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए वे क्या करते हैं, अपनी डाइट और वर्कआउट रूटीन के बारे में डिटेल में यहां बता रहे हैं एक्टर आरव चौधरी।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरा वर्कआउट रूटीन सिंपल है। मौसम अच्छा हो, तो दौड़ने चला जाता हूं और मौका मिला तो स्विमिंग भी कर लेता हूं। शूटिंग के दौरान घुड़सवारी अपने आप हो ही जाती है। इसके अलावा मैं चाहे कहीं भी जाऊं, अपने लिए जिम जरूर ढूंढ़ लेता हूं। अगर किसी ऐसे रिमोट एरिया में जाना हुआ, जहां कोई जिम नहीं है तो ऐसे में मैं कोई ऐसा घर ढूंढ़ लेता हूं, जहां दो-चार डंबल्स ही मिल जाएं, मैं उसी से वर्कआउट कर लेता हूं। लेकिन वर्कआउट करता जरूर हूं। मेरी कोशिश होती है कि हफ्ते में कम से कम पांच-छह दिन वर्कआउट जरूर करूं। मैं डेढ़ से दो घंटे एक्सरसाइज करता हूं। अगर समय कम हो, तो भी कम से कम पैतालीस मिनट से एक घंटा तो डेली वर्कआउट करता ही हूं।

**फॉलो करता हूं हेल्दी डाइट प्लानः** मैं हमेशा सादा खाना खाता हूं। शूटिंग के दौरान भी दाल, रोटी, चावल, राजमा, बिना ग्रेवी वाला पनीर वगैरह साथ रखता हूं। इसके अलावा फ्रूट्स खाता हूं, प्रोटीन लेता हूं, व्हे प्रोटीन पीता हूं और दिन में अंडे खाता हूं। मुझे मीठा खाना बहुत पसंद है, लेकिन पिछले चार महीने से मैंने मीठा नहीं खाया है।

**मेंटल हेल्थ भी जरूरीः** ओवरऑल फिटनेस के लिए फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए मैं प्रभु का नाम जपता हूं, ध्यान-साधना करता हूं। इसके अलावा मैं हमेशा वर्तमान में यानी आज में, अब में जीने की कोशिश करता हूं। मैं जहां भी रहता हूं, वहां हमेशा हंसी-खुशी, उल्लास, आनंद और प्रेम के साथ सबसे मिलकर रहने की कोशिश करता हूं। साथ ही मेरी कोशिश रहती है कि अपने आस-पास प्यार, हंसी-खुशी और आनंद बांट सकूं।

**मेरे फिटनेस आइडलः** मेरे सबसे बड़े फिटनेस आइडल हैं पवनपुत्र बजरंगबली हनुमान। उनके बाद बहुत से लोग हैं। हमारे ही देश के मनोहर आइच, जो मिस्टर इंडिया, मिस्टर वर्ल्ड और मिस्टर यूनिवर्स रहे हैं। एक सौ एक वर्ष की आयु तक जीवित रहे मिस्टर आइच और इस उम्र तक वे वर्कआउट करते रहे और लोगों को ट्रेन भी करते रहे। उनके अलावा, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद, बॉक्सर मोहम्मद अली, हॉलीवुड एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन, अर्नोल्ड श्वार्जनेगर। नेशनली-इंटरनेशनली बहुत सारे लोग हैं, जिनसे फिटनेस की इंस्पिरेशन ली जा सकती है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**






# 'आपरेशन सिंदूर': तेंदुलकर समेत भारतीय खेल जगत ने देश की कार्रवाई को सराहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिये भारतीय सेना के 'आपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा ,"एकता में निडर, शक्ति में असीम।" तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा , 'एकता में निडर, शक्ति में असीम । भारत की ढाल उसके लोग हैं । दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है । हम एक टीम हैं । जय हिंद ।' पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा ," अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ । जय हिंद ।"

**हम एक देश ही नहीं एक टीम है : युवराज**

भारत की 2011 वनडे विश्व कप जीत के नायक युवराज सिंह ने लिखा ," हमारे देश की ताकत इसके लोगों की एकता और सही की रक्षा करने के हमारे संकल्प में है । हम एक देश ही नहीं बल्कि एक टीम के रूप में हर उस ताकत के खिलाफ साथ है जो अमन के लिये खतरा है । समरसता चाहने वाले विश्व में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं हो सकती ।"

### धवन, गंभीर व साइना बोले-'जय हिंद'

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा ," भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की । पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा ,' जय हिंद।' भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर ने आपरेशन सिंदूर तस्वीर के साथ लिखा , जय हिंद ।



### भारत ने प्रतिकूलता को फतेह में बदला : शमी

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आपरेशन सिंदूर की तस्वीर के साथ लिखा ," भारतीय सशस्त्र बल ने प्रतिकूलता को सशक्त फतेह में बदल दिया । भारतीय सेना के शौर्य और साहस ने हम सभी को गौरवान्वित किया है ।" पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी भारत की कड़ी प्रतिक्रिया की सोशल मीडिया पर सराहना की।

### आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं : दत्त

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की । विजेंदर ने लिखा ," भारत माता की जय ।" योगेश्वर ने लिखा ," आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत । जय हिंद, जय जवान ।"

### भारत ने दिया माकूल जवाब : विदित गुजराती

शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा ," मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया । आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिये । आपरेशन का कितना सुंदर नाम । भारत माता की जय ।"

### ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ जवाब नहीं : श्रीजेश

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने लिखा, "तिरंगा झुकता नहीं है और जो हमारे संकल्प की परीक्षा लेंगे, वे हमारी आग का सामना करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ जवाब नहीं है, इससे याद दिलाया गया है कि हम क्या हैं। हम कहां खड़े हैं। अपने सैनिकों को सलाम करता हूं। जय हिंद।"

### आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं : पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व फर्राटा धाविका पीटी उषा ने लिखा, "भारत में और दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। " पूर्व विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने लिखा, "हमारे फौजी धमकी नहीं देते, कार्रवाई करते हैं।

**खास खबर**

## पंड्या और नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिये भारी जुर्माना लगाया गया जबकि गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिये जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाये गए । मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर तीन विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा ," यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था । पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना और गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है ।"मुंबई की बाकी टीम और स्थानापन्न खिलाड़ियों पर छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। नेहरा की गलती के बारे में विज्ञप्ति में बताया नहीं गया लेकिन बार बार बारिश के कारण मैच रूकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया । वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे ।

### अब हर मैच को प्लेऑफ की तरह लेंगे

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि उनकी टीम ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रियान्वयन में गलती की और नियंत्रण बनाने के बावजूद हार गए इसलिये पांच बार की चैंपियन अब से बचे हुए प्रत्येक मैच को 'प्लेऑफ' की तरह लेगी। गुजरात टाइटन्स ने बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। गुजरात की टीम ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मुंबई को अब 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। जयवर्धने ने मैच के बाद मीडिया से कहा, "मुझे लगता है कि इस हार से सब पता चल जाता है। दोनों टीमों ने कुछ गलतियां कीं। लेकिन हमने शायद उनसे कहीं ज्यादा गलतियां कीं।" उन्होंने कहा, "हम ऐसी स्थिति में थे जब हमारे पास पांच मैच में चार हार और एक जीत थी। लेकिन उसके बाद से हम लगभग हर मैच में जीत की स्थिति में थे। हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। "



### खेलो इंडिया युवा खेलों की लाइव स्ट्रीमिंग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ हाल ही में हुई साझेदारी को आगे बढाते हुए खेलो इंडिया युवा खेलों का आईओसी के ऑनलाइन चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। खेल बिहार और दिल्ली के पांच शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं । ओलंपिक डॉट कॉम ने पहली बार लेह और गुलमर्ग में जनवरी और मार्च में हुए शीतकालीन खेलों के लिये खेलो इंडिया के साथ साझेदारी की थी। इन खेलों के मुख्यांश यूरोस्पोर्ट पर उपलब्ध हैं । इनकी फीड राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन द्वारा प्रोड्यूस की जा रही है । भारतीय खेल प्राधिकरण की विज्ञप्ति में ओलंपिक्स डॉट कॉम के महाप्रबंधक कोस्टास कार्वेलास ने कहा ," खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का ओलंपिक्स डॉट कॉम पर सीधा प्रसारण करने की हमें खुशी है । यह काफी रोमांचक आयोजन है और हमें खुशी है कि हम बिहार से इस रोमांच को अपने दर्शकों तक पहुंचा सके। खेलो इंडिया युवा खेलों में 27 पदक खेलों में 10000 से अधिक प्रतियोगी भाग ले रहे हैं ।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बैंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



सूर्य कुमार
510 रन
मुंबई

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
20 विकेट
गुजरात

**खबर संक्षेप**



### ताइपे ओपन : श्रीकांत आयुष, दूसरे दौर में

**ताइपे।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर कई अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने हमवतन संकर सुब्रमण्यम (2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया और अब उनका सामना एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी से होगा।

### निशानेबाज परोक्ष रूप से खुद पर दबाव डालते हैं : रुद्रांक्ष

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का मानना है कि देश के निशानेबाजों को ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने से रोकने वाले मुख्य कारकों में से एक इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पूर्व उनका स्वयं पर परोक्ष रूप से बनाया दबाव है जो प्रतियोगिता के दौरान उनके धैर्य को भंग करता है। पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष को लगता है कि वह ओलंपिक स्वर्ण जीतने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाने सहित कई सामूहिक कारकों के कारण पिछले साल ओलंपिक चयन ट्रायल के दौरान उनका प्रदर्शन खराब रहा जिससे पेरिस जाने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं।

### कोई विदेशी खिलाड़ी नहीं छोड़ रहा प्रतियोगिता

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को दावा किया कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते सीमा पार तनाव के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ शामिल हैं।

**चेन्नई ने कोलकाता के प्ले ऑफ में जाने की राह की मुश्किल**

# नूर और ब्रेविस ने चेन्नई को कोलकाता पर दो विकेट की रोमांचक जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

नूर अहमद की फिरकी के जादू के बाद डेवाल्ड ब्रेविस के तूफानी अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियर प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर मेजबान टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह बेहद मुश्किल कर दी।

इस जीत के साथ सुपरकिंग्स ने लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा दिया लेकिन टीम अब भी 12 मैच में छह अंक के साथ अंतिम पायदान पर है। नाइट राइडर्स की टीम 12 मैच में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है और अधिकतम 15 अंक जुटा सकती है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (48), आंद्रे रसेल (38) और मनीष पांडे (नाबाद 36) की पारियों से नाइट राइट राइडर्स ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में सुपरकिंग्स ने 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की।



### कोलकाता की ओर से अरोड़ा ने लिए तीन विकेट

रहाणे ने 33 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रसेल ने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 21 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और चार चौके मारे। नाइट राइडर्स की ओर से वैभव अरोड़ा ने 48 रन देकर तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने क्रमशः 18 और 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

### नूर रहे सबसे सफल बॉलर

इससे पहले सुपरकिंग्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नूर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 37 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। आयुश म्हात्रे (00) ने अरोड़ा की पारी की दूसरी ही गेंद पर हर्षित आणा को कैच थमाया।

### अश्विन चौथे नंबर पर आए

पदार्पण कर रहे उर्विल पटेल (31, 11 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अरोड़ा पर छक्के से खाता खोला और फिर अगले ओवर में मोईन अली की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा। मोईन ने हालांकि सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (00) को बोल्ड कर दिया। सुपरकिंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा।

### चेन्नई का पावर प्ले में स्कोर 5 विकेट पर 62 रन था

चक्रवर्ती ने इसके बाद जडेजा (19) को बोल्ड किया जिससे सुपरकिंग्स स्कोर पावर प्ले में पांच विकेट पर 62 रन रहा। डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने सुनील नारायण के पहले ओवर में चौके मारे। ब्रेविस ने नारायण पर छक्का जड़ा। ब्रेविस ने 11वें ओवर में अरोड़ा को निशाना बनाते हुए तीन छक्कों और तीन चौकों से 30 रन जोड़कर 22 गेंद में अपना पहला आईपीएल अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

## भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल्स में



एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें बुधवार को विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए। कंपाउंड तीरंदाजों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक में शामिल रिकर्व वर्ग में निराशा हाथ लगी।

धीरज बोम्मादेवरा ही शीर्ष दस में जगह बना सके जबकि बाकी का क्वीफाइंग दौर में स्कोर खराब रहा । भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239 . 232 से हराया । इसके बाद डेनमार्क को 232 . 231 से मात दी ।

### महिला कंपाउंड में भारत का मुकाबला मैक्सिको से होगा

महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया । इसके बाद ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उसका सामना मैक्सिको से होगा ।

**धर्मशाला हवाई अड्डा बंद!**

## ऑपरेशन सिंदूर से आईपीएल टीमों की यात्रा होगी प्रभावित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/धर्मशाला

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है जिन्हें वहां खेलना है और बीसीसीआई इस अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है। धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है । इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है। मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है । तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शाम के मैच में 'फ्लडलाइट्स' का प्रयोग सुरक्षा मुद्दा है और इसका असर इस बात पर पड़ सकता है कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार होगा या नहीं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने बताया, "हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से कल के मैच को रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। " रविवार का मुकाबला अभी 'लॉजिस्टिक' चुनौती है क्योंकि एयरपोर्ट के अनिश्चितकालीन बंद होने के कारण मुंबई इंडियंस यात्रा करने की स्थिति में नहीं है। पता चला है कि बीसीसीआई मैच को मुंबई में स्थानांतरित करने के विकल्प पर विचार कर रहा है।

### स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने कहा, "हमें अभी तक स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया है। हम बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। " धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है । पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे । दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आयेंगे जिन्हें रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है । बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा ," इस समय सब कुछ अनिश्चित है ।

## मुशीर, म्हात्रे, शेडगे और रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग में अच्छे दाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे , सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग के तीसरे सत्र के लिये प्रारंभिक दौर की नीलामी में अच्छे दाम मिले हैं। यह लीग 26 मई से आठ जून तक खेली जायेगी। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिये खेल रहे 20 वर्ष के मुशीर को आर्क्स अंधेरी ने 15 लाख रूपये में खरीदा। मुंबई के लिये इस साल रणजी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये पदार्पण किया । उसे ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट ने 14 . 75 लाख रूपये में खरीदा ।

### शेडगे 13.75 लाख में खरीदा गया

शेडगे को भी इसी टीम ने 13 . 75 लाख रूपये में खरीदा । भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव इस टीम के आइकन खिलाड़ी हैं । केकेआर के लिये खेलने वाले रघुवंशी को सोबो मुंबई फाल्कंस ने 14 लाख रूपये में खरीदा । वहीं तनुष कोटियान को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 10 लाख रूपये में खरीदा ।

**त्रिकोणीय मुकाबले के फाइनल में होगा श्रीलंका से सामना**

## रौड्रिग्स का शतक, भारतीय महिला टीम 23 रन से जीतकर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

जेमिमा रौड्रिग्स की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 123 रन की पारी तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (51 रन) और दीप्ति शर्मा (93 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना श्रीलंका से होगा।

चौबीस वर्ष की रौड्रिग्स की 15 चौकों और एक छक्के जड़ित 101 गेंद की पारी से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर अपनी तेज गेंदबाज अमनजोत कौर (59 रन देकर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (57 रन देकर दो विकेट) की मदद से दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 314 रन ही बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनेरी डर्कसेन की 81 रन और कप्तान क्लो ट्रायोन की 67 रन की पारी भी काम नहीं आ सकी। भारत ने रॉउड रॉबिन चरण का अंत चार मैच में छह अंक के साथ समाप्त किया। श्रीलंका के तीन मैच में चार अंक हैं और शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर वह दो अंक और हासिल कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका लगातार तीन मैच गंवाकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि उसे अभी श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेलना है। इससे पहले रौड्रिग्स ने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिये 99 गेंद में 88 रन की साझेदारी की । इसके बाद दीप्ति के साथ 115 गेंद में 122 रन जोड़े ।



**अंक तालिका में पंजाब तीसरे और दिल्ली पांचवें स्थान पर**

# दिल्ली के लिए आज 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी । पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है । पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी।



**दिल्ली के शीर्ष बल्लेबाजों ने किया निराश :** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया । उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी । पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये ।

### पोरेल अच्छी शुरुआत का लाभ नहीं ले पा रहे

दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए । अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं ।वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं । अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे ।

### दिल्ली की बल्लेबाजी में अभी गहराई

दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है । ट्रिस्टन स्टब्स , विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है । यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था ।

### पंजाब तालिका में तीसरे स्थान पर

दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 11 में से सिर्फ तीन मैच गंवाये हैं और तालिका में तीसरे स्थान पर है । दिल्ली की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है जबकि पंजाब के सलामी बल्लेबाजों ने उसे हमेशा शानदार शुरूआत दी है । प्रभसिमरन सिंह अभी तक 437 रन बना चुके हैं ।

खेलो इंडिया गेम्स की मेडल तालिका में प्रथम तीन में पंहुचा मध्य प्रदेश

# मप्र ने 6 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 11 पदक अपने नाम किए

अब तक प्रदेश के खिलाड़ी 8 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 14 पदक कर चुके हैं अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पटना में चल रहे खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में प्रदेश के 18 खेलों में 176 खिलाड़ी और 53 सपोर्ट स्टॉफ सहित कुल 229 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता बिहार में पटना, राजगीर, भागलपुर,नई दिल्ली, गया में आयोजित हो रही है। बुधवार को मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने 6 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 11 पदक अपने नाम किए।

अब तक मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 14 पदक आर्जित किए हैं, इससे प्रदेश मेडल टैली में तीसरे स्थान पर आ गया है। मध्य प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों ने मलखंभ में अपना शानदार प्रदर्शन भी जारी रखते हुए आज 4 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक आपने नाम किया। आज खेले गए मुकाबले में मप्र के देवेन्द्र पाटीदार ने आल राउंड व्यक्तिगत बालक वर्ग में स्वर्ण, पोल मलखंभ व्यक्तिगत बालक वर्ग में स्वर्ण, हैंगिंग मलखंब व्यक्तिगत बालक वर्ग में स्वर्ण और रोप मलखंब व्यक्तिगत बालक वर्ग में रजत पदक सहित कुल 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किया। वहीं आल राउंड व्यक्तिगत बालक वर्ग में मध्य प्रदेश के यतिन कोरी ने रजत पदक आपने नाम किया। इसके साथ ही मलखंभ में ही ऑलराउंड व्यक्तिगत बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश की सिद्धि गुप्ता ने अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देते हुए स्वर्ण पदक आपने नाम किया। मलखंभ के पोल मलखंभ व्यक्तिगत बालक वर्ग मुकाबले में मध्य प्रदेश के यतिन कोरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।



### खेल मंत्री सारंग और संचालक गुप्ता ने दी बधाई

*खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए बताया कि मलखंभ और शूटिंग खिलाडियों का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। खिलाडियों ने कड़ी मेहनत कर मध्य प्रदेश को सम्मान दिलाया है, पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई, आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं। वहीं, संचालक खेल और युवा कल्याण, श्री राकेश गुप्ता ने भी पदक विजेता खिलाडियों को बधाई दी है, मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने आज चौथे दिन ही स्वर्ण पदक के पिछले साल के प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन से नयी आशा जगी है, हमारे खिलाडियों ने एक बार फिर मलखंभ में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।*

### शूटिंग में सैयद आयन और पूनम रघुवंशी ने जीते गोल्ड





▸▸ *शूटिंग के मुकाबलों में शॉटगन ट्रैप व्यक्तिगत बालक वर्ग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सैयद आयन अली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक आपने नाम किया। वहीं, मध्य प्रदेश की पूनम रघुवंशी ने शॉटगन ट्रैप व्यक्तिगत बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक आर्जित किया।*

### मलखंब में देवेंद्र, सिद्धि ने स्वर्ण तो यतिन ने जीता रजत

मलखंब प्रतियोगिता व्यक्तिगत वर्ग में मप्र के देवेन्द्र पाटीदार ने स्वर्ण और यतिन कोरी ने रजत पदक अपने नाम किये। वहीं, ऑलराउंड व्यक्तिगत बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश की सिद्धि गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।







### गतका में मिला कांस्य पदक



फरी सोट्टी टीम प्रतियोगिता बालिका वर्ग – मध्य प्रदेश की मनप्रीत कौर, माहि पटेल और वैष्णवी शर्मा की टीम ने कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक अपने नाम किया।

### जूडो में नैंसी ने जीता सिल्वर मेडल



52 किलोग्राम व्यक्तिगत बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश की की नैंसी कुंडू ने रजत पदक अपने नाम किया।

जवाहर लाल नेहरु स्कूल के मैदान पर होंगे मुकाबले

# प्रथम स्व. जीएस पठानिया अंडर-15 बॉयज स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल के जवाहर लाल नेहरू स्कूल में कल 8 मई से प्रथम स्व. जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है।

प्रतियोगिता बीड़ीसीए से मान्यता प्राप्त है। इस प्रतियोगिता के बारे मे जानकारी देते हुए आयोजन सचिव अभय गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता मे कुल 16 टीम भाग ले रही हैं, जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। यह प्रतियोगिता लीग कम नाकआउट पद्धति पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता मे 50-50 ओवर के मैच खेले जाएंगे।

यह प्रतियोगिता सफ़ेद यूनिफॉर्म और रेड बॉल से खेली जाएगी। प्रतियोगिता मे प्लेयर ऑफ़ द मैच के अलावा मेन ऑफ़ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के अलावा सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

**प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने वाली टीम टीम और उनके पूल**

**पूल ए**
- अंकुर अकादमी
- अकीरा अकादमी
- वी एस अकादमी
- कैप अकादमी

**पूल बी**
- एनसीसीसी
- उड़ान अकादमी
- क्रिकिंगडम अकादमी
- एसजीसीए

**पूल सी**
- अरेरा अकादमी
- गर्वित अकादमी
- सिलीपॉइंट
- आरसीसी

**पूल डी**
- रेलवे यूथ
- यूसीसीए
- एस अकादमी
- अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी

### अंडर-15 एवं अंडर-17 ज़िला स्तरीय बालक-बालिका कुश्ती के लिए चयन स्पर्धा 11 को

*भोपाल। आगामी-भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित होने वाली अंडर-15 एवं अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में मप्र के अंडर-15 एवं अंडर-17 के बालक-बालिका पहलवानों को शामिल कराने मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ 16 से 18 मई तक राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता खंडवा रोड (इंदौर) में आयोजित की जा रही है। उपरोक्त प्रतियोगिता में भोपाल ज़िले के पहलवानों की भागीदारी के लिए चयन स्पर्धा रविवार 11 मई को अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भोइपुरा में प्रातः 9 बजे आयोजित की गई है। चयन स्पर्धा में पहलवानों को आयु प्रमाणित किए जाने के लिए मूल प्रमाण पत्र जिनमें जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र आदि सांथ लाना अनिवार्य होगा। वजन वर्ग एवं आयु सीमा संलग्न पत्र अनुसार तय होगी। अधिक जानकारी के लिए कोच शाकिर नूर, मो. नं. 930 2476568, फातिमा बानो, मो. नं. 8349 512025, अब्दुल उमेर मो.न.7987936691 पर संपर्क किया जा सकता है।*

**कार ड्राईवर की आवश्यकता है**

**भोपाल में मीडिया समूह में 2 (दो) कार ड्राईवरों की आवश्यकता है। अपने ड्राईविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें।**

पता : हरिभूमि कार्यालय, बी-ब्लॉक, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)

**मो. नं. 9303508298**




आधार आधारित EMI | हायपोथेकेशन नहीं

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Indore. #Cash Bonus Offer Valid on XTREME 125R. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), सॉंई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930